जबलपुर
शुक्रवार 17 जुलाई 2026

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



हरियाणा सरकार



**विकसित भारत – विकसित हरियाणा**

# श्री नरेन्द्र मोदी

**प्रधानमंत्री**

के कर–कमलों द्वारा

## जींद और सोनीपत के बीच भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का शुभारंभ

- पूर्णतः स्वदेशी और हाइड्रोजन फ्यूल सेल तकनीक पर आधारित, जिसमें हाइड्रोजन और हवा से प्राप्त ऑक्सीजन से बनी बिजली से ट्रेन चलती है और केवल जल वाष्प उत्सर्जित होता है
- 3,200 हार्सपावर के साथ दुनिया की सबसे शक्तिशाली हाइड्रोजन ट्रेन
- 10 कोचों के साथ यह दुनिया की सबसे लंबी हाइड्रोजन ट्रेन
- 2,600 यात्रियों की क्षमता के साथ दुनिया की सबसे अधिक यात्री क्षमता वाली हाइड्रोजन ट्रेन

इसके सहित

## लगभग ₹15,000 करोड़ की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास

**गरिमामयी उपस्थिति**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **प्रो. असीम कुमार घोष**<br>राज्यपाल, हरियाणा | **श्री नायब सिंह सैनी**<br>मुख्यमंत्री, हरियाणा | **श्री नितिन जयराम गडकरी**<br>केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री | **श्री अश्विनी वैष्णव**<br>केन्द्रीय रेल मंत्री |

**दिनांक - 17 जुलाई, 2026 । समय - प्रातः 9 बजे**
**स्थान - एच.एस.वी.पी. ग्राउंड, सेक्टर-9, जींद, हरियाणा**

DD NEWS डी.डी. न्यूज़ पर होगा सीधा प्रसारण

**दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेस-वे** (लागत - लगभग ₹9700 करोड़)
- दिल्ली से कटरा तक का सफर हुआ आसान, अब 14 घंटे की बजाय लगेंगे सिर्फ 6 घंटे
- हरियाणा के झज्जर-सोनीपत-जींद-कैथल जिले एक्सप्रेस-वे से जुड़े

**अम्बाला-काला अम्ब राष्ट्रीय राजमार्ग** (लागत - लगभग ₹1200 करोड़)
- हरियाणा और हिमाचल प्रदेश के बीच संपर्क होगा मजबूत
- उद्योगों का परिवहन समय और लॉजिस्टिक लागत में आएगी कमी
- आमजन को सुरक्षित आवागमन की सुविधा, व्यापार को मिलेगी नई गति

**पंडित नेकी राम शर्मा राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय** (लागत - लगभग ₹600 करोड़)
- भिवानी जिला अस्पताल अपग्रेड होकर बना मेडिकल कॉलेज
- अस्पताल में 630 बिस्तरों की सुविधा
- 100 एमबीबीएस सीटों पर दाखिले उपरांत पढ़ाई हुई शुरू

**जींद-गोहाना राष्ट्रीय राजमार्ग** (लागत - लगभग ₹1600 करोड़)
- जींद से गोहाना की यात्रा 2 घंटे से घटकर हुई केवल 40 मिनट
- किसानों को कृषि उपज मंडियों तक पहुंचाने में होगी सुविधा
- रोहतक-पानीपत-दिल्ली एनसीआर से बेहतर संपर्क

**कुरुक्षेत्र एलिवेटेड रेलवे ट्रैक** (लागत - लगभग ₹400 करोड़)
- सुगम यातायात की सुविधा
- घनी आबादी में स्थित पांच रेलवे फाटक हुए समाप्त
- जाम से परेशान जनता को मिली राहत

**महर्षि च्यवन मेडिकल कॉलेज** (लागत - लगभग ₹900 करोड़)
- 650 बिस्तर वाले अस्पताल से इलाज क्षमता में वृद्धि
- 100 एमबीबीएस सीटों पर दाखिले
- मरीजों के लिए ओपीडी सुविधा शुरू

**सिख संग्रहालय, कुरुक्षेत्र** (लागत - लगभग ₹160 करोड़)
- सिख गुरुओं की विरासत, जीवन और सांस्कृतिक महत्व से युवा पीढ़ी को प्रेरणा

**हांसी-बरवाला राष्ट्रीय राजमार्ग** (लागत - लगभग ₹140 करोड़)
- हिसार और पंचकूला क्षेत्र के बीच सड़क संपर्क होगा बेहतर
- कृषि उत्पादन एवं स्थानीय माल ढुलाई का कार्य होगा किफायती
- स्थानीय रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को मिलेगा बढ़ावा

**आप सादर आमंत्रित हैं**



सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

जबलपुर

शुक्रवार 17 जुलाई 2026
- आषाढ़ मास 'शुक्ल पक्ष-3
- वर्ष : 21, अंक : 76
- पृष्ठ : 2+6+6=14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 30
न्यून. 24

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और प्रत्याशी कुंवर घनश्याम सिंह से 'हरिभूमि व आईएनएच' के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी की खास बातचीत

**उनसे सवाल था**
आपका दावा है कि नरोत्तम अच्छे संगठक हैं तो ढाई साल पहले हार क्यों गए?


# उनका जवाब-उनमें बहुत अहंकार आ गया था, वे अपने राजनैतिक 'विरोधियों' को व्यक्तिगत दुश्मन मान बैठे थे, अब जो सामने हैं वे उस पर भी हमला करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दतिया उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी घनश्याम सिंह का कहना है कि मेरी शराफत ही तो भाजपा पर भारी पड़ रही है। मैं शरीफ हूं लेकिन कमजोर नहीं हूं अंदर से बहुत मजबूत हूं। बहुत स्ट्रांग हूं। कोई मुझ पर अनुचित वार करेगा तो उसका मैं उचित राजनैतिक वार देना जानता हूं। मैंने कई बार इस मामले में अपनी ताकत दिखाई भी है। मैं जल्दी किसी के दबाव में नहीं आता। नरोत्तम अपनी राजनैतिक गलतियों के कारण हारे। वे लंबे समय से सत्ता में थे, मंत्री थे उनको बहुत अहंकार आ गया था। उन्होंने राजनैतिक विरोधियों को व्यक्तिगत दुश्मन मानते हुए परेशान किया। मेरे साथ भी हुआ, मैंने मुकाबला कर लिया। राजनैतिक रूप से अब वो सामने नहीं हैं। अब जो सामने हैं उस पर हमला करेंगे। अब जनता मेरे साथ है। हमारे कार्यकर्ता घूम रहे हैं। हमारे कार्यकर्ता कम से कम दो बार प्रत्येक पोलिंग पर हो आए हैं। वरिष्ठ नेताओं ने कमान संभाली हुई है। पिछले 10 दिन से 50 वरिष्ठ नेता दतिया में हैं। गांव-गांव में सेक्टर बना दिए गए हैं। तीन पोलिंग का एक सेक्टर है। एक सेक्टर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री, वर्तमान विधायक और वर्तमान जिलाध्यक्ष दो बार घर हो आए हैं। चुनाव होगा तब तक 10 बार घर जा चुके होंगे। दतिया

दतिया का दम

**यह भी बोले घनश्याम सिंह**
- 90 प्रतिशत वोटरों ने आशुतोष तिवारी का कभी नाम ही नहीं सुना, वे बाहरी हैं
- अवधेश नायक आज भी पार्टी के साथ हैं और पार्टी उनके साथ है
- भाजपा के खिलाफ इनकंबेंसी है, हर वर्ग के लोग उनके खिलाफ




विधानसभा उप चुनाव में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रत्याशी वरिष्ठ नेता और दतिया राजघराने के कुंवर घनश्याम सिंह जो पहले भी दो बार दतिया क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं से डॉ. हिमांशु द्विवेदी की खास बातचीत।

## उनसे सीधी बातचीत

**प्रश्नः एक बार फिर दतिया क्यों?**

**उत्तरः** उप चुनाव आ गया। पार्टी को उम्मीदवार चाहिए था। मैं विगत 12-13 वर्षों से सेवढ़ा क्षेत्र में काम कर रहा था। इसलिए, दतिया में मैं चुनाव लड़ने का इच्छुक नहीं था, लेकिन पार्टी के नेताओं ने आग्रह किया आप चुनाव लड़े। पार्टी के आग्रह पर दतिया विधानसभा उप चुनाव में उम्मीदवार के तौर पर हूं।


**प्रश्नः जिनकी चुनाव लड़ने की इच्छा थी उनको छोड़कर पार्टी ने जिनकी इच्छा नहीं थी, उनको चुन लिया ऐसा क्यों?**

**उत्तरः** पार्टी ने देखा कि सबसे ताकतवर उम्मीदवार मैं ही हूं। पार्टी ने जनता और कार्यकर्ताओं में सर्वे कराया। सबने कहा इनको आप टिकट दीजिए। सबसे ताकतवर मैं ही था इसलिए पार्टी ने मुझे चुना। हालांकि, नरोत्तम मिश्रा होते तो वास्तव में टफ फाइट होती, चुनौतीपूर्ण फाइट होती, अच्छा मुकाबला होता, मजा भी आता। वो ताकतवर थे, अब वे मैदान में नहीं है तो मेरी लिए ये चुनाव जीतना आसान है।

## खबर संक्षेप

### जैन मंदिर में चोरी के आरोप में पुजारी गिरफ्तार

**सीहोर।** खजांची लाइन स्थित पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में लाखों की चोरी के आरोप में



पुलिस ने मंदिर के पुजारी कपिल जैन को गिरफ्तार किया है। आरोपी पिछले तीन वर्षों से मंदिर में पूजा-पाठ कर रहा था। मंदिर के अध्यक्ष अजय कुमार जैन की शिकायत पर पुलिस ने पुजारी के कब्जे से चोरी गया करीब 8 लाख का सामान बरामद किया है। इसमें 50 ग्राम सोने का छत्र व 500 ग्राम वजनी चांदी की थाली शामिल है।

### ई20 से वाहन खराब देना होगी नई कार

**रायपुर।** रायपुर जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने वाहन निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी



इंडिया लिमिटेड और उसके डीलर को एक ग्राहक की ग्रैंड विटारा स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड कार को बदलकर उसी मॉडल का नया ई20-कंपैटिबल (अनुकूल) वाहन देने का कड़ा आदेश जारी किया है। उपभोक्ता आयोग ने इस मामले में कंपनी और डीलर दोनों को 'सेवा में कमी' और 'अनुचित व्यापार व्यवहार' का दोषी माना है।

### नीटः आंसर-शीट देख छात्रा ने की आत्महत्या

**फरीदाबाद।** हरियाणा के फरीदाबाद की एसआरएस रॉयल



हिल्स सोसाइटी में गुरुवार को 20 वर्षीय छात्रा ने इमारत की छत से कूदकर आत्महत्या कर ली। भूपानी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। परिजनों के अनुसार, दानविटा ने नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर ली थी, लेकिन दो दिन पहले ऑनलाइन जारी हुई आंसर-शीट को चेक करने पर उसे मनमुताबिक अंक नहीं मिले।

गगनयान समेत राष्ट्रीय महत्व के मिशनों से जुड़े वैज्ञानिकों के बढ़ते इस्तीफों से सरकार चिंतित

# 100 से अधिक वैज्ञानिकों के इस्तीफों से हिला इसरो, सरकार ने वीआरएस रोका

अब इसरो के ऐसे वैज्ञानिकों के इस्तीफे और वीआरएस पर अंतिम फैसला सीधे अंतरिक्ष विभाग करेगा, ताकि अहम अंतरिक्ष परियोजनाओं की रफ्तार प्रभावित न हो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गगनयान मिशन समेत भारत के कई अहम स्पेस प्रोजेक्ट के बीच इसरो में 100 से ज्यादा वैज्ञानिकों के लगातार इस्तीफों और वीआरएस ने सरकार की चिंता बढ़ा दी है। इसी को देखते हुए अंतरिक्ष विभाग ने नया निर्देश जारी कर दिया है। अब गगनयान और अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाओं से जुड़े वैज्ञानिकों के इस्तीफे या स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) को सामान्य प्रक्रिया के तहत मंजूरी नहीं दी जाएगी।

हर मामले में अंतिम फैसला अंतरिक्ष विभाग करेगा। 14 जुलाई को यूआर राव सैटेलाइट सेंटर और विक्रम साराभाई स्पेस सेंटर जैसे केंद्रों को जारी किए गए मेमोरेंडम में निर्देश दिया गया कि वे 'ग्रुप ए' के वैज्ञानिक और तकनीकी कर्मचारियों के इस्तीफे या स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के अनुरोधों को सामान्य प्रक्रिया के तहत स्वीकार न करें। ऐसे सभी मामलों को संबंधित केंद्र के निदेशक की सिफारिश के साथ अंतरिक्ष विभाग भेजा जाएगा, जहां अंतिम निर्णय लिया जाएगा। दरअसल ये कर्मचारी भारत के प्रतिष्ठित मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम 'गगनयान' और अन्य 'महत्वपूर्ण मिशनों' से जुड़े हैं।

**ज्यादातर वैज्ञानिक स्पेस स्टार्टअप में शामिल हो गए**




एआई इमेज

**इसरो को अपने मिशनों में भी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा**

**केवल प्रशासनिक सख्ती लगाने से समस्या पूरी तरह हल नहीं होगी**

### निजी स्पेस कंपनियां बन रहीं नई पसंद

2020 में अंतरिक्ष क्षेत्र को निजी कंपनियों के लिए खोलने और 2023 की भारतीय अंतरिक्ष नीति के बाद पिक्सेल, ध्रुव स्पेस, स्काईरूट एयरोस्पेस, अग्निकुल कॉसमॉस और बेलाट्रिक्स एयरोस्पेस जैसी कंपनियां तेजी से उभरी हैं, जिससे वैज्ञानिकों के लिए नए अवसर बढ़े हैं।

### हालिया मिशनों को भी झटके

वैज्ञानिकों के इस्तीफों के बीच इसरो को अपने मिशनों में भी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। संगठन का भरोसेमंद पीएसएलवी रॉकेट पिछले एक वर्ष में लगातार दो मिशनों में अपेक्षित सफलता हासिल नहीं कर सका। जनवरी में पीएसएलवी-सी 62 मिशन निर्धारित मार्ग से भटक गया, जबकि पिछले वर्ष पीएसएलवी-सी 61/ईओएस-09 मिशन भी तीसरे चरण में तकनीकी खराबी के कारण सफल नहीं हो पाया।

### आगे कई बड़े मिशनों की जिम्मेदारी

इन चुनौतियों के बावजूद इसरो के सामने आने वाले वर्षों में कई महत्वाकांक्षी परियोजनाएं हैं। इनमें गगनयान, चंद्रयान-4, भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन और मंगलयान-2 जैसे मिशन शामिल हैं। इन परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए अनुभवी वैज्ञानिकों की भूमिका बेहद अहम मानी जा रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि केवल इस्तीफों पर प्रशासनिक सख्ती लगाने से समस्या पूरी तरह हल नहीं होगी। यदि इसरो को अपने अनुभवी वैज्ञानिकों को लंबे समय तक संगठन में बनाए रखना है, तो बेहतर करियर ग्रोथ, प्रतिस्पर्धी वेतन, आधुनिक शोध सुविधाएं और निजी क्षेत्र के बराबर अवसर उपलब्ध कराने पर भी ध्यान देना होगा। फिलहाल सरकार का नया फैसला इस बात का संकेत है कि राष्ट्रीय महत्व के अंतरिक्ष मिशनों में अनुभवी वैज्ञानिकों को बनाए रखना उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता बन गया है।

सुप्रीम कोर्ट का स्पष्ट निर्देश

# 70 वर्ष से अधिक उम्र और बीमार कैदियों की रिहाई को राज्य 3 महीने में बनाएं नीति



रिहाई के आवेदन ई-प्रिजन्स पोर्टल के माध्यम से संसाधित किए जाएं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को निर्देश देते हुए कहा कि 70 वर्ष से अधिक उम्र, लाइलाज बीमारी, गंभीर बीमारी या शारीरिक रूप से अक्षम कैदियों की मानवीय आधार पर समय से पहले रिहाई के लिए तीन महीने के भीतर एक स्पष्ट नीति तैयार की जाए। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने यह आदेश राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (एनएएलएसए) की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया। याचिका में देशभर में ऐसे कैदियों की दयापूर्ण रिहाई के लिए एक समान दिशा-निर्देश बनाने की मांग की गई थी। याचिका में कहा गया था कि जेलों में बुजुर्ग और शारीरिक रूप से कमजोर कैदियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। कई कैदी गंभीर बीमारियों से जूझ रहे हैं, लेकिन उन्हें पर्याप्त स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। ऐसे कैदियों को जेल में बनाए रखना संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) और अनुच्छेद 21 (जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार) का उल्लंघन है। यह अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार मानकों के भी अनुरूप नहीं है।

### पोर्टल पर अलर्ट सिस्टम और डेडलाइन मॉनिटरिंग की सुविधा हो

सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि पोर्टल में समय-सीमा का पालन सुनिश्चित करने के लिए अलर्ट सिस्टम और डेडलाइन मॉनिटरिंग की सुविधा होनी चाहिए। साथ ही यह पोर्टल अनुपालन रिपोर्ट तैयार कर सके और राज्य सरकारों, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरणों तथा अन्य सक्षम अधिकारियों को निगरानी की सुविधा दे। अदालत ने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि कैदियों की चिकित्सकीय और व्यक्तिगत जानकारी पूरी तरह सुरक्षित रहे। इन निर्देशों को लागू करने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार के कानून एवं न्याय मंत्रालय, गृह मंत्रालय और राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को तकनीकी सहायता, डिजिटल ढांचा, सॉफ्टवेयर सहयोग।

बालाघाट में भीषण सड़क हादसा

## सीमेंट से भरे बेकाबू ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, तीन की मौत



**तीनों मृतक भरवेली माइंस के कर्मचारी व मजदूर थे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालाघाट

जिले के भरवेली थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। ग्राम मानेगांव के पास बुधवार देर शाम एक तेज रफ्तार और सीमेंट से भरे अनियंत्रित ट्रक ने सामने से आ रही मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि बाइक चला रहे युवक गोविंद मर्सकोले (41) को ट्रक करीब 50 मीटर तक घसीटता ले गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल दो अन्य युवकों प्रकाश चौरे (42) और धानेश्वर मर्सकोले (23) ने अस्पताल ले जाते समय और इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

फिर दिखी सिस्टम की संवेदनहीनता

## भिंड में कार में बंधक बनाकर युवती से गैंगरेप, 3 पर आरोप



**पीड़िता को मेडिकल के लिए 7 घंटे तड़पाया गया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिंड

प्रदेश के भिंड जिले के सुरपुरा थाना क्षेत्र में एक 29 वर्षीय युवती को कार में बंधक बनाकर गैंगरेप करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है कि बुधवार शाम जब युवती मंदिर के रास्ते से गुजर रही थी, तभी नावली गांव के सुमित यादव ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर उसका रास्ता रोका और उसे जबरन सफेद रंग की कार में खींच लिया। आरोपी उसे बीहड़ के सुनसान इलाके में ले गए, जहां तीनों ने बारी-बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया।

## कटनी में देश की सबसे बड़ी जल सुरंग तैयार




### सीएम डॉ. यादव आज करेंगे निरीक्षण

**कटनी।** मध्यप्रदेश के सिंचाई इतिहास की सबसे महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में शामिल स्लीमनाबाद जल-सुरंग अब पूर्णता के अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। सीएम डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को कटनी जिले में देश की सबसे लंबी और तकनीकी रूप से सबसे जटिल जल-सुरंग का निरीक्षण करेंगे। लगभग 12 किलोमीटर लंबी यह सुरंग विंध्य पर्वतमाला के भीतर से नर्मदा के जल को गुरुत्वाकर्षण के आधार पर सोन नदी के कछार तक पहुंचाने वाली देश की अनूठी इंजीनियरिंग उपलब्धि है।

फोन पर बात करते-करते थम गईं सांसें

रात को टहल रहे थे, अचानक गिर पड़े

## छिंदवाड़ा भाजपा पार्षद लोकेश डेहरिया की हार्ट अटैक से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



लोकेश डेहरिया

छिंदवाड़ा नगर निगम के भाजपा पार्षद एवं भाजपा अनुसूचित जाति (एससी) मोर्चा के जिलाध्यक्ष लोकेश डेहरिया (48) का बुधवार रात अचानक हृदय गति रुकने से निधन हो गया। उनकी असामयिक मौत ने पूरे शहर को स्तब्ध कर दिया। घटना के समय वे कॉलोनी में टहलते हुए मोबाइल फोन पर बातचीत कर रहे थे। तभी उन्हें अचानक सीने में तेज दर्द हुआ और वे एक झटके में सड़क पर गिर पड़े। कुछ ही पलों में उनकी सांसें थम गईं। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। वे रोज की तरह रात करीब 10 बजे भोजन के बाद टहलने निकले थे।



सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा... अटैक आने के बाद जमीन पर गिरे


बागेश्वर धाम पर सपा का बड़ा हमलाः भाई से संबंध न होने के दावों पर उठाए सवाल

गोलीकांड से जुड़े सभी आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

- सपा नेता डॉ. यादव ने सभी रजिस्ट्रियों के दस्तावेज मौजूद होने का किया दावा
- गोलीकांड के आरोपी को वीआईपी ट्रीटमेंट देने का आरोप

## 350 एकड़ जमीन और ट्रस्ट की संपत्तियां धीरेंद्र शास्त्री के भाई शालिग्राम के ही नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



शालिग्राम गर्ग

समाजवादी पार्टी के मध्य प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनोज यादव ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बागेश्वर धाम और पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के परिवार पर तीखा हमला बोला है। सपा का दावा है कि बागेश्वर धाम से जुड़ी लगभग 350 एकड़ जमीन, अचल संपत्तियां और मुंबई स्थित एक ट्रस्ट की संपत्तियां धीरेंद्र शास्त्री के भाई शालिग्राम गर्ग के नाम पर दर्ज हैं। डॉ. यादव ने कहा कि उनके पास इन सभी रजिस्ट्रियों के दस्तावेज मौजूद हैं। उन्होंने धीरेंद्र शास्त्री के उस बयान पर भी सवाल उठाया जिसमें उन्होंने भाई से दो साल से कोई संबंध न होने की बात कही थी। सपा ने पूछा कि यदि संबंध नहीं हैं, तो संपत्तियां उनके नाम कैसे ट्रांसफर हो रही हैं? छतरपुर गोलीकांड में शालिग्राम गर्ग की गिरफ्तारी को लेकर समाजवादी पार्टी ने स्थानीय पुलिस और प्रशासन को आड़े हाथों लिया है।



### अभी भी कुछ आरोपी फरार

सपा ने आरोप लगाया कि पीड़ित पक्ष की शिकायत पहले ही पुलिस के पास पहुंच गई थी, लेकिन समय पर कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद आरोपियों ने गांव पहुंचकर मारपीट की और गोलीबारी की। पार्टी ने दावा किया कि इस मामले में अभी भी कुछ आरोपी फरार हैं।

### सपा का प्रशासन को 48 घंटे का अल्टीमेटम

इस मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए समाजवादी पार्टी ने पुलिस प्रशासन को फरार आरोपियों की धरपकड़ के लिए 48 घंटे का समय दिया है। डॉ. मनोज यादव ने चेतावनी दी है कि यदि तय समय सीमा के भीतर सभी आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया।

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

# पुरी में जगन्नाथ रथ यात्रा



तू न संभाले तो हमें कौन संभाले **जगन्नाथ**





घायलों को ले जाती एंबुलेंस

- भारी भीड़ के बीच दो श्रद्धालुओं की मौत
- कई अन्य श्रद्धालु बेहोश और घायल हुए

श्रद्धालुओं की भारी भीड़

## आस्था का अटूट सैलाब

**एजेंसीः पुरी।** तू न संभाले तो हमें कौन संभाले जगन्नाथ... महाप्रभु के रथ के विशाल पहियों के सामने खड़े होकर आंखों में आंसू लिए जब एक बुजुर्ग श्रद्धालु ने यह गुहार लगाई, तो वहां मौजूद हर शख्स का दिल भर आया। यह केवल एक पंक्ति नहीं, बल्कि उस परम सत्ता के प्रति उस अटूट समर्पण की गूंज है, जो हर संकट से उबारने का हौसला देती है। पुरी की प्रसिद्ध रथ यात्रा के दौरान इस बार श्रद्धा, उत्साह और एक अप्रत्याशित हादसे का मिला-जुला रूप देखने को मिला। ग्रैंड रोड (बड़ा डंडा) पर उमड़े लाखों श्रद्धालुओं के हुजूम के बीच दो परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा, जब भीड़ के दबाव में दो श्रद्धालुओं को अपनी जान गंवानी पड़ी। लेकिन इस दुखद घड़ी में भी, महाप्रभु जगन्नाथ के प्रति भक्तों का विश्वास डगमगाया नहीं है। रथयात्रा के दौरान भगदड़ जैसे हालत हो गए। जिसमें कई लोग घायल हो गए। हालांकि, प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह हादसा किसी भगदड़ की वजह से नहीं, बल्कि अत्यधिक भीड़ के कारण दम घुटने और अचानक तबीयत बिगड़ने से हुआ है।

### पुरी में सुरक्षा और निगरानी के पुख्ता इंतजाम

डीजीपी वाई बी खुरानिया के अनुसार सुरक्षा व्यवस्था को संभालने के लिए 19 आईपीएस अधिकारी और लगभग 13,000 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। सीआरपीएफ, बीएसएफ और आरएएफ जैसी केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की 15 कंपनियों को संवेदनशील स्थानों पर तैनात किया गया है। ड्रोन-जैमर सिस्टम से जुड़े कुल 473 एआई-आधारित कैमरे पूरे बड़ा डंडा क्षेत्र की निगरानी कर रहे हैं।

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### भारत में पहली बार शुरू होगा इंजी. बायोलॉजी



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार देश में पहली बार इंजीनियरिंग बायोलॉजी कोर्स शुरू करने जा रही है। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने नीति आयोग द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में घोषणा की। इस विशेष कोर्स का मुख्य उद्देश्य भविष्य की तकनीकी और औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरूप कुशल मानव संसाधन (एक्सपर्ट्स) तैयार करना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि आज चिकित्सा क्षेत्र तेजी से बदल रहा है, जिससे स्वास्थ्य सेक्टर में नई तकनीकों के विकास के लिए डॉक्टरों और इंजीनियरों का मिलकर काम करना जरूरी हो गया है।

### 34 करोड़ सब्सक्राइबर्स को मिला 8.25% का रिटर्न



**नई दिल्ली।** ईपीएफओ ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए करोड़ों कर्मचारियों के खातों में ब्याज क्रेडिट कर दिया है। लगभग 34 करोड़ सदस्यों के खातों में 15 जुलाई तक 8.25% की दर से ब्याज जमा कर दिया गया है। नई तकनीक 'सीआईटीईएस 2.01 प्रोजेक्ट' के लॉन्च होने से इस बार ट्रांसफर करने की प्रक्रिया काफी तेज रही। प्राइवेट सेक्टर के कर्मचारियों के लिए पीएफ एक बेहद जरूरी बचत माध्यम है।

### दोस्त को बचाने के प्रयास में छात्र जलाशय में डूबा



**अनूपपुर।** अमरकंटक स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विवि के बीबीए के छात्र आर्यन कुमार (19) की पोड़की जलाशय में डूबने से मौत हो गई। आर्यन अपने दो दोस्तों के साथ सामान खरीदने निकला था। इसी दौरान पैर फिसलने से उसका एक दोस्त ऋतुराज जलाशय के पानी में गिर गया। उसे डूबता देख आर्यन बिना अपनी परवाह किए पानी में कूद गया। उसने दोस्त को धक्का देकर सुरक्षित किनारे पर पहुंचा दिया, लेकिन खुद गहरे पानी में समा गया।

## दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित 'भारत टेक्स-2026'

*सीएम ने देश-विदेश के प्रमुख टैक्सटाइल निवेशकों, उद्योग प्रतिनिधियों और वैश्विक ब्रांड्स के साथ राउंड टेबल बैठक की*

# 20,193 करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले 27,592 से ज्यादा मिलेंगी 'नौकरियां'

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

*सीएम ने बताया कि प्रदेश सरकार ने डेढ़ साल में लगभग 5500 करोड़ रुपए की राशि उद्योगपतियों को सब्सिडी के रूप में दी*



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में गुरुवार 16 जुलाई को आयोजित 'भारत टेक्स-2026' में देश-विदेश के प्रमुख टैक्सटाइल निवेशकों, उद्योग प्रतिनिधियों और वैश्विक ब्रांड्स के साथ राउंड टेबल बैठक की। मध्यप्रदेश की निवेश-अनुकूल नीतियों, टैक्सटाइल क्षेत्र की अपार संभावनाओं और उद्योगों के लिए उपलब्ध सुविधाओं से निवेशकों को अवगत कराया। डॉ. यादव ने उद्योपतियों और निवेशकों को मध्यप्रदेश में अपना उद्योग स्थापित करने का आमंत्रण देते हुए कहा कि एक बार जो मध्यप्रदेश आता है, वहीं का होकर रह जाता है। केंद्रीय वस्त्र मंत्रालय के सहयोग से मध्यप्रदेश टैक्सटाइल और गारमेंट सेक्टर में उपलब्ध संसाधनों का बेहतर प्रबंधन करते हुए इस क्षेत्र में कपड़ा उत्पादन और रोजगार दोनों को बढ़ा रहा है। टैक्सटाइल इंडस्ट्री से राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। इस अवसर पर केंद्रीय टैक्टाइल मंत्री गिरिराज किशोर, प्रमुख टैक्टाइल उद्योग प्रतिनिधि, केंद्रीय वस्त्र मंत्रालय के अधिकारी तथा राज्य सरकार के अधिकारी उपस्थित थे। इस वन टू वन बातचीत में निवेशकों की ओर से 1592 करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले। इससे 15700 से ज्यादा 'नौकरियां' पैदा होंगी।

**डॉ. यादव ने निवेशकों को प्रदेश में उद्योग स्थापित करने के लिए किया आमंत्रित**



राउंडटेबल कॉन्फ्रेंस में सीएम

- *निवेशकों के साथ की वन-टू-वन और राउंड टेबल मीटिंग*
- *कहा, हमारे राज्य में आपके लिए सब कुछ उपलब्ध*

### केंद्र और वैश्विक ब्रांड्स के साथ चलने के लिए तैयार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि टैक्सटाइल का मामला राजा विक्रमादित्य के काल से जुड़ता है। मध्यप्रदेश केंद्र सरकार और वैश्विक ब्रांड्स के साथ चलने के लिए तैयार है। हमारे अधिकारियों निवेशकों को पॉलिसी जरूर बता दी, लेकिन यहां मौजूद उद्यमियों के पसीने में अनुभव की बहुत बड़ी पूंजी है। उद्योगपतियों के कथन राज्य सरकार को तेजी से और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धार जिले में देश के पहले पीएम मित्र पार्क की आधारशिला रखी है। इससे खेत से लेकर कारखाने और यहां से गारमेंट इंडस्ट्री और वैश्विक बाजार तक पहुंच आसान होगी।


### विश्व में सबसे सस्ती बिजली मप्र में

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने उद्योगपति और निवेशकों से किए अपने सभी वादे पूरे किए हैं। सभी सेक्टर्स में उद्योगपतियों और निवेशकों को सब्सिडी के रूप में उनके हक की राशि डीबीटी के माध्यम से ट्रांसफर की जा चुकी है। राज्य सरकार ने राशि देकर मई 2026 तक की सभी देनदारियां खत्म कर दी हैं। प्रदेश सरकार ने डेढ़ साल में लगभग 5500 करोड़ रुपए की राशि उद्योगपतियों को सब्सिडी के रूप में दी है। उन्होंने कहा कि बीते समय बिजली की नीलामी हुई थी। उसके आधार पर इस वक्त विश्व में सबसे सस्ती बिजली कहीं मिल रही है तो वो मध्यप्रदेश में। हमारे यहां पानी पर भी बिजली है और पानी से भी बिजली है। जिससे उद्योग संचालन आसान हो गया है।

## मां बगलामुखी मंदिर: 3 सदस्यीय जांच की रिपोर्ट

# 105 किग्रा सोना व 29 किग्रा चांदी सरकार अब अपने 'कब्जे' में लेगी

अशासकीय समिति का संचालन नियमों के अनुकूल नहीं पाया गया



**आगर मालवा**
विश्व प्रसिद्ध मां बगलामुखी मंदिर में दान संग्रह को लेकर पिछले कुछ समय से विवादों में रही अशासकीय समिति को लेकर प्रशासन ने बड़ा फैसला सुनाया है। आगर मालवा की कलेक्टर प्रीति यादव द्वारा गठित तीन सदस्यीय जांच दल ने अपनी विस्तृत रिपोर्ट सौंप दी है। जांच दल ने पाया कि समिति के कार्यों में किसी भी प्रकार की आर्थिक या वित्तीय गड़बड़ी नहीं हुई है। हालांकि, जांच में यह बात जरूर सामने आई कि मंदिर परिसर में इस तरह की अशासकीय समिति का संचालन नियमों के अनुकूल नहीं था। इसी वजह से प्रशासन ने इस समिति को मंदिर परिसर में आगे सक्रिय रहने की अनुमति नहीं देने का निर्णय लिया है। कलेक्टर प्रीति यादव ने बताया कि जांच दल ने समिति के बैंक खातों, लॉकर, दस्तावेजों और अभिलेखों की गहनता से जांच की थी और समिति के सदस्यों से भी पूछताछ की थी। जांच पूरी होने के बाद अब समिति की संपत्ति को सरकारी नियंत्रण में लिया जा रहा है। समिति के पास मौजूद 29 किलोग्राम चांदी और 105 ग्राम सोना अब मंदिर की शासकीय प्रबंध समिति के सुपुर्द किया जाएगा।

## राम मंदिर चढ़ावा चोरी प्रकरण

# 100 से अधिक कर्मचारियों की हो सकती है बर्खास्तगी

रडार पर कई निजी एजेंसियां और ट्रस्ट के कर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अयोध्या



अयोध्या के राम मंदिर से चढ़ावा चोरी होने के मामले में गठित एसआईटी की जांच की आंच अब कई सेवा प्रदाताओं और कर्मचारियों तक पहुंच गई है। जांच एजेंसी की रडार पर इस समय 100 से अधिक कर्मचारी और ट्रस्ट से जुड़े लोग हैं, जिन पर कभी भी बर्खास्तगी की गाज गिर सकती है। यदि पुलिस और एसआईटी की अंतिम रिपोर्ट में किसी की भी भूमिका संदिग्ध पाई गई, तो जेल भेजने सहित कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। मंदिर परिसर में सुरक्षा, साफ-सफाई और कार्यालय प्रबंधन के लिए विभिन्न निजी एजेंसियों के जरिए कर्मचारी तैनात हैं। जांच के दायरे में आए अधिकांश संदिग्ध कर्मी इन्हीं एजेंसियों से जुड़े हैं। इसके अलावा, ट्रस्ट द्वारा सीधे रखे गए बिजली, पानी और भोजन आपूर्ति विभाग के कर्मचारी भी जांच के दायरे में हैं।

## तिरुपति बालाजी: नई पॉलिसी लागू

# महज 24 घंटे के भीतर मंदिर को 96.98 करोड़ रु. का रिकॉर्ड दान

एजेंसी ▶▶ तिरुमला



विश्वप्रसिद्ध श्री वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में आस्था के साथ-साथ एक अनूठा रिकॉर्ड दर्ज किया गया है। यहां महज 24 घंटे के भीतर मंदिर को 96.98 करोड़ का रिकॉर्ड दान प्राप्त हुआ है। पहली नजर में यह श्रद्धालुओं की सामान्य आस्था का मामला लग सकता है, लेकिन इस बार इसके पीछे की असली वजह मंदिर प्रशासन की एक नई नीति है। दरअसल, तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) की नई डोनर पॉलिसी 15 जुलाई 2026 की आधी रात से लागू हो गई है। इस नई नीति के तहत दानदाताओं को मिलने वाली कई वीआईपी और विशेष सुविधाएं अब आजीवन नहीं रहेंगी, बल्कि उन्हें एक सीमित अवधि के लिए तय कर दिया गया है। यही कारण रहा कि हजारों श्रद्धालुओं ने नई पॉलिसी के लागू होने से ठीक पहले भारी-भरकम दान देकर पुराने नियमों के तहत मिलने वाले आजीवन लाभों को हमेशा के लिए सुरक्षित कर लिया।

*प्रधानमंत्री मोदी आज जींद-सोनीपत ट्रैक पर देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे*

# 10 कोच और 2600 से अधिक यात्री, लग्जरी सुविधाओं से लैस

140 किमी/ घंटा की गति, शून्य कार्बन उत्सर्जन



**एजेंसीः जींद।** हरियाणा के लिए 17 जुलाई का दिन ऐतिहासिक होने वाला है। पीएम मोदी इस दिन जींद-सोनीपत रेलवे ट्रैक पर देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। उद्घाटन के बाद लोग ट्रेन में यात्रा कर सकते हैं। यह दुनिया की सबसे लंबी हाइड्रोजन ट्रेन में 10 कोच हैं, एक बार में 2638 यात्री सफर कर सकते हैं। 110 से 140 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड से रफ्तार भरेगी। 1200 किलोवाट का हाइड्रोजन फ्यूल सेल सिस्टम है। डीजल की बजाए हाइड्रोजन से बिजली का उत्पादन होगा। कार्बन उत्सर्जन लगभग शून्य है।

### 75 पुनर्विकसित अमृत भारत रेलवे स्टेशनों का वर्चुअल लोकार्पण भी

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत जैसलमेर रेलवे स्टेशन को आधुनिक सुविधाओं से लैस कर पूरी तरह नया रूप दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को देशभर के 75 पुनर्विकसित अमृत भारत रेलवे स्टेशनों का वर्चुअल लोकार्पण करेंगे। इस क्रम में उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल के जैसलमेर, बाड़मेर और गोटन स्टेशनों का भी उद्घाटन होगा।

## मैहर में मिली प्रतिबंधित कफ सिरप की खेप

# आर्मी लिखी बोलेरो से नशीली कफ सिरप और 6 लाख कैश जब्त, 5 तस्कर गिरफ्तार

*बाल्टियों और पानी के कैंपरों में छिपा रखी थी कफ सिरप*



जब्त की गई बोलेरो

**हरिभूमि न्यूजः मैहर**
मैहर पुलिस ने बुधवार रात गश्त के दौरान एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से ले जाई जा रही प्रतिबंधित कफ सिरप की खेप पकड़ी है। पुलिस ने एक संदिग्ध बोलेरो नियो गाड़ी से 205 शीशी ऑनरेक्स कफ सिरप और 5,96,500 नगद जब्त किए हैं। जब्त की गई सिरप, नकदी और वाहन की कुल कीमत 16.36 लाख से अधिक आंकी गई है। इस मामले में रीवा, सतना और मैहर के रहने वाले पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।
रामपथगमन रोड पर सतना-रीवा सर्विस लेन के पास गश्त के दौरान पुलिस को 'आर्मी' लिखी एक बोलेरो खड़ी मिली। संदेह होने पर जब गाड़ी की तलाशी ली गई, तो उसके भीतर प्लास्टिक की बाल्टियों और पानी के कैंपरों में छिपाकर रखी गई कफ सिरप बरामद हुई। आरोपियों के पास इस दवा के परिवहन या बिक्री से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं थे। बरामद नकदी को कफ सिरप की अवैध बिक्री से कमाया गया, बताया जा रहा है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान मुमताज शाह (19), दीपक सिंह (21), संजू सिंह (28), रंजीत सिंह (28) और प्रिंस (22) के रूप में हुई है। कोतवाली पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट और मध्य प्रदेश ड्रग कंट्रोल एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है ताकि इस अवैध नेटवर्क के मुख्य सरगना का पता लगाया जा सके।

## ओबीसी आरक्षण पर हाईकोर्ट में तीखी बहस

# सामान्य वर्ग ने कहा- बिना ठोस आधार के कोटा बढ़ाना संविधान के खिलाफ



*सरकार ने पिछड़ा वर्ग आयोग से सलाह लिए बिना ही नियम बना दिए*

**हरिभूमि न्यूजः जबलपुर**
मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में बहुचर्चित ओबीसी आरक्षण मामले पर तीखी कानूनी बहस जारी है। जस्टिस आनंद पाठक और जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच के समक्ष सामान्य वर्ग की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने सरकार के आरक्षण बढ़ाने के फैसले पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने दलील दी कि बिना किसी ठोस गणना और सही आधार के आरक्षण बढ़ाना बाबासाहेब आंबेडकर के संविधान की मूल भावना के विपरीत है। अदालत में आंकड़ों का हवाला देते हुए सामान्य वर्ग के वकीलों ने सरकार के उस दावे को खारिज किया, जिसमें ओबीसी वर्ग का प्रतिनिधित्व कम बताया गया था। उन्होंने कहा कि स्कूलों, कॉलेजों और सरकारी नौकरियों में इस वर्ग की मजबूत भागीदारी है। वकीलों ने सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि 50% की सीमा केवल असाधारण स्थितियों में ही लांघी जा सकती है, जबकि प्रदेश में ऐसी कोई स्थिति नहीं है। यहां आरक्षण को 63% से बढ़ाकर 73% करने की कोशिश की जा रही है। बहस में यह मुद्दा भी उठा कि सरकार ने पिछड़ा वर्ग आयोग से सलाह लिए बिना ही नियम बना दिए। जब कोर्ट ने पूछा कि क्या अब दोबारा सलाह लेने से स्थिति बदलेगी, तो सामान्य वर्ग ने असहमति जताते हुए कहा कि बाद में प्रक्रिया पूरी करके शुरुआती बड़ी कमियों को सही नहीं ठहराया जा सकता। अब इस मामले में राज्य सरकार और ओबीसी वर्ग के वकील अपनी दलीलें पेश करेंगे।

## दतिया उपचुनाव : पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा के तीखे तेवर

- आंसू गैस के गोले हमारे (भाजपा) कार्यालय पर क्यों दागे गए?
- क्या हमारे कार्यालय की बिल्डिंग सड़क पर खड़ी थी?

# मंच से एसपी को चेताया- मैं भूलने वाला नहीं, दोस्ती और दुश्मनी दोनों याद रखता हूं



नरोत्तम के साथ आशुतोष तिवारी

**हरिभूमि न्यूजःदतिया।** दतिया विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव को लेकर सियासी पारा चरम पर है। भाजपा उम्मीदवार आशुतोष तिवारी के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने पुलिस प्रशासन को सीधे आड़े हाथों लिया। मंच से माइक संभालते ही डॉ. मिश्रा ने दतिया एसपी को चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यह जो माइक से सारी रिकॉर्डिंग हो रही है, इसे पुलिस वाले ध्यान से सुनें और खासकर एसपी साहब सुनें। मैं भूलने वाला प्राणी नहीं हूं, मैं सब याद रखता हूं। मैं दोस्ती और दुश्मनी दोनों याद रखता हूं। मिश्रा के इस तीखे बयान के बाद सभा में मौजूद समर्थकों ने जोरदार नारेबाजी की और तालियों की गड़गड़ाहट से पूरे पंडाल को गुंजा दिया। नरोत्तम मिश्रा ने टिकट कटने के बाद भड़के जन-आक्रोश और उस पर हुई पुलिसिया कार्रवाई को लेकर गंभीर सवाल उठाए। पुलिस प्रशासन पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि चक्काजाम खुलवाना पुलिस की जिम्मेदारी थी, लेकिन आंसू गैस के गोले हमारे (भाजपा) कार्यालय पर क्यों दागे गए? क्या हमारे कार्यालय की बिल्डिंग सड़क पर खड़ी थी? मैं इन सब बातों को भूला नहीं हूं और वक्त आने पर इसका हिसाब रखा जाएगा। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि निर्दोष कार्यकर्ताओं पर बेवजह की कार्रवाई और उनके साथ की गई बर्बरता को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### *नरोत्तम समर्थकों पर 6 दिन बाद मामला दर्ज*

इसी उग्र प्रदर्शन से जुड़े एक मामले में दतिया की कोतवाली पुलिस ने नया एक्शन लिया है। घटना के छह दिन बाद पुलिस ने 8 से 10 अज्ञात प्रदर्शनकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। फरियादी कार्तिक रायकवार निवासी सपा पहाड़ ने शिकायत दर्ज कराई कि 10 जुलाई की रात करीब 8 बजे किला चौक पर कुछ अज्ञात युवकों ने जबरन बाजार बंद कराने का प्रयास किया। दुकानदारों द्वारा विरोध किए जाने पर आरोपियों ने गाली-गलौज और अभद्रता की। फरियादी ने बताया कि वह उस वक्त डर गया था, इसलिए उसने 15 जुलाई को थाने जाकर शिकायत दर्ज कराई।


**व्यापार और रक्षा सहयोग मजबूत करने पर सहमति**

# भारत-बेल्जियम रणनीतिक साझेदारी की नई शुरुआत: पहली बैठक में रक्षा, सेमीकंडक्टर और सप्लाई चेन पर हुआ मंथन

- पहली रणनीतिक वार्ता की सह-अध्यक्षता भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर और बेल्जियम के उप-प्रधानमंत्री व विदेश मंत्री मैक्सिम प्रिवो ने की
- दोनों देशों ने रक्षा, सेमीकंडक्टर, सप्लाई चेन (आपूर्ति श्रृंखला) व्यापार, निवेश, स्वच्छ ऊर्जा और मोबिलिटी की समीक्षा की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और बेल्जियम ने द्विपक्षीय संबंधों को नई दिशा देने के उद्देश्य से 15 जुलाई 2026 को पहली भारत-बेल्जियम रणनीतिक वार्ता आयोजित की। दोनों देशों ने बदलते वैश्विक परिदृश्य में राजनीतिक, आर्थिक और रणनीतिक सहयोग को और मजबूत बनाने पर सहमति जताई। यह रणनीतिक वार्ता भारत-यूरोपीय संघ (ईयू) रणनीतिक साझेदारी के तहत नियमित और परिणामोन्मुख राजनीतिक संवाद का नया मंच बनेगी।



विदेश मंत्री एस जयशंकर बेल्जियम के उप प्रधानमंत्री प्रिवो से मिलते हुए

## पिछले साल से बन रही थी सहमति

बैठक की सह-अध्यक्षता भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और बेल्जियम के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री मैक्सिम प्रेवो ने की। बैठक के दौरान दोनों देशों ने व्यापार और निवेश, हरित ऊर्जा, नवाचार एवं प्रौद्योगिकी, संपर्क, रक्षा, सुरक्षा, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों तथा लोगों के बीच आपसी संबंधों को और मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की। बेल्जियम के विदेश मंत्री मैक्सिम प्रेवो ने कहा कि मार्च 2025 का बेल्जियम आर्थिक मिशन दोनों देशों के व्यापार, निवेश और नवाचार भविष्य में सहयोग को और गति देंगे। वहीं विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि यूरोप के साथ भारत के संबंधों में बेल्जियम का विशेष स्थान है।

## अब उच्च स्तरीय बैठकें होंगी

दोनों पक्षों ने यह भी तय किया कि इस रणनीतिक वार्ता को आगे बढ़ाने के लिए नियमित उच्चस्तरीय बैठकों का आयोजन किया जाएगा। वर्ष के अंत में प्रस्तावित उच्चस्तरीय यात्राओं के दौरान कई महत्वपूर्ण पहलों को आगे बढ़ाया जाएगा। रणनीतिक वार्ता के साथ ही भारत-यूरोपीय संघ व्यापार मंच का भी आयोजन किया गया, जिसमें भारत, बेल्जियम और अन्य यूरोपीय देशों के उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में भारत की ओर से विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और राज्य मंत्री जितिन प्रसाद शामिल हुए, जबकि बेल्जियम की ओर से फ्लैंडर्स और वालोनिया के प्रमुख नेताओं ने हिस्सा लिया।

### रणनीतिक साझेदारी के व्यापक दायरे

विदेश मंत्रालय (एमईए) के अनुसार, यह संवाद भारत-यूरोपीय संघ (ईयू) रणनीतिक साझेदारी के व्यापक दायरे से जुड़ा है। यह दोनों देशों के बीच राजनीतिक जुड़ाव को नियमित और परिणाम-उन्मुख ढांचा प्रदान करेगा। भविष्य की रणनीति: दोनों देशों ने व्यापार-निवेश, ग्रीन एनर्जी ट्रांजिशन, इनोवेशन और टेक्नोलॉजी के क्षेत्रों में सहयोग गहरा करने पर सहमति जताई। साथ ही, आगामी उच्च स्तरीय यात्राओं के जरिए साझा लक्ष्यों को जमीन पर उतारने की प्रतिबद्धता दोहराई। इस रणनीतिक वार्ता के साथ ही भारत-ईयू बिजनेस फोरम की भी बैठक हुई।

## खबर संक्षेप

### ज़ंज़ीबार के राष्ट्रपति डॉ. हुसैन आज से भारत दौरे पर

**नई दिल्ली।** भारत के उपराष्ट्रपति के आमंत्रण पर ज़ंज़ीबार के राष्ट्रपति एवं रिवोल्यूशनरी



काउंसिल के अध्यक्ष डॉ. हुसैन अली म्विनी आज यानी 17 से 20 जुलाई तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर आएंगे। उनके साथ उनकी पत्नी, कई मंत्री और वरिष्ठ अधिकारियों का उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी होगा। यात्रा के दौरान राष्ट्रपति डॉ. हुसैन अली म्विनी भारत के उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन से मुलाकात करेंगे। दोनों नेता भारत-तंजानिया संबंधों की समीक्षा करेंगे और भविष्य में सहयोग के नए क्षेत्रों पर चर्चा करेंगे।

### न्यूजीलैंड में 5.9 तीव्रता का आया भूकंप,हड़कंप

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के दक्षिणी द्वीप में गुरुवार रात स्थानीय समयानुसार 9:14 बजे 5.9 तीव्रता



का भूकंप आया। भूकंप के बाद प्रशासन ने एहतियातन सुनामी की चेतावनी जारी की, जिसे कुछ समय बाद वापस ले लिया गया। फिलहाल किसी के हताहत होने या बड़े नुकसान की सूचना नहीं है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी के अनुसार, भूकंप का केंद्र ते अनाउ कस्बे से लगभग 40 किलोमीटर उत्तर में था। शुरुआती आकलन में इसकी तीव्रता 6.3 बताई गई थी, लेकिन बाद में इसे घटाकर 5.9 कर दिया गया।

### 13 बांग्लादेशी डिपोर्ट,बॉर्डर पर किए जाएंगे हैंडओवर

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम में अवैध रूप से पकड़े गए बंगलादेश के 13 नागरिकों को डिपोर्ट करने के लिए



एक विशेष टीम इंटरनेशनल बॉर्डर पर हैंडओवर करेगी। इसके लिए एक इंस्पेक्टर के नेतृत्व में 23 पुलिसकर्मियों की एस्कॉर्ट टीम गठित की गई है। एस्कॉर्ट टीम विदेशी नागरिकों को पश्चिम बंगाल स्थित मालदा टाउन तक सुरक्षित पहुंचाएगी, जहां से निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार उन्हें भारत-बांग्लादेश सीमा पर संबंधित अधिकारियों को सौंपा जाएगा। एसीपी क्राइम नवीन शर्मा ने बताया कि पुलिस द्वारा व्यक्तियों का सत्यापन किया जा रहा है।

## बिम्सटेक देशों के बीच सहयोग और सुरक्षा मजबूत करने पर जोर

# डोभाल ने बिम्सटेक में समझाई नेबरहुड फर्स्ट-एक्ट इस्ट पॉलिसी, दिया सुरक्षा मंत्र



संबोधित करते हुए एनएसए डोभाल

### बिम्सटेक की खास बातें

- *मुख्य लक्ष्य: क्षेत्रीय सुरक्षा, कनेक्टिविटी और आर्थिक प्रगति को बढ़ावा देना।*
- *रणनीतिक जुड़ाव: दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों के बीच संबंधों को मजबूत करना।*
- *सहयोग के क्षेत्र: समुद्री सुरक्षा और आपदा प्रबंधन में आपसी तालमेल बढ़ाना।*
- *आपसी एकजुटता: वैश्विक स्तर पर उभरती चुनौतियों का मिलकर सामना करना।*
- *भारत का संकल्प: क्षेत्र की समृद्धि और सुरक्षा के लिए भारत पूर्ण सहयोग देने को प्रतिबद्ध है।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने बिम्सटेक देशों के बीच आपसी सहयोग को और अधिक मजबूत बनाने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया है। सुरक्षा प्रमुखों की बैठक में बोलते हुए उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय सुरक्षा, बेहतर कनेक्टिविटी, क्षमता निर्माण और आर्थिक सुरक्षा जैसे बिम्सटेक के मूल उद्देश्य सदस्य देशों के बीच सामूहिक प्रयासों को आगे बढ़ाने में हमेशा महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे। डोभाल ने रेखांकित किया कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में क्षेत्रीय साझेदारी पहले से कहीं अधिक जरूरी हो गई है, और बिम्सटेक केवल एक क्षेत्रीय संगठन नहीं बल्कि सदस्य देशों के बीच आपसी विश्वास, सहयोग और साझा विकास का एक सशक्त मंच है। भारत की विदेश नीति में इस संगठन के महत्व को स्पष्ट करते हुए एनएसए अजीत डोभाल ने कहा कि बिम्सटेक भारत की प्रमुख पहलों से सीधे जुड़ा हुआ है।

> ■ सामूहिक प्रयासों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे

### भारत अपनी प्रतिबद्धता के लिए समर्पित

यह एक तरफ जहां भारत के नेबरहुड फर्स्ट (पड़ोसी पहले) विजन को मजबूती देता है, वहीं दूसरी तरफ दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों के साथ आर्थिक, रणनीतिक व सांस्कृतिक संबंधों को प्रगाढ़ बनाने वाली 'एक्ट ईस्ट' नीति के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने भारत के महासागर (महासागर) विजन का भी विशेष उल्लेख किया, जो इस पूरे क्षेत्र के सभी देशों की सुरक्षा और समान विकास पर केंद्रित है। उन्होंने सदस्य देशों से समुद्री सुरक्षा, आपदा प्रबंधन, आर्थिक प्रगति और कनेक्टिविटी जैसे क्षेत्रों में मिलकर काम करने का आह्वान किया ताकि क्षेत्रीय स्थिरता को बढ़ावा मिले और लोगों को इसका सीधा लाभ मिल सके। डोभाल ने दोहराया कि भारत बिम्सटेक के साझा लक्ष्यों को हासिल करने और क्षेत्र को अधिक सुरक्षित व समृद्ध बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### बिम्सटेक के 5 खास मुद्दे

- **सहयोग और सुरक्षा पर विशेष बल:** एनएसए अजीत डोभाल ने बिम्सटेक देशों के बीच क्षेत्रीय सुरक्षा, बेहतर कनेक्टिविटी और आर्थिक सुरक्षा को मजबूत करने की जरूरत बताई है।
- **विश्वास और साझा प्रगति का मंच:** डोभाल के अनुसार, बिम्सटेक केवल एक क्षेत्रीय संगठन नहीं है, बल्कि यह सदस्य देशों के बीच आपसी विश्वास और साझा विकास का एक बेहद महत्वपूर्ण मंच है।
- **भारत की विदेश नीति का आधार:** बिम्सटेक भारत की दो प्रमुख नीतियों-नेबरहुड फर्स्ट (पड़ोसी पहले) और एक्ट ईस्ट (दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया के साथ जुड़ाव) को सीधे तौर पर मजबूती प्रदान करता है।
- **महासागर विजन की अहमियत:** इस बैठक में भारत के महासागर दृष्टिकोण को रेखांकित किया गया, जिसका लक्ष्य क्षेत्र के सभी देशों के लिए समान सुरक्षा, समुद्री सहयोग और आर्थिक प्रगति सुनिश्चित करना है।
- **साझा चुनौतियों का सामूहिक सामना:** बदलते वैश्विक परिदृश्य में साझा चुनौतियों से निपटने के लिए सभी सदस्य देशों को मिलकर काम करने और क्षेत्रीय स्थिरता को बढ़ावा देने का आह्वान किया गया।

### एक दूसरे से जुड़ रहे बिम्सटेक देश

एनएसए ने कहा कि बंगाल की खाड़ी सिर्फ भौगोलिक रूप से ही नहीं, बल्कि हजारों वर्षों से चली आ रही साझा सभ्यतागत और सांस्कृतिक विरासत के जरिए भी सदस्य देशों को जोड़ती है। उन्होंने कहा, इन्हीं ऐतिहासिक संबंधों के आधार पर बिम्सटेक ने विभिन्न क्षेत्रों में मजबूत सहयोग विकसित किया है। हमारा लक्ष्य सभी लोगों के लिए साझा समृद्धि और लचीलेपन के साथ बेहतर भविष्य का निर्माण करना है। डोभाल ने कहा कि बिम्सटेक देशों ने आतंकवाद, अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराध, साइबर खतरों और समुद्री सुरक्षा जैसी चुनौतियों से निपटने में सहयोग को मजबूत किया है तथा भविष्य की नई और उभरती चुनौतियों का भी मिलकर सामना करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा, बिम्सटेक के क्षेत्रीय सुरक्षा, संपर्क (कनेक्टिविटी), क्षमता निर्माण और आर्थिक सुरक्षा के दीर्घकालिक लक्ष्य हमारी सामूहिक कोशिशों का मार्गदर्शन करते रहेंगे।


#### ये है बिम्सटेक की ताकत

*डोभाल ने कहा कि बिम्सटेक हिंद महासागर क्षेत्र के सबसे महत्वपूर्ण और गतिशील क्षेत्रों को एक साथ लाता है। उन्होंने कहा, बिम्सटेक के सदस्य देशों की कुल आबादी 1.7 अरब है, जो दुनिया की लगभग 22 प्रतिशत आबादी है। इन देशों की संयुक्त अर्थव्यवस्था करीब 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की है।*

**9 दिन में 116 जहाजों पर हमले हुए**

# एजोव सागर में जहाजों की आवाजाही रुकी, हमले से रूस में भी होर्मुज जैसा संकट

> *दोनों रास्तों के दोनों ओर बड़ी संख्या में जहाज फंसे हुए हैं*



एजेंसी ▶▶ मॉस्को

यूक्रेन के लगातार ड्रोन हमलों के बाद रूस को बड़ा झटका लगा है। इस सप्ताह हमलों की वजह से रूस को एजोव सागर के अहम समुद्री रास्तों पर जहाजों की आवाजाही रोकनी पड़ी। इससे दुनिया के दूसरे देशों के साथ रूस का व्यापार प्रभावित होने लगा है।

एजोव सागर लंबे समय तक यूक्रेन की पहुंच से बाहर रहा था। रूस इसी समुद्री रास्ते का इस्तेमाल यूक्रेन पर हमले करने और दक्षिणी रूस से तेल, गेहूं, स्टील, सूरजमुखी का तेल और दूसरे सामान दुनिया के बाजारों तक पहुंचाने के लिए करता था। लेकिन हाल के महीनों में यूक्रेन के ड्रोन हमले काफी प्रभावी हो गए हैं और अब इस समुद्री रास्ते पर भी रूस का दबदबा कमजोर पड़ने लगा है।

### रूस के लिए बेहद खास है एजोव सागर

एजोव सी यूक्रेन और रूस के बीच स्थित एक अंदरूनी समुद्र है, जो केर्च स्ट्रेट के जरिए ब्लैक सी से जुड़ा है। 2003 में यूक्रेन और रूस ने इस समुद्री क्षेत्र को साझा इस्तेमाल करने का समझौता किया था। लेकिन 2014 में क्रीमिया पर कब्जे के बाद रूस ने इस समझौते का कई बार उल्लंघन किया। फरवरी 2022 में यूक्रेन पर हमला करने के बाद रूस ने एजोव सागर के आसपास के लगभग पूरे यूक्रेनी तट पर कब्जा कर लिया। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इसे रूस का समंदर तक बता दिया था। आकार में छोटा होने के बावजूद, एजोव सागर रूस की अर्थव्यवस्था के लिए बेहद अहम है। सोवियत काल में विकसित हुए नदियों और नहरों का विशाल नेटवर्क इसी समुद्री मार्ग से जुड़ता है।

### टैंकरों तक सीमित नहीं रहे हमले

*यूक्रेन की ड्रोन सेना के कमांडर रॉबर्ट ब्रोवदी ने दावा किया कि पिछले 9 दिनों में एजोव सागर में रूस के 116 जहाजों को निशाना बनाया गया है। पहले यूक्रेन के हमले मुख्य रूप से रूस के शैडो ऑयल टैंकरों और युद्धपोतों तक सीमित थे, लेकिन अब हमलों का दायरा बढ़ गया है।बता दें कि लगातार हमलों के बाद रूस ने डॉन-एजोव चैनल और केर्च स्ट्रेट से जहाजों की आवाजाही रोक दी है। जो डॉन-एजोव चैनल एजोव सागर को रूस की अंदरूनी नदियों और जलमार्गों से जोड़ता है। केर्च स्ट्रेट एजोव सागर को ब्लैक सी से जोड़ता है। सैटेलाइट तस्वीरों और जहाजों की ट्रैकिंग करने वाली बेवसाइट्स के मुताबिक, इन दोनों रास्तों के दोनों ओर बड़ी संख्या में जहाज फंसे हुए हैं और आगे बढ़ने का इंतजार कर रहे हैं।*

**ईरान ने अमेरिकी ड्रोन गिराया**

## कुवैत-बहरीन और जॉर्डन में किया हमला, अमेरिकी बेस पर अटैक



एजेंसी ▶▶ तेहरान

अमेरिका और ईरान के बीच सैन्य टकराव थमने के बजाय और अधिक हिंसक रूप अख्तियार कर चुका है। एक तरफ अमेरिकी सेना ने ईरान के खिलाफ एक और बड़ा सैन्य अभियान शुरू किया है। वहीं ईरान ने भी अमेरिकी ड्रोन मार गिराया और कुवैत-बहरीन और जॉर्डन में किया हमला, यूएस बेस को काफी नुकसान पहुंचाया।ईरानी मीडिया के अनुसार, चाबहार, बंदर अब्बास, केश्म द्वीप और अहवाज जैसे इलाके अमेरिकी हमलों की चपेट में आए हैं। चाबहार में नौसेना का एक निगरानी टावर भी नष्ट हो गया, ईरान ने नागरिक समुद्री सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण बताया है। इन हमलों का असर नागरिक इलाकों पर भी पड़ा है। ईरान के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, अहवाज में बाघाई कैंसर अस्पताल के पास हुए एक जोरदार धमाके और कंपन के कारण वहां भर्ती कैंसर पीड़ित बच्चे और उनके परिजन दहशत में बाहर निकल आए।

**तारीफ में बोले अमेरिकी सांसद थानेदार**

## प्रधानीमंत्री मोदी बेहद करिश्माई नेता हैं भारत की प्रगति को मिलता रहे सम्मान

एजेंसी ▶▶ तवॉशिंगटन

भारतीय मूल के अमेरिकी डेमोक्रेटिक सांसद थानेदार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर सराहना करते हुए उन्हें एक बेहद करिश्माई नेता बताया है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सहित वैश्विक नेताओं के साथ बेहतरीन संबंध हैं।



पिछले एक दशक में भारत ने जिस तरह तेजी से आर्थिक और सामाजिक प्रगति की है, उसे अमेरिका में उचित पहचान और सम्मान मिलना चाहिए। मिशिगन से सांसद थानेदार ने वॉशिंगटन में आयोजित स्टेट डिनर के दौरान पीएम मोदी के साथ हुई अपनी मुलाकात को याद करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री ने उनसे अमेरिकी सांसदों को भारत की समृद्ध विविधता, संस्कृति और विकास यात्रा से बेहतर तरीके से परिचित कराने का आग्रह किया था।

इसी कड़ी में थानेदार अब रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक सांसदों के एक नए प्रतिनिधिमंडल को भारत दौरे पर लाने की योजना बना रहे हैं, ताकि वे खुद यहां हो रहे बड़े जमीनी बदलावों को देख सकें।

**भारत सरकार ने जारी की एडवाइजरी**

> **नए नाविकों की नहीं होगी भर्ती**

## ईरान-अमेरिका तनाव के बीच होर्मुज रूट पर भारतीय नाविकों की तैनाती पर रोक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में ईरान और अमेरिका के बीच युद्ध की स्थिति दोबारा धधकने और खाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा हालात बेहद गंभीर होने के बाद भारत सरकार ने अपने नाविकों की सुरक्षा को लेकर एक बड़ा कदम उठाया है।

हाल ही में हुए समुद्री हमलों में 14 भारतीय नाविकों की दर्दनाक मौत के बाद पैदा हुई गंभीर स्थिति को देखते हुए जहाजरानी महानिदेशालय ने एक बेहद अहम और सख्त एडवाइजरी जारी की है। महानिदेशालय द्वारा जारी किए गए सर्कुलर नंबर 36/2026 के तहत सभी शिप ओनर्स, शिप मैनेजर्स और रिक्रूटमेंट एंड प्लेसमेंट सर्विसेज कंपनियों को कड़े निर्देश दिए गए हैं कि अगले आदेश तक होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले किसी भी व्यावसायिक जहाज पर भारतीय नाविकों की तैनाती न की जाए।

डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ शिपिंग ने सोशल मीडिया पर इस फैसले की जानकारी देते हुए स्पष्ट किया कि खाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा हालात लगातार बिगड़ रहे हैं, जिसे देखते हुए यह एहतियाती कदम उठाना बेहद जरूरी हो गया था।

### सुरक्षा और सतर्कता बढ़ाने के निर्देश

सरकार ने इस आदेश के साथ ही फारस की खाड़ी और उसके आसपास के संवेदनशील समुद्री इलाकों में सुरक्षा सतर्कता को उच्चतम स्तर पर बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत सभी संबंधित जहाजों को नौवहन चेतावनियों की लगातार निगरानी करने और अंतरराष्ट्रीय जहाज एवं पोर्ट सुविधा सुरक्षा कोड को बेहद सख्ती से लागू करने के लिए कहा गया है।

**फिर शुरू हुआ ट्रेड वॉर, पिछले 15 वर्षों से ब्राजील से चल रहा है व्यापार**

## अमेरिका ने ब्राजील पर लगाया 25% टैरिफ लूला सरकार ने बताया नियम के खिलाफ

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका और ब्राजील के बीच व्यापारिक तनाव चरम पर पहुंच गया है, जिससे वैश्विक बाजार में एक बार फिर नए ट्रेड वॉर (व्यापार युद्ध) की सुगबुगाहट तेज हो गई है। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर ने 1974 के व्यापार अधिनियम की धारा 301 के तहत ब्राजील से आयातित वस्तुओं पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की बड़ी घोषणा की है।

अमेरिका का यह फैसला एक साल लंबी गहन जांच के बाद आया है, जिसमें निष्कर्ष निकाला गया कि ब्राजील की कई नीतियां अनुचित



और भेदभावपूर्ण हैं, जो अमेरिकी व्यवसायों और श्रमिकों को नुकसान पहुंचा रही हैं।

अमेरिकी जांच में मुख्य रूप से डिजिटल व्यापार, इलेक्ट्रॉनिक भुगतान सेवाओं, बौद्धिक संपदा संरक्षण, इथेनॉल बाजार पहुंच और अवैध वनों की कटाई से जुड़े मुद्दों को अमेरिकी हितों के खिलाफ पाया गया है।

### ब्राजील सरकार ने कड़ा रुख अपनाया

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने स्पष्ट किया कि राष्ट्रपति ट्रंप के निर्देश पर यह कदम उठाया गया है क्योंकि लूला सरकार ने बातचीत में सद्भावना नहीं दिखाई। दूसरी ओर, राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा के नेतृत्व वाली ब्राजील सरकार ने इस कदम पर कड़ा रुख अपनाते हुए अमेरिका पर तीखा पलटवार किया है। ब्राजील ने अमेरिकी फैसले को सिरे से खारिज करते हुए इसे द्विपक्षीय संबंधों के लिए एक दुखद मील का पत्थर और अंतरराष्ट्रीय बहुपक्षीय व्यापार नियमों का खुला उल्लंघन बताया है।

**यूएनएचसीआर और आईओएम ने गहरी चिंता जताई**

> **म्यांमार और बांग्लादेश से हजारों की संख्या में भागते हैं रोहिंग्या**

## समंदर बना काल: बंगाल की खाड़ी में जब टकराए दो जहाज देखते ही देखते पानी में समा गए 500 से भी ज्यादा रोहिंग्या

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हाल ही में म्यांमार के उत्पीड़ित रोहिंग्या अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्यों को ले जा रही दो नावों के बंगाल की खाड़ी में पलट गई। अब इसमें 500 से अधिक लोगों के मारे जाने की आशंका है। यह जानकारी अधिकारियों ने गुरुवार को दी।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन और संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त के एक बयान के मुताबिक, दो नावें जून के अंत में म्यांमार के पश्चिमी राज्य रखाइन से रवाना हुईं, जिनमें



फाइल फोटो

ज्यादातर रोहिंग्या यात्री सवार थे, जिनमें कुछ ऐसे भी थे जो बांग्लादेश में सीमा पार शरणार्थी शिविरों से आए थे। एक नाव प्रस्थान के कुछ ही समय बाद संपर्क टूट गया, जिसमें लगभग 250 लोग सवार थे। दूसरी नाव 8 जुलाई को म्यांमार के अय्यारवाडी तट के पास डूब गई, , जिसमें कथित तौर पर 280 लोग सवार थे।

### हजारों की संख्या में हैं शरणार्थी

एजेंसियों ने कहा हालांकि घटनाओं और हताहतों की संख्या की अभी आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन यूएनएचसीआर और आईओएम संभावित रूप से होने वाली भारी जानमाल की हानि को लेकर गंभीर रूप से चिंतित हैं। हाल के वर्षों में म्यांमार और बांग्लादेश के दयनीय शरणार्थी शिविरों से हजारों की संख्या में भागकर आए। रोहिंग्या आमतौर पर साल के इस समय में ऐसी नाव यात्राओं से बचते हैं। जब मानसून अक्सर आता है और समुद्र में स्थितियां विशेष रूप से खतरनाक होती हैं। यूएनएचसीआर और आईओएम ने अपने बयान में इस बात का जिक्र करते हुए कहा कि हाल ही में पूरे क्षेत्र में हुई भारी बारिश और बाढ़ के कारण ऐसी यात्राएं विशेष रूप से जोखिम भरी हो गई होंगी।

### 2025 में 6,500 से अधिक रोहिंग्या भाग गए

2025 में 6,500 से अधिक रोहिंग्या भाग गए और लगभग 900 लोगों के मृत या लापता होने की सूचना मिली, जो नाव से देश छोड़ने की कोशिश करने वाले रोहिंग्याओं के लिए सबसे घातक वर्ष था।संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग ने कहा कि यह आंकड़ा दुनिया भर में शरणार्थियों और प्रवासियों की समुद्री यात्राओं के किसी भी प्रमुख मार्ग की तुलना में सबसे अधिक मृत्यु दर को दर्शाता है।

# शाह ने संसद में एनडीए की ताकत बढ़ाने के लिए खुद संभाला मोर्चा, पीएम मोदी से मिलने के बाद नबीन और संतोष से भी की मुलाकात और गुफ्तगू

## दिल्ली बना सियासी चहलकदमी का बड़ा केंद्र, कई अटकलों का भी बाजार हो गया गरम

### बैठकें कुछ बड़ा होने का संकेत दे रहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अलग-अलग राज्यों में चल रही सियासी चहलकदमी का केंद्र अब दिल्ली शिफ्ट होता नजर आ रहा है। 20 जुलाई को शुरू हो रहे संसद के मानसून सत्र से ठीक पहले केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का एक्शन में आना कई बड़े सियासी घटनाक्रम का संकेत दे रहा है। मंगलवार को दिल्ली में अमित शाह से उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ की मुलाकात हुई थी। भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन भी उनसे मिले। महाराष्ट्र में अहम किरदार उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की मुलाकात भी गृहमंत्री से हुई। इन मुलाकातों से बाजार गरम है। आने वाले दिनों में बड़े बदलावों और चुनौतियों के लिए राज्य और केंद्र की तैयारियां एक लाइन पर आ सकती हैं।



भाजपा के दिग्गज नेताओं की महत्वपूर्ण मुलाकात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विदेश से लौटने के बाद शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से मुलाकात की। इसी बैठक में बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बीएल संतोष भी शामिल रहे। इस मीटिंग से एक दिन पहले ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिल्ली जाकर गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। वहीं कुछ दिन पहले ही नबीन ने लखनऊ का दौरा किया था। तमाम मीटिंगों की कड़ियों को जोड़कर देखने पर कई तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं।





## शाह ने की मंगला आरती और अहमदाबाद में रथयात्रा शुरू

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद में भगवान जगन्नाथ की 149वीं रथ यात्रा का आगाज हो गया है। जय जगन्नाथ के उद्घोष के साथ यात्रा धीरे-धीरे आगे बढ़ी। शुभारंभ से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पत्नी सोनल शाह के साथ मंगला आरती की। शाह ने एक्स पर लिखा इस पावन अवसर पर जगन्नाथ जी मंदिर की मंगला आरती में सम्मिलित होकर महाप्रभु का आशीर्वाद लिया। भक्ति व आस्था से ओतप्रोत यह क्षण सदैव विशेष अनुभूति देता है। महाप्रभु श्री जगन्नाथ से प्रार्थना है कि वे सभी पर अपनी कृपा बनाए रखें। जय जगन्नाथ! केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मॉनसून सत्र से पहले व्यवस्त शेड्यूल के बीच मंगला आरती के लिए अहमदाबाद पहुंचे थे।

## खबर संक्षेप

### धारवाड़ में डॉक्टर की हत्या, बेटा घायल

**धारवाड़।** कर्नाटक के धारवाड़ में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। 45 वर्षीय



एनेस्थेटिस्ट डॉक्टर किरण होन्नन्नावर की उनके फ्लैट में चाकू मारकर हत्या कर दी गई, जबकि उनका 8 वर्षीय बेटा भी गंभीर है। पुलिस ने डॉक्टर की पत्नी डॉ. प्रिया को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। पुलिस इसकी हर पहलू से जांच कर रही है।

### टीएमसी की 'कोयल' का सांसद पद से इस्तीफा

**कोलकाता।** बंगाल में विधानसभा चुनाव के बाद से ममता बेनर्जी का साथ छोड़ने वाले नेताओं की होड़



लगी है। पहले विधानसभा में तमाम विधायकों ने अलग गुट बनाया, फिर शुखेंदु शेखर राय, सुष्मिता देव और प्रकाश चिक बाहर हुए। फिर 20 सांसदों ने नेशनलिस्ट सिटिजन्स पार्टी का दामन थाम लिया। अब राज्यसभा सांसद कोयल मलिक ने पद छोड़ दिया है।

### ट्रैक्टर से टकराई स्कूटी 5 लोगों की मौत

**भिलाई।** भिलाई में हाईवे पर बड़ा हादसा हो गया। खड़े ट्रैक्टर से एक स्कूटी टकरा गई। हादसे में एक



महिला, उसकी बहन और उनके 2 बच्चों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा रायपुर से सटे कुम्हारी पुलिस थाना क्षेत्र में हुआ। पुलिस ने बताया कि परिवार के 5 लोग स्कूटर से रायपुर अपने मामा के घर जा रहे थे।

### मुजफ्फरनगर में कांवड़ यात्रा में हंगामा, तोड़फोड़

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में कांवड़ियों ने बीच बाज़ार भारी उत्पात मचाया है। एक



गाड़ी पर कांवड़ियों का जत्था टूट पड़ा। गाड़ी टच हो जाने से कांवड़िए भड़क गए और उन्होंने बीच सड़क पर ही गाड़ी को बुरी तरह से तोड़ दिया, शीशे तोड़ डाले, गाड़ी पर लाठी डंडों से वार कर दिया। इससे पहले भी ऐसी घटनाएं देखने को मिली हैं।

### डिलीवरी बॉयज ने ट्रैफिक रूल्स तोड़े तो सजा देंगे

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में डिलीवरी बॉयज के लिए पुलिस ने नया नियम बनाया है। डिलीवरी एप्स के



लिए काम करने वाले वालों को अब ट्रैफिक रूल्स तोड़ने पर फाइन नहीं देना होगा। इसके बदले में इन्हें 4 घंटे का लेक्चर सुनना पड़ेगा, जिसमें इन्हें ट्रैफिक रूल्स से जुड़ीं बातों के बारे में बताया जाएगा। पुलिस का मानना है नियम तोड़ने की संभावना खत्म हो जाएगी।

## मानसून सत्र में परिसीमन विधेयक आने की चर्चा जोरों पर

यह भी कहा पार्टी में किसी तरह की टूट की आशंका नहीं

# सुले के बाद राउत ने भी दिए सरकार को समर्थन के संकेत-हम विचार करेंगे

### संसद में बिल आएगा या नहीं फिलहाल तय नहीं, बैठकर फैसला करेंगे



सरकार संशोधन करे तो हम भी तैयार

एजेंसी ▶▶ नागपुर

संसद का मानसून सत्र कुछ ही दिनों में शुरू होने वाला है और ऐसे में परिसीमन विधेयक पर चर्चा जोरों पर है। इस बीच शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने गुरुवार को कहा कि विपक्षी दल प्रस्तावित परिसीमन विधेयक का विरोध करेंगे लेकिन अगर सरकार उनके सुझाए गए संशोधनों को शामिल करती है तो वे साथ बैठकर इस पर विचार करेंगे। वे अयोध्या में राम मंदिर के लिए मिले दान में कथित हेराफेरी के विरोध में शिवसेना (यूबीटी) के राम रक्षा आंदोलन से पहले नागपुर में पत्रकारों से बात कर रहे थे। खास बात यह है कि एनसीपी (एसपी) की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने बुधवार को कहा कि अगर परिसीमन बिल सभी राज्यों में सीटों में एक समान 50 प्रतिशत बढ़ोतरी पर आधारित है तो इसके विरोध का कोई खास कारण नहीं होगा।

सुप्रिया ने कहा था 50% बढ़ोतरी पर विरोध नहीं होगा

### शरद के बयान पर बढ़ी सियासी हलचल



संसद के मानसून सत्र में लोकसभा परिसीमन बिल को समर्थन देने के संकेत देकर शरद पवार ने विपक्ष में हलचल मचा दी है। सुले ने शर्त जोड़ी है कि बिल देखेंगे और फैसला लेंगे। इस सब के बीच महाराष्ट्र में राजनीति में गरमा गई है। संभावना जताई जा रही है कि कांग्रेस के 13 सांसदों के अलावा बाकी सभी का 35 सांसदों का सपोर्ट मोदी सरकार को मिल सकता है। महाराष्ट्र से कुल 48 लोकसभा सांसद हैं क्योंकि शरद पवार की अगुवाई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के इस मुद्दे पर नरम होने के बाद उद्धव ठाकरे की पार्टी नतमस्तक होती दिख रही है।

सोनिया के घर पर बैठक के बाद बड़ा ऐलान

## परिसीमन बिल का विरोध करेगी कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि सरकार जिन प्रमुख विधेयकों को लाने की तैयारी कर रही है, उनका पार्टी पुरजोर विरोध करेगी।




कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि पार्टी ने बैठक में कई प्रस्तावित विधेयकों पर चर्चा की और तय किया कि विपक्षी दलों के साथ मिलकर इनके खिलाफ आवाज उठाई जाएगी। जयराम ने कहा कि उन्हें जानकारी मिली है कि केंद्रीय गृह मंत्री परिसीमन विधेयक को फिर से संसद में लाने की कोशिश कर रहे हैं।

### संविधान संशोधन विधेयक पर भी किया मंथन

उन्होंने कहा कि न्यायाधीशों को हटाने से जुड़े संविधान संशोधन विधेयक पर भी बैठक में चर्चा हुई। इस विधेयक की जांच के लिए जेपीसी बनाई गई है, लेकिन विपक्षी दलों ने इसका बहिष्कार किया है। कांग्रेस इस विधेयक का भी मजबूती से विरोध करेगी। जयराम रमेश ने बताया कि 'वन नेशन, वन इलेक्शन' के प्रस्ताव पर भी चर्चा हुई।

### एफसीआरए का भी विरोध करेगी कांग्रेस

उन्होंने कहा कि यदि सरकार 'विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक' मानसून सत्र में लाती है तो कांग्रेस इसका पूरी तरह विरोध करेगी। कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) संशोधन विधेयक दोबारा लाया जा सकता है। कांग्रेस ने पहले भी इस विधेयक का विरोध किया था।



### भड़के खरगे, पीएम मोदी को लिखा पत्र

संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू होने जा रहा है। इस दौरान केंद्र की मोदी सरकार फिर से महिला आरक्षण और लोकसभा की सीटों को बढ़ाने वाले परिसीमन बिल को पेश कर सकती है। इस बीच कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने संशोधित 131वें संविधान संशोधन विधेयक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग की। खरगे ने अपने पत्र में लिखा, मैं माननीय संसदीय कार्य मंत्री को पत्र लिखकर यह अनुरोध करता रहा कि केंद्र सरकार परिसीमन आदि के संबंध में अपने प्रस्तावों पर चर्चा करने के लिए एक सर्वदलीय बैठक बुलाए। हमारे इन अनुरोधों को स्वीकार नहीं किया गया।

### प्रधानमंत्री पंजाब को देंगे करोड़ों की सौगात

## देश में पुनर्विकसित 75 रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन करेंगे

### 5470 करोड़ की विकास परियोजनाएं देंगे



एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को पंजाब में 5470 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी चंडीगढ़ और जालंधर जाने वाले हैं। यह इस वर्ष जालंधर की उनकी दूसरी यात्रा होगी। इससे पहले मोदी ने फरवरी में जालंधर स्थित डेरा सचखंड बल्लां का दौरा किया था। जालंधर कैंट स्टेशन पर आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देश में पुनर्विकसित 75 रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन करेंगे। इन स्टेशनों के विकास पर 1570 करोड़ की लागत आई है। इन स्टेशनों में पंजाब के 3 अन्य स्टेशन एसएएस नगर मोहाली, श्री मुक्तसर साहिब और श्री आनंदपुर साहिब भी शामिल हैं।

### नई रेल लाइन का भी लोकार्पण करेंगे

प्रधानमंत्री दौलतपुर चौक-करतोली नई रेल लाइन का भी उद्घाटन करेंगे। नांगल डैम-तलवाड़ा-मुकेरियां नई रेल लाइन प्रोजेक्ट के तहत यह 830 करोड़ की लागत से बनी है। इससे पंजाब और हिमाचल प्रदेश के बीच रेल संपर्क मजबूत होगा। मोदी अमृतसर (छेहरटा)-वाराणसी ट्रेन सर्विस को भी हरी झंडी दिखाएंगे, जिससे भारत के दो सबसे पवित्र आध्यात्मिक और सांस्कृतिक केंद्रों के बीच सीधा रेल संपर्क बनेगा। प्रधानमंत्री 3,070 करोड़ से अधिक लागत वाली राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इनमें चार-लेन ग्रीनफील्ड दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेसवे का 30.9 किलोमीटर लंबा पैकेज-6 का उद्घाटन और 25.2 किलोमीटर लंबे छह-लेन वाले ग्रीनफील्ड दक्षिणी लुधियाना बाईपास के विकास की आधारशिला भी रखी जाएगी।

### चंडीगढ़ में स्वास्थ्य सेवाएं शुरू करेंगे

जालंधर से पहले प्रधानमंत्री चंडीगढ़ में स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और सड़क बुनियादी ढांचे से जुड़ी 4,700 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। वे पीजीआई चंडीगढ़ में एडवांस्ड मदर एंड चाइल्ड सेंटर और एडवांस्ड न्यूरोसाइंसेज सेंटर का उद्घाटन करेंगे। यह 300 बिस्तरों वाला अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से लैस अस्पताल है। 150 बिस्तरों वाले अत्याधुनिक क्रिटिकल केयर ब्लॉक की आधारशिला भी रखेंगे।

# नई भाषा जोड़ने से छात्रों पर पढ़ाई का अतिरिक्त दबाव पड़ेगा, छात्रों पर बढ़ेगा अनावश्यक तनाव

### नौवीं कक्षा में तीसरी भाषा पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सर्वोच्च अदालत ने इस विषय पर जताई चिंता

सुप्रीम कोर्ट ने सीबीएसई के तहत कक्षा 9 में तीसरी भाषा शुरू करने पर चिंता जताई। कोर्ट ने कहा कि नौवीं में नई भाषा जोड़ने से छात्रों पर पढ़ाई का अतिरिक्त दबाव पड़ सकता है। उनका तनाव बढ़ सकता है। कोर्ट ने सुझाव दिया कि तीसरी भाषा की पढ़ाई कक्षा 5 या 6 से शुरू की जानी चाहिए, ताकि बच्चे इसे आसानी से सीख सकें। जस्टिस बीवी नागरत्ना और आर. महादेवन की बेंच ने केंद्र से मौखिक रूप से कहा कि वे 9वीं क्लास में तीसरी भाषा शुरू न करें। केंद्र की ओर से पेश वकील से कहा, भारत सरकार, कृपया 9वीं क्लास के लेवल पर तीसरी भाषा न लाए।



### तमिलनाडु सरकार की याचिका पर यह टिप्पणी की

ये टिप्पणियां तमिलनाडु सरकार की उस याचिका पर सुनवाई के दौरान की गईं, जिसमें मद्रास हाई कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी गई थी जिसमें राज्य के हर जिले में जवाहर नवोदय विद्यालय खोलने की सुविधा देने को कहा गया था। तमिलनाडु सरकार लगातार जेएनवी खोलने का विरोध करती रही है, क्योंकि उसे इन स्कूलों में अपनाई जाने वाली 'तीन-भाषा नीति' वाले करिकुलम को लेकर चिंता है। पीठ सीधे तौर पर सीबीएसई की नई नीति के मुद्दे पर विचार नहीं कर रही थी।

**6वीं से शुरू की जाए त्रिभाषा**

बेंच ने बोर्ड की थ्री लैंग्वेज पॉलिसी को लेकर चिंता जाहिर की। कोर्ट ने कहा कि इससे बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों पर बिना वजह का स्ट्रेस पड़ेगा। तीसरी भाषा को 9वीं से नहीं बल्कि 6वीं से अनिवार्य करना चाहिए, 9वीं में शुरू नहीं कर सकते, क्योंकि 9वीं कक्षा काफी तनावपूर्ण होती है।

### जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने छोड़ा केस

कोर्ट ने जवाब मांगा

## फिर भी 'अटकी' बात, केजरीवाल सिसोदिया को आखिरी मौका दिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व डिप्टी सीएम मनीष



सिसोदिया और आप नेता दुर्गेश पाठक को हाई कोर्ट ने 'एक और, पर अंतिम मौका' देकर जवाब मांगा है। कथित शराब घोटाले में विशेष अदालत से बरी किए जाने के खिलाफ सीबीआई की ओर से दायर केस में केजरीवाल और अन्य ने अपना पक्ष नहीं रखा है। पहले जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा इस मामले की सुनवाई कर रही थीं तो 'आप' नेताओं ने बहिष्कार का ऐलान किया था, लेकिन अब बेंच बदल जाने के बाद भी उनकी ओर से जवाब दाखिल नहीं किया गया है। जस्टिस मनोज जैन की पीठ ने कहा कि रजिस्ट्री से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार तीनों ही नेताओं ने अभी तक अपना जवाब दाखिल नहीं किया है। सीबीआई की दलीलों के लिए अगस्त 17 और 18 की तारीख तय की है।

### गरीब परिवारों को बड़ी सौगात, मिलेंगे बड़े घर

दिल्ली सरकार ने झुग्गी बस्तियों में रहने वाले गरीब परिवारों को बेहतर और सम्मानजनक आवास देने की



दिशा में बड़ा कदम उठाया है। भलस्वा स्थित 7400 ईडब्ल्यूएस फ्लैटों के कमरों का आकार बढ़ा दिया गया है, जिससे लाभार्थियों को पहले की तुलना में अधिक बड़े और सुविधाजनक घर मिलेंगे।

### मौलाना जर्जिस का भड़काऊ बयान, पुलिस ने केस दर्ज किया

# हद है....भगवान श्रीकृष्ण पढ़ते थे 5 वक्त की नमाज

### श्रीमद्भगवद्गीता के श्लोक की गलत व्याख्या की

एजेंसी ▶▶ रांची

उत्तर प्रदेश के मौलाना जर्जिस ने हिंदू धर्म को लेकर भड़काऊ बयान दिया है। मौलाना जर्जिस ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण 5 वक्त की नमाज पढ़ते थे। मौलाना ने अपने कुतर्क के लिए श्रीमद्भगवद्गीता के श्लोक की गलत व्याख्या की। झारखंड में तकरीर करने पहुंचे जर्जिस ने हिंदुओं की पूजा के तरीके पर भी सवाल उठाया। मौलाना ने सीएम योगी पर भी अटैक किया और कहा कि अगर वे हिंदू ग्रंथ पढ़ेंगे तो इस्लाम से मोहब्बत करने लगेंगे। ये वीडियो 23 जून की तकरीर का बताया जा रहा है। मामला दर्ज हो गया है।

### छठा अध्याय का दसवां मंत्र बताया

मौलाना जर्जिस ने कहा था, हमारे भाई अगर बुरा ना मानें, तो कृष्ण जी भी पांचों वक्त की नमाज पढ़ा



करते थे। यकीन ना आए, तो श्रीमद्भगवद्गीता के छठा अध्याय का दसवां मंत्र देख लीजिए। 'योगी युञ्जीत सततमात्मानं रहसि स्थितः। एकाकी यतचित्तात्मा निराशीरपरिग्रहः', जिसमें कृष्ण जी अर्जुन से कह रहे हैं कि ऐ अर्जुन, ईश्वर की जब पूजा करो, तो पूरे शरीर का योग करो।

### हैदराबाद के प्राइवेट स्कूल का कारनामा

## दूसरी क्लास के हिंदू बच्चे को होम वर्क में 'कलमा और फातिहा' याद करने को दिया

**हैदराबाद।** यहां के एक प्राइवेट स्कूल की महिला टीचर द्वारा दूसरी के छात्रों को कथित रूप



से होमवर्क में कलमा और फातिहा पढ़ने के लिए कहा। मामला बढ़ता देख स्कूल ने महिला टीचर को नौकरी से निकाल दिया गया। बुधवार को सक्सेस स्कूल का एक मामला सामने आया। महिला टीचर ने होमवर्क दिया था।

### भाजपा ने कहा- प्राचार्य पर एफआईआर क्यों नहीं की?

भाजपा नेता और वकील करुणा सागर का कहना है कि मैं यहां पुलिस से यह पूछने आया हूं कि अब तक एफआईआर क्यों दर्ज नहीं की गई? प्रिंसिपल को गिरफ्तार किया जाए जो छात्रों को कुरान पढ़ने मजबूर कर रहा है।

### आईसीएआर का 98वां स्थापना दिवस

## एक साल में 386 नई फसलों की किस्में दी, नई तकनीकें भी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) ने अपने 98वें स्थापना दिवस के मौके पर बताया कि पिछले एक साल में 44 फसलों की 386 नई और उन्नत किस्में विकसित की गई हैं। इनमें 94 प्रतिशत किस्में जलवायु परिवर्तन के अनुकूल हैं, जबकि 29 किस्में पोषण से भरपूर (बायोफोर्टिफाइड) हैं। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि संस्तानभारत में कृषि परिवर्तन का अग्रदूत है। उन्होंने कहा कि किसान कृषि की आत्मा हैं,



जबकि वैज्ञानिक उसका मस्तिष्क हैं। उन्होंने बताया कि इसके शोध और नवाचारों की बदौलत देश ने खाद्यान्न, बागवानी, दूध और मत्स्य उत्पादन में रिकॉर्ड उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने जलवायु अनुकूल खेती, दलहन और तिलहन में आत्मनिर्भरता, गुणवत्तापूर्ण कृषि शिक्षा और नई तकनीकों को किसानों तक पहुंचाने पर जोर दिया।

## खबर संक्षेप

### फार्मा इनोवेटर डॉ. गुलाटी ने नई दवा विकसित की

**नई दिल्ली।** स्ट्रोक के इलाज के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि के तौर पर भारतीय मूल के वैज्ञानिक और फार्मास्युटिकल इनोवेटर डॉ. अनिल गुलाटी ने एक नई दवा विकसित की है। यह दवा दुनिया भर में एक्यूट इस्केमिक स्ट्रोक के इलाज के तरीके को काफी हद तक बदल सकती है। डॉ. गुलाटी सोवाटेलटाइड' के आविष्कारक हैं। यह अपनी तरह की पहली दवा है जिसे एक्यूट सेरेब्रल इस्केमिक स्ट्रोक से पीड़ित मरीजों के लिए बनाया गया है। यह स्ट्रोक का सबसे आम प्रकार है, जो मस्तिष्क में रक्त का प्रवाह कम होने के कारण होता है।

### गुजरात इंजेक्ट मुनाफा 1,600 फीसदी बढ़ा

**वडोदरा।** गुजरात इंजेक्ट (केरल) लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में मजबूत वित्तीय प्रदर्शन दर्ज किया है। कंपनी का परिचालन राजस्व साल-दर-साल आधार पर 414 प्रतिशत बढ़कर 12.45 करोड़ रुपए पहुंच गया, जबकि शुद्ध लाभ में करीब 1,600 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। पहली तिमाही में कंपनी का स्टैंडअलोन शुद्ध लाभ 1.25 करोड़ रुपए रहा, जबकि वित्त वर्ष 2025-26 की समान अवधि में यह केवल 7.35 लाख रुपए था। कंपनी की प्रति शेयर आय में भी उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

### कोटक बिजलैब्स का स्टार्टअप प्रोग्राम घोषित

**मुंबई।** कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड ने अपनी कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी पहल के तहत कोटक बिजलैब्स के सहयोग से संचालित एनएसआरसीईएल के महिला स्टार्टअप प्रोग्राम के अगले संस्करण की घोषणा की है। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को आइडिया से लेकर व्यवसाय के विस्तार (स्केल-अप) तक हर चरण में मार्गदर्शन, नेटवर्किंग और आवश्यक संसाधनों का सहयोग उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम का विशेष फोकस टियर-2 और टियर-3 शहरों की महिला उद्यमियों पर रखा गया है।

# भारत बनेगा ग्लोबल सेमीकंडक्टर हब, अब अपनी 'चिप' बनाएगा देश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार की ओर से हाल ही में मंजूर की गई सेमीकॉन 2.0 और मोबाइल फोन मैन्युफैक्चरिंग स्कीम (एमपीएमएस) को लेकर उद्योग जगत ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। इंडस्ट्री संगठनों का मानना है कि ये दोनों योजनाएं भारत को केवल मोबाइल असेंबली केंद्र से आगे बढ़ाकर संपूर्ण सेमीकंडक्टर वैल्यू चेन विकसित करने में मदद करेंगी और 3.6 लाख से अधिक नए रोजगार सृजित कर सकती हैं।

उद्योग निकायों के अनुसार, सेमीकॉन 2.0 के तहत 40 से 50 अरब डॉलर तक का नया निवेश आकर्षित होने की संभावना है, जिससे 2 से 3 लाख उच्च कौशल (हाई-स्किल्ड) रोजगार पैदा हो सकते हैं। वहीं, मोबाइल फोन मैन्युफैक्चरिंग स्कीम (एमपीएमएस) के जरिए देश में मोबाइल निर्माण को और गति मिलेगी, जिससे 60,000 अतिरिक्त प्रत्यक्ष नौकरियां बनने का अनुमान है। इस योजना से मोबाइल उत्पादन का कुल मूल्य बढ़कर लगभग 39 लाख करोड़ रुपए और निर्यात बढ़कर करीब 15 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच सकता है।

**1.90 लाख करोड़ रुपए का महा बूस्टर प्लान**

**सेमीकॉन 2.0 में 40-50 अरब डॉलर का नया निवेश संभव**



फाइल फोटो

## बढ़ेगा सेमीकंडक्टर निर्माण उपकरणों पर खर्च

आईईएसए और एसईएमआई इंडिया के अध्यक्ष अशोक चंदक ने कहा कि सेमीकॉन 2.0 भारत के लिए नीति निर्माण से बड़े पैमाने पर क्रियान्वयन की दिशा में निर्णायक कदम है। उनके अनुसार, पहले चरण ने भारत की विश्वसनीयता स्थापित की, जबकि दूसरा चरण देश की दीर्घकालिक क्षमता निर्माण पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि दुनिया में सेमीकंडक्टर निर्माण उपकरणों पर खर्च 2028 तक लगभग 230 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है और भारत इस अवसर का लाभ उठाने की मजबूत स्थिति में है। इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) के चेयरमैन पंकज मोहिंद्रू ने कहा कि सरकार की यह नीति निरंतरता भारत को सेमीकंडक्टर उद्योग में वैश्विक स्किल कैपिटल बनाने में मदद करेगी।

### सेमीकॉन 2.0 के लिए 1.27 लाख करोड़ रुपए की मंजूरी

सरकार ने सेमीकॉन 2.0 के लिए 1.27 लाख करोड़ रुपए और एमपीएमएस के लिए 62,500 करोड़ रुपए की मंजूरी दी है। उद्योग संगठनों का कहना है कि इन योजनाओं से घरेलू वैल्यू एडिशन में उल्लेखनीय बढ़ोतरी होगी और भारत वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स सप्लाई चेन में मजबूत स्थिति हासिल करेगा। इंडिया इलेक्ट्रॉनिक्स एंड सेमीकंडक्टर एसोसिएशन ने कहा कि सेमीकॉन 1.0 के तहत पहले ही 20 अरब डॉलर से अधिक के सेमीकंडक्टर प्रोजेक्ट घोषित हो चुके हैं। अब सेमीकॉन 2.0 में सेमीकंडक्टर फैब, एडवांस पैकेजिंग, चिप डिजाइन आदि पर अधिक जोर दिया गया है।

**एक महत्वपूर्ण पहल**

# यूनियन बैंक के 'पंचायत दर्पण' पोर्टल में ऑनलाइन पेमेंट गेटवे शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में ग्रामीण सुशासन और डिजिटल गवर्नेंस को मजबूत बनाने की दिशा में मंत्रालय में एक महत्वपूर्ण पहल की गई।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कैबिनेट बैठक से पूर्व पंचायत दर्पण पोर्टल पर यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के एकीकृत पेमेंट गेटवे का सिंगल क्लिक से शुभारंभ किया। इस सुविधा के शुरू होने से अब प्रदेश की ग्राम पंचायतों के नागरिक घर बैठे सुरक्षित तरीके से पंचायत करों का ऑनलाइन भुगतान कर सकेंगे।



शुभारंभ अवसर

मंत्रालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री सहित मंत्रिमंडल के सदस्यों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के अंचल प्रमुख प्रभात कुमार, इकोसिस्टम हब प्रमुख देवेन्द्र चौबे तथा सहायक महाप्रबंधक पार्थिव सहित बैंक के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

**पंचायतें ऑनलाइन टैक्स बिल जनरेट कर सकेंगी**

नई व्यवस्था के तहत ग्राम पंचायतें अब नागरिकों के नाम से ऑनलाइन टैक्स बिल जनरेट कर सकेंगी। बिल जारी होने के बाद नागरिक किसी भी डिजिटल माध्यम से घर बैठे भुगतान कर सकेंगे और तत्काल ऑनलाइन रसीद भी प्राप्त कर सकेंगे। इससे पंचायत कार्यालयों के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं होगी तथा समय और श्रम दोनों की बचत होगी। सरकार का कहना है कि यह प्रणाली ग्राम पंचायतों की स्वयं की आय बढ़ाने में भी सहायक होगी। केंद्रीय वित्त आयोग की अनुशंसाओं के अनुसार पंचायतों को अपनी आंतरिक आय बढ़ाना आवश्यक है, उन्हें अनुदान की अंतिम किस्त प्राप्त होती है। इस उद्देश्य से पंचायती राज संचालनालय ने एनआईसी, जल निगम और यूनियन बैंक के सहयोग से यह पेमेंट गेटवे विकसित किया है। प्रदेश की 23,011 ग्राम पंचायतों में से 21,365 पंचायतों ने इस व्यवस्था को लागू करने पर सहमति दे दी है।

**50 बड़ी मंडियों में 5 और 10 टीपीएच क्षमता के प्लांट लगाए जा रहे**

# क्लीनिंग, ग्रेडिंग और पैकेजिंग यूनिट्स की स्थापना का मिशन, 20 मंडियों में काम शुरू

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

सरकार ने किसानों को उनकी फसलों का बेहतर और पारदर्शी मूल्य दिलाने के लिए प्रदेश की सभी 259 मंडी समितियों में क्लीनिंग, ग्रेडिंग और पैकेजिंग सुविधाओं के विकास का काम मिशन मोड में शुरू किया है। यह पूरा कार्य इस वित्तीय वर्ष में पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि खरीफ सीजन से पहले किसानों को इसका लाभ मिल सके।

मंडी बोर्ड के प्रबंध संचालक सह आयुक्त कुमार पुरुषोत्तम के मुताबिक इस परियोजना को तीन चरणों में पूरा किया जाएगा। पहले चरण में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना योजना के तहत प्रदेश की 50 बड़ी मंडियों में 5 और 10 टीपीएच क्षमता के प्लांट लगाए जा रहे हैं। इनमें से 20 मंडियों में निविदा प्रक्रिया पूरी होकर काम शुरू हो चुका है, जबकि 30 मंडियों में प्रक्रिया जारी है। इन प्लांट्स का संचालन एक वर्ष तक अनुबंधित कंपनी करेगी और किसानों को क्लीनिंग व ग्रेडिंग सुविधा निशुल्क प्रदान की जाएगी। दूसरे चरण में 89 मंडियों में बीओटी हाइब्रिड वार्षिकी मॉडल (एचएएम) 5 टीपीएच के अंतर्गत आता है क्षमता के प्लांट स्थापित किए जाएंगे। इसमें प्लांट स्थापना और 10 वर्षों तक संचालन शामिल होगा।



फसलों की क्लीनिंग, ग्रेडिंग

**ग्रेन एनालाइजर से होगी जांच**

मंडी प्रांगणों में फसलों की गुणवत्ता जांच के लिए ग्रेन एनालाइजर लगाने की प्रक्रिया भी तेजी से चल रही है। ई-नाम से जुड़ी मंडियों में यह सुविधा अगले दो माह में पूरी कर ली जाएगी। इस उपकरण से फसलों की वैज्ञानिक जांच की जाएगी, जिससे गुणवत्ता का निष्पक्ष मूल्यांकन होगा और किसानों को उनकी उपज का उचित और पारदर्शी मूल्य मिल सकेगा। यह सुविधा किसानों के लिए निःशुल्क रहेगी।

### लगभग 40 लाख रुपए की सहायता, ई-नाम योजना या मंडी बोर्ड निधि से

प्रत्येक प्लांट के लिए लगभग 40 लाख रुपए की पूंजीगत सहायता ई-नाम योजना या मंडी बोर्ड निधि से दी जाएगी। संचालन के दौरान सेवा शुल्क के रूप में 15 रुपए प्रति क्विंटल की दर निर्धारित की गई है। तीसरे चरण में 120 मंडियों में 2 टीपीएच क्षमता के छोटे क्लीनिंग, ग्रेडिंग और पैकेजिंग प्लांट स्थापित किए जाएंगे। इनकी स्थापना ई-नाम योजना और मंडी बोर्ड निधि से की जाएगी।

# पैराक्वाट डाइक्लोराइड खरपतवारनाशी पर लगा तत्काल प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले गंभीर दुष्प्रभावों को देखते हुए व्यापक रूप से उपयोग किए जाने वाले खरपतवारनाशी पैराक्वाट डाइक्लोराइड पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया है। लंबे समय से इस रसायन पर प्रतिबंध को लेकर विचार-विमर्श चल रहा था। सरकार का कहना है कि इसकी विषाक्तता, पॉइजनिंग के बढ़ते मामलों और प्रभावी एंटीडोट की अनुपलब्धता के कारण यह कदम उठाया गया है। सरकारी अधिसूचना के अनुसार, पैराक्वाट डाइक्लोराइड पर दुनिया के 70 से अधिक देशों में पहले ही प्रतिबंध लगाया जा चुका है। इसके पीछे प्रमुख कारण मनुष्यों और पशुओं के स्वास्थ्य पर इसके गंभीर प्रतिकूल प्रभाव बताए गए हैं। सरकार ने मसौदा प्रतिबंध आदेश पर हितधारकों से 13 अगस्त तक आपत्तियां और सुझाव आमंत्रित किए हैं।

**भारत का पहला मल्टी-न्यू एनर्जी व्हीकल (एनईवी) प्लेटफॉर्म**

# एमजी एडॉप्ट का अनावरण, न्यू एनर्जी व्हीकल पोर्टफोलियो को किया मजबूत

एजेंसी ▶▶ गुरुग्राम

जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने एमजी एडाप्ट (एडवांस ड्राइव आर्किटेक्चर प्लेटफॉर्म टेक्नोलॉजी) का अनावरण किया है। यह भारत का पहला मल्टी-न्यू एनर्जी व्हीकल (एनईवी) प्लेटफॉर्म है। फ्यूचर रेडी मॉड्यूलर आर्किटेक्चर के रूप में डिजाइन किया गया एमजी एडाप्ट, इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी), हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहनों (एचईवी), प्लग-इन हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहनों (पीएचईवी) और रेंज एक्सटेंडर इलेक्ट्रिक वाहनों (आरईईवी) का प्रयोग करता है, जो सिंगल इंटेलीजेंट प्लेटफॉर्म पर कई ऊर्जा समाधानों को एक साथ लाता है। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के प्रबंध निदेशक, अनुराग मेहरोत्रा ने कहा कि जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया में, हम मानते हैं कि मोबिलिटी का भविष्य ग्राहकों को उनकी जीवनशैली के लिए सबसे उपयुक्त ऊर्जा समाधान चुनने की स्वतंत्रता देने में है। वह भी बिना प्रदर्शन, दक्षता या ड्राइविंग अनुभव से समझौता किए हुए। एमजी एडाप्ट हमारी न्यू एनर्जी व्हीकल यात्रा में एक निर्णायक मील का पत्थर है और भारतीय ग्राहकों की बदलती जरूरतों के लिए प्रासंगिक विश्व स्तर पर उन्नत प्रौद्योगिकियों को लाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।




# डीजल और एटीएफ निर्यात पर बढ़ाया विंडफॉल टैक्स, पेट्रोल पर शुल्क घटाया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात पर लगने वाले विंडफॉल टैक्स में बड़ा बदलाव किया है। पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच वित्त मंत्रालय ने डीजल और विमान ईंधन के निर्यात पर कर बढ़ा दिया है, पेट्रोल के निर्यात शुल्क में कटौती की गई है। अधिसूचना के अनुसार, डीजल के निर्यात पर स्पेशल एडिशनल एक्साइज ड्यूटी को 8.5 रुपए प्रति लीटर से बढ़ाकर 15.5 रुपए प्रति लीटर कर दिया गया है।

वहीं, विमान ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर टैक्स 7.5 रुपए प्रति लीटर से बढ़ाकर 14.5 रुपए प्रति लीटर कर दिया गया है। दूसरी ओर, पेट्रोल निर्यातकों को राहत देते हुए सरकार ने पेट्रोल पर लगने वाले निर्यात शुल्क को 4 रुपए प्रति लीटर से घटाकर 2.5 रुपए प्रति लीटर कर दिया है।सरकार का मानना है कि वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के कारण निर्यातकों को होने वाले अप्रत्याशित मुनाफे को संतुलित करने और घरेलू बाजार में ईंधन की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है।

हालांकि, आम उपभोक्ताओं के लिए राहत की बात यह है कि इस फैसले का देश में पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों पर कोई सीधा प्रभाव नहीं पड़ेगा। वित्त मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि घरेलू उपभोग के लिए उपलब्ध कराए जाने वाले पेट्रोल और डीजल पर लागू मौजूदा शुल्क दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। यह संशोधित विंडफॉल टैक्स केवल उन पेट्रोलियम उत्पादों पर लागू होगा, जिनका रिफाइनिंग कंपनियां विदेशों में निर्यात करती हैं।

## राशिफल

**मेष** — मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृष** — परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**मिथुन** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यभार में वृद्धि होगी। वाहन सुख में वृद्धि भी हो सकती है। व्यर्थ की चिंता बढ़ सकती हैं।

**कर्क** — क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों कार्यों में सफलता मिलेगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा। संयत रहें।

**सिंह** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा, परन्तु सन्तान के स्वास्थ्य से मन परेशान भी हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

**कन्या** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्चों की अधिकता रहेगी।

**तुला** — किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार पर ध्यान रखें। कारोबारी कार्यों में कठिनाइयां आ सकती है।

**धनु** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। संयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की परेशानी बढ़ सकती हैं।

**मकर** — क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। शैक्षिक कार्यों में मनचाही सफलता मिलेगी।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।

**मीन** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी, परन्तु शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की

## वंदे भारतम अभियान में 50 हजार छात्रों ने दिखाई रुचि

**अहमदाबाद** । अडाणी समूह के चेयरमैन गौतम अडाणी की पहल वंदे भारतम को देशभर के युवाओं से उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिल रही है। देश के प्रमुख आईआईटी, आईआईएम, एनआईटी और अन्य प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में चलाए गए अभियान के बाद 10 दिनों से भी कम समय में 50 हजार से अधिक छात्र इस पहल से जुड़ चुके हैं। अभियान के तहत लखनऊ, कानपुर, भुवनेश्वर, बेंगलुरु, पटना, कोच्चि, भोपाल और इंदौर सहित आठ शहरों के 48 शिक्षण संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों के माध्यम से हजारों छात्रों को वंदे भारतम पहल और उससे मिलने वाले अवसरों की जानकारी दी गई।

## टाटा मोटर्स और यूको बैंक ने साझेदारी की




टाटा मोटर्स ने यूको बैंक के साथ एक समझौता ज्ञापन पर साइन किया है। यूको बैंक भारत के प्रमुख पब्लिक सेक्टर बैंकों में से एक है, जिसकी पूरे देश में मज़बूत मौजूदगी और ब्रांच का बड़ा नेटवर्क है। इस समझौते का मकसद देश भर के ग्राहकों को कमर्शियल गाड़ियों के लिए व्यवस्थित फाइनेंसिंग सुविधाएँ उपलब्ध कराना है। इस साझेदारी से यूको बैंक की मजबूत फाइनेंशियल पहुँच और टाटा मोटर्स का बेहतरीन कमर्शियल गाड़ी पोर्टफोलियो एक साथ आ रहे हैं। इसका साझा लक्ष्य देश भर के ग्राहकों और व्यवसायों के लिए गाड़ी खरीदना आसान और आर्थिक रूप से फायदेमंद बनाना है। यूको बैंक के महाप्रबंधक एवं जोनल हेड, शशिकांत कुमार ने कहा कि टाटा मोटर्स के साथ यह समझौता यूको बैंक की ग्राहक-केंद्रित और नवाचार आधारित वित्तीय सेवाएं उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है।

## भोपाल पहुंचा डाबर ग्लूकोज का 'एनर्जाइज़ इंडिया' अभियान

**भोपाल ।** युवाओं में खेल प्रतिभा को बढ़ावा देने और फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से डाबर के इंस्टेंट एनर्जी ड्रिंक डाबर ग्लूकोज ने अपने राष्ट्रव्यापी 'एनर्जाइज इंडिया' अभियान की शुरुआत की है। अभियान के तहत गुरुवार को भोपाल में युवा खिलाड़ियों के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। आरडी स्पोर्ट्स अकादमी, भोपाल में आयोजित सत्र के दौरान खिलाड़ियों को खेल के दौरान ऊर्जा, स्टैमिना और बेहतर प्रदर्शन के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने बताया कि उचित ऊर्जा प्रबंधन के जरिए खिलाड़ी अपनी क्षमता का बेहतर उपयोग कर सकते हैं। इस अवसर पर अकादमी के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया गया।

## शब्द पहेली - 6289



**बाएँ से दाएँ**
1.यश प्राप्त करना-5
5.चतुर, जहीन-5
9.दया, तरस-3
10.कामदेव-3
11.लीन, तल्लीन-2
13.बोली, आवाज-2
14.राजदुर्वा-2
15.एक प्रकार का बिस्किट-2,3
18.मत, सलाह-2
19.जो लायक न हो-4
20.अधीनस्थ-4
21.कहानी, गाथा-2
22.श्रवणेंद्रिय-2
23.कुएं से पानी भरने का चबूतरा-4
26.दान देने वाला-4
29.वरदान, दूल्हा-2
30.पत्नी का नाना-2,3
33.सूर्य, दिनकर-2
34.भीगा हुआ-2
35.सुर आलाप-2
36.फूलों का रस,अर्क-3
38.तरंग, हिलोर-3
41.जरूरतमंद-5
42.सेंधमार-5

**ऊपर से नीचे**
1.नामकरण-5
2.टैक्स,हाथ-2
3.महीना, मास-2
4.नामवर, प्रसिद्ध-4
5.संधि, सामंजस्य-4
6.सरुर, नशा-2
7.झंकार-2
8.रमण योग्य-5
12.तगारी, नांद-3
13.सुअर-3
15.अभिमान मर्दित होना -2,3
16.समाप्त-2
17.नेकनीयत-5
23.हनुमान-3,2
24.मुलायम-3
25.उम्मीद, आशा-2
27.बहादुरी-3
28.शिव, रविलोचन-2,3
31.नामचीन-4
32.सुसंचालन-4
36.चेहरे का तेज, दर्प-2
37.रिश्तेदार-2
39.अधिकार-2
40.ईश्वर, भगवान-2

**शब्द पहेली- 6288 का हल**



## सूडोकू नवताल - 6299

कठिन



MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल - 6298 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 9 | 2 | 6 | 8 | 5 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 6 | 7 | 4 | 5 | 9 | 2 | 3 |
| 7 | 5 | 2 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 8 |
| 1 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 | 3 | 9 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 1 |
| 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 2 | 1 | 6 | 8 | 7 | 3 | 9 | 4 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 3 | 4 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 4 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 5 |

# फाइनल में अर्जेंटीना-स्पेन ही नहीं मेस्सी और यामल का भी मुकाबला



**न्यूयॉर्क।** विश्व कप फाइनल के लिए मंच सज चुका है जिसमें दुनिया के सर्वश्रेष्ठ आक्रमण वाली टीम अर्जेंटीना का सामना स्पेन की उस टीम से होगा जिसकी रक्षापंक्ति की मजबूती का कोई सानी नहीं है। खिताबी मुकाबले में खेल की दो अलग-अलग शैलियों का टकराव देखने को मिलेगा। टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे अधिक गोल करने वाले खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी और मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना रविवार को ईस्ट रदरफोर्ड, न्यू जर्सी में स्पेन की मजबूत रक्षात्मक टीम से भिड़ेंगे। स्पेन के पास मेस्सी को टक्कर देने के लिए लामिन यामल के रूप में युवा स्ट्राइकर है।

## अर्जेंटीना 7वीं बार फाइनल में

अर्जेंटीना ने अपने 7वें विश्व कप फाइनल में जगह बनाई है। इस टूर्नामेंट से पहले वह 1930, 1978, 1986, 1990, 2014 और 2022 में फाइनल तक पहुंचे थे। इतिहास की बात करें तो खिताबी मैच में अर्जेंटीना का जीत-हार का रिकॉर्ड 3-3 का रहा है। अर्जेंटीना 3 बार 1978, 1986 और 2022 में विश्व कप जीत चुका है।

## अर्जेंटीना में जमकर मना जीत का जश्न

**ब्यूनस आयर्स (अर्जेंटीना)।** मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना की विश्व कप की सेमीफाइनल में इंग्लैंड पर 2-1 की जीत का जश्न मनाने के लिए यहां हजारों फुटबॉल प्रशंसक सड़कों पर उमड़ पड़े। ब्यूनस आयर्स में तब मूसलाधार बारिश हो रही थी लेकिन इससे प्रशंसकों पर कोई असर नहीं पड़ा। इनमें से कई प्रशंसक को अपनी शर्ट उतार कर ही सड़कों पर नाच गा रहे थे। इनमें से कई प्रशंसकों ने अपने शरीर नीले और सफेद राष्ट्रीय रंगों से रंगे थे। युवा लड़के-लड़कियां बिजली के खंभों और ट्रैफिक लाइटों पर चढ़कर अर्जेंटीना के झंडे लहरा रहे थे।

## अटलांटा में दर्शकों के लिए घर जैसा माहौल

**अटलांटा।** अर्जेंटीना के प्रशंसक अपनी राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के प्रति उग्र और जोशीले समर्थन के लिए जाने जाते हैं तथा उनके इस जोश और जुनून ने अटलांटा में इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए विश्व कप सेमीफाइनल में उनकी प्रिय टीम के लिए घर जैसा माहौल बना दिया। यह ब्यूनस आयर्स नहीं था, लेकिन स्टेडियम अर्जेंटीना के समर्थकों से भरा पड़ा था। इनमें केवल अर्जेंटीना के निवासी ही नहीं थे, बल्कि उनकी टीम को चाहने वाले अन्य देशों के कई लोग भी शामिल थे। उन्होंने मैच के दौरान टीम का उत्साह बढ़ाने के लिए गाने गाए, नारे लगाए और जोर-जोर से चिल्लाए। शर्ट उतारकर हवा में लहराई गईं।




## गोल के मामले में ऐसा रहा अर्जेंटीना व स्पेन का सफर

अर्जेंटीना ने टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा 19 गोल किए हैं जबकि टूर्नामेंट में सबसे कम गोल खाने के मामले में स्पेन सबसे आगे है। उसने सिर्फ एक गोल खाया है। ज्ञात हो कि स्पेन ने मंगलवार को पहले सेमीफाइनल में फ्रांस को हराया। इस टूर्नामेंट में वापसी करने में माहिर अर्जेंटीना ने बुधवार को दूसरे सेमीफाइनल में इंग्लैंड को 2-1 से हराकर जीत हासिल की।

## अर्जेंटीना चौथे और स्पेन दूसरे खिताब की दौड़ में

इस वर्ल्ड कप में अर्जेंटीना अपना चौथा खिताब जीतने की कोशिश कर रहा है और ब्राजील के बाद लगातार दो बार विश्व कप चैंपियन बनने की ओर अग्रसर है।

# फीफा वर्ल्ड कप में मेसी ने रचा इतिहास



अर्जेंटीना ने इंग्लैंड को सेमीफाइनल मुकाबले में 2-0 से हराकर फीफा वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में जगह बना ली है। अर्जेंटीना की इस जीत के हीरो कप्तान लियोनेल मेसी रहे, जिन्होंने टीम की ओर से लगे दोनों ही गोल में अहम भूमिका निभाई। अर्जेंटीना की जीत के साथ ही मेसी ने वो मुकाम हासिल कर लिया है, जहां तक अब तक दुनिया का कोई खिलाड़ी नहीं पहुंच सका है। सेमीफाइनल में किए गए दो असिस्ट (गोल करने में मदद) के साथ ही मेसी के नाम अब विश्व कप में कुल 12 असिस्ट हो गए हैं। इसमें से 10 असिस्ट मेसी ने टूर्नामेंट के नॉकआउट मुकाबलों में किए हैं। आंकड़ों के अनुसार, मेसी इस मुकाम तक पहुंचने वाले पहले खिलाड़ी बने हैं। विश्व कप इतिहास में कोई और खिलाड़ी 8 से ज्यादा असिस्ट नहीं कर सका है।

# मेस्सी 'मैजिक' देख इंग्लैंड के खिलाड़ी केन भी हुए कायल

लियोनेल मेस्सी ने सही समय पर अपने कौशल का शानदार नमूना पेश करके अर्जेंटीना को विश्व कप फुटबॉल के सेमीफाइनल में इंग्लैंड पर 2-1 से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई, जिसके बाद प्रतिद्वंद्वी टीम के स्टार खिलाड़ी हैरी केन ने भी उनकी जमकर प्रशंसा की। इंग्लैंड के कप्तान केन ने कहा, ''लियो अब भी बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं। मुझे लगा कि मैच के बड़े हिस्से में हमने उनका बखूबी सामना किया। लेकिन दुनिया के सबसे खतरनाक खिलाड़ियों की तरह जब गेंद अंतिम छोर पर उनके पास होती है तो वह शानदार खेल दिखाते हैं। आज उन्होंने फिर यही किया। वह सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक हैं। मेस्सी ने मौजूदा टूर्नामेंट में अभी तक आठ गोल किए हैं और वह फ्रांस के किलियन एमबाप्पे की बराबरी पर हैं। मेस्सी ने भले ही इंग्लैंड के खिलाफ कोई गोल नहीं किया लेकिन उन्होंने अर्जेंटीना की तरफ से दोनों गोल करने में मदद की। इससे उनकी टीम ने फिर से वापसी करके लगातार दूसरी बार फाइनल में जगह बनाई।

# मालोन और टॉम क्रूज सहित फीफा के समापन समारोह में दिखाई देंगे कई मुख्य कलाकार

**न्यूयॉर्क।** अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ (फीफा) ने कहा है कि विश्वकप 2026 के समापन समारोह में अभिनेता टॉम क्रूज से लेकर स्ट्रीमर आईशोस्पीड तक, कई तरह के कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। अमेरिकी रैपर-गायक पोस्ट मालोन समापन समारोह में मुख्य प्रस्तुति देंगे। यह समारोह रविवार के फाइनल से 90 मिनट पहले आयोजित किया जाएगा। फीफा ने एक बयान में कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य तीन देशों के 16 मेजबान शहरों में 48 टीमों की अविस्मरणीय यात्रा का जश्न मनाना है। **कौन-कौन से कलाकार होंगे मुख्य आकर्षण :** इस समारोह में आईशोस्पीड व टॉम क्रूज सहित इटली की गायिका लौरा पौसिनी, टोनी पुरस्कार विजेता और पुसीकैट डॉल्स की सदस्य निकोल शेर्जिंगर; और ब्रिटिश गायक और टेक दैट के पूर्व सदस्य रॉबी विलियम्स द्वारा प्रस्तुतियां भी शामिल होंगी।

## जापान ओपन

# हान यू को हराकर सिंधू क्वार्टर फाइनल में



एजेंसी ▶▶| तोक्यो

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने बृहस्पतिवार को चीन की विश्व में पांचवें नंबर की खिलाड़ी हान यू को सीधे गेम में हराकर जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया जो उनका मौजूदा सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी है। विश्व रैंकिंग में 10वें नंबर पर काबिज भारतीय खिलाड़ी ने दूसरे दौर के मुकाबले में अपने से उच्च रैंकिंग वाली चीनी शटलर को केवल 35 मिनट में 21-16, 21-14 से पराजित किया।

## धीमी शुरुआत के बाद हासिल की लय

गैर-वरीयता प्राप्त सिंधू ने धीमी शुरुआत के बाद पहले गेम के बीच में लय हासिल की। उन्होंने शटल को सटीक रूप से हिट किया और रैलियों पर हावी होकर बढ़त बना ली। इसके बाद पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू ने दूसरे गेम में पूरी तरह से दबदबा बनाया और 8-0 की बढ़त हासिल करने के बाद आसानी से मुकाबला जीत लिया। इस जीत से सिंधू ने हान के खिलाफ अपना रिकॉर्ड 8-1 कर लिया है।

## अगला मुकाबला जापान की नोजोमी से

इस 31 वर्षीय खिलाड़ी का अगला मुकाबला जापान की नोजोमी ओकुहारा से होगा, जिन्हें शीर्ष वरीयता प्राप्त दक्षिण कोरियाई खिलाड़ी आन से-यंग के दूसरे दौर के मैच से हटने के बाद वॉकओवर मिल गया था।

## तनीशा-कपिला की जोड़ी हुई बाहर

तनीशा क्रास्टो और ध्रुव कपिला की मिश्रित युगल जोड़ी के प्री-क्वार्टर फाइनल में बाहर होने के बाद सिंधू अब टूर्नामेंट में भारत की एकमात्र खिलाड़ी बची हैं। तनीशा और ध्रुव की भारतीय जोड़ी चीन की फेंग यान झे और हुआंग डोंग पिंग की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी से 47 मिनट में 20-22, 17-21 से हार गई।

# एशियाई खेलों में पदक जीतना ही सबसे पहला लक्ष्य : सोनम मस्कर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कभी शौकिया तौर पर निशानेबाजी अपनाने वाली कोल्हापुर की सोनम उत्तम मस्कर अब इस साल सितंबर में होने वाले एशियाई खेलों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए तैयार है। इस 23 वर्षीय 10 मीटर एयर राइफल निशानेबाज ने 2024 में विभिन्न प्रतियोगिताओं में तीन रजत पदक जीतकर अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी पहचान बनाई। इसमें नयी दिल्ली में आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल में उनका शानदार प्रदर्शन भी शामिल है। सोनम चीन के हांगझोऊ में 20 जुलाई से शुरू होने वाले आईएसएसएफ विश्व कप और उसके बाद सितंबर-अक्टूबर में जापान के आइची-नागोया में होने वाले एशियाई खेलों में भी यह लय बरकरार रखने के लिए प्रतिबद्ध है।



## शौकिया रूप से की निशानेबाजी

सोनम ने कहा, ''मुझे शुरू से ही खेलों में दिलचस्पी थी और मैं शतरंज भी खेलती थी। मैं कुछ अलग करना चाहती थी, इसलिए मैंने शौकिया रूप में निशानेबाजी शुरू की। लेकिन जल्द ही यह एक ऐसा शौक बन गया जिसे मैं अपना करियर बनाना चाहती थी।'सोनम ने मुंबई में कॉमर्स की पढ़ाई के दौरान 2018 में पहली बार राइफल उठाई थी। सोनम का अब तक का रिकॉर्ड :सोनम ने नयी दिल्ली में 2024 में आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल में रजत पदक जीता। इससे पहले उन्होंने काहिरा विश्व कप में व्यक्तिगत और मिश्रित टीम पदक जीते थे। इस प्रदर्शन के कारण उन्हें रेलवे में नौकरी मिल गई।


## कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है

| क्र. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | न.नि.ज./प्रकाश/2026 27/13/पी.आर.ओ./389 दिनांक 16/07/2026 | Supply of 500 watt LED Flood Lighting Fitting | 03 माह एवं 494000/- | 2000/- एवं 4940/- | 05/08/2026 1st Call |

निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री (विद्युतीय)
नगर पालिक निगम
जबलपुर

## कार्यालय नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा (म.प्र.)

शुक्ला ग्राउण्ड के पास वार्ड नं. 39 छिंदवाड़ा 480001
दूरभाष एवं फैक्स नंबर:-07162-222346
ई-मेल:- commchhindwara@mpurban.gov.in
commissioner.chhindwara.mpurban@gmail.com
बेबसाईट:- chhindwaranagarnigam.com

क्रमांक/2179/लोनिवि/नपानि/2026-27 **- निविदा सूचना -** छिन्दवाड़ा दिनांक 14/7/26

एतद् द्वारा शासकीय विभागों के उपयुक्त तथा सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | लागत राशि कार्य की समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD _521007_1 Dated 16/07/2026 | वार्ड क्रमांक 03 में सी एल डेहरिया के घर से टेलेंट राइजिंग स्कूल तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 1. 678930 2. 2 माह | 1. 2000 2. 6790 | 31/07/2026 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री नगरपालिक निगम, छिंदवाड़ा**

## हिन्दुजा हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड

HINDUJA HOUSING FINANCE
कार्पोरेट कार्यालय: 167-169, द्वितीय तल, लिटिल माउंट मेट्रो स्टेशन, साईपेठ, चेन्नई- 600015
क्षेत्रीय कार्यालय - ऑफिस संख्या 153, पहली मंजिल, ऑर्बिट मॉल, विजय नगर चौक, ए.बी. रोड इंदौर, म.प्र. - 452010
Email - auction@hindujahousingfinance.com

**परिशिष्ट IV कब्जा नोटिस ( अचल संपत्ति हेतु )**

जहां तक अधोहस्ताक्षरी के अधिकृत अधिकारी होने के नाते हिन्दुआ हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (HHFL) के प्राधिकत अधिकारी और वित्तीय परिसंपत्तियो के पुनर्निर्माण और सुरक्षा इंट्रेस्ट एक्ट 2002 के प्रवर्तन के तहत और सेक्शन 13(12) के तहत (प्रदत्त) शक्तियों के प्रयोग में सुरक्षा इंटेस्ट (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पढ़ा जाता है | उधारक्रताओं को कंपनी के प्राधिकत अधिकारी द्वारा जारी किए गए नोटिस उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर नोटिस में उललेखित राशि को चुकाने के लिए नीचे दिए गए निर्देशों का उल्लेख किया गया है उधारक्रता राषि को चुकाने में विफल रहा है, इस बात की जानकारी उधारक्रताओं, गारंटरो और आम जनता को दी गई है कि अधोहस्ताक्षरी ने संपत्ति क अधिकार में नीचे व्रणित संपत्ति का अधिग्रहण कर लिया है, जो उस पर प्रदान की गई शक्तियों के खंड (4) के अधीन है। उक्त अधिनियम के 13 सुरक्षा SEC प्रवतन नियम 2002 के सह नियम (8) के साथ पढ़े जाते हैं। आम तौर पर जनता को इस बात के सावधान किया जाता है कि उधारक्रता संपत्ति का सौदा न करें और संपत्ति के साथ किसी भी सौदे के लिए एचएफएल के बदलाव का विषय होगा | राशि के अनुसार ब्याज के साथ यहां उल्लेख किया है।

| नाम और पता उधारकर्ता गारंटर / सहउधारकर्ता | डिमांड नोटिस तिथि देय राशि | सुरक्षित संपत्ति का विवरण | कब्जा तारीख एवं प्रकार |
|---|---|---|---|
| MP/JBR/BLGT/A000000213 श्री नरेश हेडाऊ श्री शिवलाल हेडाऊ श्रीमती सेवंती हेडौ | 10/04/2026 Rs. 1038482/- | मौजा सरेखा पी.एच.एन 13/1 वार्ड नंबर 5 आर.एन.एम बैहार तहसील और जिला बालाघाट खसरा नंबर 166/1, 167/1 क्षेत्रफल 0.012 हेक्टेयर, जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं - उत्तर - दहाटे का हिस्सा, दक्षिण - जीवन का हिस्सा, पूर्व - विक्रेता द्वारा छोड़ी गई 20 फीट कच्ची सड़क, पश्चिम - विक्रेता की शेष भूमि। | 09/07/2026 Symbolic |
| MP/JBR/BLGT/A000000380 श्री नरेंद्र नगीने श्रीमती योगेश्वरी नगीने श्री सुरेंद्र नगीने श्री भूधरम नगीने | 10/04/2026 Rs. 517632/- | डोरली गांव, पी.एच.एन 7/23, आर.एन.एम., लालभूरा तहसील, लालभूरा जिला, बालाघाट, मध्य प्रदेश, खसरा नंबर 117/3, क्षेत्रफल 861 वर्ग फुट, की सीमाएँ इस प्रकार हैं: उत्तर में सड़क, दक्षिण में कांता बाई का घर, पूर्व में सड़क और पश्चिम में सुखराम की सीमा। | 11/07/2026 Symbolic |
| MP/JBR/CDWR/A000000401 श्री पंकज गायकवाड श्रीमती जोस्टाना गायकवाड श्रीमती गीता गायकवाड | 10/04/2026 Rs. 857399/- | वार्ड संख्या 12, सिविल लाइन, सौसर, अराज़ी संख्या 1154/62, मौजा - सौसर, पीएचएन, सौसर, तहसील सौसर, जिला पांढुर्ना, मध्य प्रदेश। क्षेत्रफल 1000 वर्ग फुट। सीमाएँ इस प्रकार हैं: उत्तर में विक्रेता की अराज़ी, दक्षिण में विक्रेता की अराज़ी, पूर्व में 20 फुट का कच्चा रास्ता, पश्चिम में विक्रेता की अराज़ी। | 10/07/2026 Symbolic |
| MP/JBR/KTNI/A000000385 श्री अजय सिंह श्रीमती रेखा ठाकुर | 13-04-2026 Rs. 500263/- | ग्राम मौजा मुरवारा पीएचएन क्रमांक 42 एन.बी 493 मकान क्रमांक 518, फॉरेस्टर वार्ड, नगर पालिका निगम, विकासखंड, कटनी, मध्य प्रदेश -483501 में निर्मित। कुल क्षेत्रफल- 922 वर्ग फुट। सीमाएँ: उत्तर: भोलाराम का मकान, दक्षिण: नीलिमा जैन का मकान, पूर्व: तरुण सिंह का मकान, पश्चिम: सड़क। | 13/07/2026 Symbolic |
| MP/JBR/STNA/A000000156 श्री नरेन्द्र कुमार शुक्ला श्रीमती शिल्पी शुक्ला द्रोपदी शुक्ला | 13-04-2026 Rs. 1804402/- | खसरा क्रमांक 188/2/9 मौजा अमरपाटन वार्ड क्रमांक 4, पीएचएन पुराना 26 नया 29, सतना, मध्य प्रदेश- 485775 कुल क्षेत्रफल- 1500 वर्ग फुट सीमाएँ: उत्तर: माया गौतम का घर, दक्षिण: आरसीसी रोड, पूर्व: माया गौतम की अराज़ी, पश्चिम: आरसीसी रोड | 11/07/2026 Symbolic |
| MP/KTN/SHDL/A000000430 श्री रूप लाल कुशवाह श्री गेंदालाल कुशवाह रूपा कुशवाह, गोमती बाई | 13-04-2026 Rs. 1511960/- | खसरा नंबर 429/1 मौजा लालपुर, पी एच उमरिया खास, तहसील बांधवगढ़, उमरिया, मप्र- 484661 कुल क्षेत्रफल- 1000 वर्ग फीट सीमाएं: उत्तर: व्यापार विहार सीमा, दक्षिण: अशोक कुशवाह का घर, पूर्व: कृपाली कुशवाह की जमीन, पश्चिम: सड़क | 13/07/2026 Symbolic |
| MP/KTN/SORA/A000000023 श्री अरुण कुमार लोधी के कानूनी वारिस, श्रीमती केरा बाई | 13-04-2026 Rs. 548041/- | ग्राम मड़िया, पी.एच.एन 28 आरएनएम रीठी, तहसील रीठी खसरा नंबर 604 (बी) पट्टा नंबर 39 (पी), कटनी, एमपी- 483990 कुल क्षेत्रफल- 185 वर्ग मीटर सीमाएं: उत्तर: गांव की सड़क, दक्षिण: व्यक्तिगत भूमि, पूर्व: शकुंतला बाई का घर, पश्चिम: रामप्रसाद का घर | 11/07/2026 Symbolic |

यदि उक्त देनदार / गारंटर उक्त भुगतान एचएचएफएल को नहीं करते हैं, एचएचएफएल उक्त एक्ट की सेक्शन 13( 4 ) व लागू नियमों के तहत पूरी तरह से देनदार / गारंटर के जोखिम, लागत व परिणामों के तहत सिक्योर्ड एसेट के खिलाफ कार्यवाही कर सकते है, विवरण हेतु संपर्क प्रा. अधिकारी संबंधित शाखा ऑफिस हिंदुजा हाऊसिंग फायनेंस लिमिटेड, ऑफिस संख्या 153, पहली मंजिल, ऑर्बिट मॉल, विजय नगर चौक, ए.बी. रोड इंदौर ( म.प्र. ) 452010 एवं मोबाईल नं. Mr. Vaibhav Shrivastava - 7987969803, Rajesh Chakotiya - 8435571111, Divyank Shrivastava - 8318225992, Gourav Naik- 75877 48188

दिनांक - 17/07/2026 प्राधिकृत अधिकारी, हिन्दूजा हाऊसिंग, फायनेंस लिमिटेड

## केनफिन होम्स लिमिटेड

Can Fin Homes Ltd (Sponsor: CANARA BANK) HOME LOANS • DEPOSITS Translating Dreams into Reality
78, प्रथम तल, जे.आर. सामा काम्पलेक्स, गोरखपुर, कटंगा जबलपुर-482001 फोन : 0755 -4921736
Mob:7625079237 E-mail-jabalpur@canfinhomes.com, CIN : L85110KA1987PLC008699

**कब्जा सूचना (अचल संपत्ति हेतु) [नियम 8 (1)]**

सेक्यूरिटाइजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाईनानशियल एसेट्स एण्ड इनफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के तहत प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग के तहत **केनफिन होम्स लिमिटेड** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने निम्न वर्णित दिनांक को निम्न वर्णित उधारकर्ताओं/जमानतदारों को मांग सूचना में दर्शायी गई निम्न वर्णित राशि एवं उस पर संविदात्मक दर से देय ब्याज उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने के लिए जारी किया गया है।
उधारकर्ता ऋण चुकाने में असफल रहे है, अतः उधारकर्ताओं एवं जनसामान्य को यह सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियम 8 के साथ पठित एक्ट के धारा 13 (4) के तहत उन्हें प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, यहाँ नीचे वर्णित प्रत्येक उधारकर्ताओं की संपत्ति का कब्जा निम्न वर्णित दिनांक को ले लिया है।

| क्र. | ऋणी एवं जमानतदार का नाम | बंधक संपत्ति का विवरण | मांग सूचना दिनांक | बकाया राशि | कब्जा दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ऋणी : श्री यश चौधरी एवं श्रीमती सुषमा चौधरी एवं श्री मनोज कुमार चौधरी | **प्राइवेट लेआउट पर स्थित प्रोपर्टी प्लॉट नंबर 122 और 123 खसरा नंबर 484 का भाग, प.ह. नंबर 52, मौजा पडरिया, आर.एन.एम. बड़ौदा, तहसील पनागर, ज़िला जबलपुर, मध्य प्रदेश क्षेत्रफल-** प्लॉट नंबर 122 का एरिया 1000 वर्गफुट है और ग्राउंड फ्लोर का बिल्टअप एरिया 674 वर्गफुट है। प्लॉट नंबर 123 का एरिया भी 1000 वर्गफुट है और ग्राउंड फ्लोर का बिल्टअप एरिया 674 वर्गफुट है। कुल प्लॉट एरिया 2000 वर्गफुट है और ग्राउंड फ्लोर का कुल बिल्टअप एरिया 1348 वर्ग फुट है। **प्लॉट नंबर 122 की चर्तुसीमाएँ:** उत्तरः प्लॉट नंबर 121, दक्षिणः प्लॉट नंबर 123, पूर्वः प्लॉट नंबर 100, पश्चिमः 20 फीट चौड़ी सड़क। **प्लॉट नंबर 123 की चर्तुसीमाएँ:** उत्तरः प्लॉट नंबर 124 राजेंद्र यादव का घर, दक्षिणः प्लॉट नंबर 122, पूर्वः प्लॉट नंबर 101, पश्चिमः 20 फीट चौड़ी सड़क। | 06-05-2026 | ₹ 21,70,504/- +ब्याज एवं अन्य खर्चे | 16.07.2026 |
| 2. | ऋणी : श्री लखन लाल एवं श्रीमती कीर्ति पत्नि लखन लाल | **प्राइवेट लेआउट पर स्थित प्रोपर्टी प्लॉट नंबर 11 और 12, खसरा नंबर 496 का भाग, प.ह.नंबर-52, मौजा पडारिया, आर.एन.एम. बड़ौदा, तहसील पनागर, ज़िला जबलपुर, मध्य प्रदेश, 483220** प्लॉट का कुल एरिया 2000 वर्ग फीट है और प्रस्तावित ग्राउंड फ़्लोर का बिल्ट-अप एरिया 1000 वर्ग फीट है। **प्लॉट नंबर 11 की चर्तुसीमाएँ:** उत्तर में- 20 फीट चौड़ी सड़क, दक्षिण में- विक्रेता की बाकी जमीन, पूर्व में- प्लॉट नंबर 12, पश्चिम में- प्लॉट नंबर 10, **प्लॉट नंबर 12 की चर्तुसीमाएँ:** उत्तर में- 20 फीट चौड़ी सड़क, दक्षिण में- विक्रेता की बाकी जमीन, पूर्व में- विक्रेता की बाकी जमीन, पश्चिम में- प्लॉट नंबर 11 | 06-05-2026 | ₹ 12,59,620/- +ब्याज एवं अन्य खर्चे | 16.07.2026 |

ऋणी एवं जमानतदारों का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को उपलब्ध समय में छुड़ाने (**redeem** कराने) के संबंध में अधिनियम की धारा (13) एवं उपधारा 8 के प्रावधानों के तहत आकर्षित किया जाता है। उधारकर्ताओं को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा निम्नलिखित संपत्तियों के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्तियों के साथ कोई व्यवहार निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज के लिए **केनफिन होम्स लिमिटेड (CFHL)** के अधीन होगा।

हस्ता./-
दिनांक: 16.07.2026 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान: जबलपुर केनफिन होम्स लि., भोपाल

## टोरेंट पावर ग्रिड लिमिटेड

[पंजीकृत कार्यालय: "समन्वय", ६००, तपोवन, अंबावाड़ी, अहमदाबाद - ३८००१५]

**केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग के समक्ष**
६ वीं, ७ वीं और ८ वीं मंजिल, टॉवर बी, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली- ११००२९

**सार्वजनिक सूचना**

**[केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (टैरिफ के निर्धारण के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया, आवेदन का प्रकाशन और अन्य संबंधित मामले) विनियम, २००४ और इसके संशोधन के विनियम ३ के खंड (६) के अनुसरण में प्रकाशित किया गया है]**

१. टोरेंट पावर ग्रिड लिमिटेड ने विद्युत अधिनियम, २००३ की धारा ६२ और ७९ (१)(सी) और (डी) और केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (टैरिफ के नियम और शर्तें) विनियम, २०२४ के साथ पठित केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (व्यवसाय संचालन) विनियम, २०२३ के विनियम १५ (१)(ए) और २३ के तहत "खावड़ा पीएस के ४.५ गीगावॉट आरई इंजेक्शन की निकासी के लिए पारेषण योजना चरण ॥ - भाग डी" के लिए वाणिज्यिक संचालन तिथि से ३१.०३.२०२९ तक की अवधि के लिए टैरिफ के निर्धारण की मांग करते हुए केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग, नई दिल्ली के समक्ष एक याचिका दायर की है।

२. उपर्युक्त पारेषण प्रणाली के लाभार्थी हैं:
(क) सेंट्रल ट्रांसमिशन यूटिलिटी लिमिटेड (ख) पश्चिमी क्षेत्रीय विद्युत समिति (ग) पीटीसी इंडिया लिमिटेड (घ) विद्युत विभाग गोवा (ड) गुजरात ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड (च) मध्य प्रदेश विद्युत प्रबंधन कंपनी लिमिटेड (छ) महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (ज) टोरेंट पावर लिमिटेड (झ) छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत पारेषण कंपनी (ञ) दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (ट) केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण

३. लाइन की लंबाई एवं, ट्रांसमिशन सिस्टम के बे की संख्या:

| पारेषण योजना का दायरा | क्षमता/ कि.मी |
|---|---|
| १. अहमदाबाद एस/एस में पिराना (पीजी) - पिराना (टी) ४०० केवी डी/सी लाइन का ट्विन एचटीएलएस से लिलो, साथ ही पिराना (पीजी) - पिराना (टी) लाइन का ट्विन एचटीएलएस कंडक्टर के साथ रिकंडक्टरिंग एवं मुख्य लाइन और लिलो खंड दोनों के लिए ओपीजीडब्ल्यू। | ६२.८२ कि.मी |
| २. पिराना (टी) ४०० केवी लाइन में अपेक्षित एफओटीई के साथ बे अपग्रेडेशन कार्य - @ | ४०० केवी लाइन बे - पिराना (टी) में २ बे |

@ पिराना (पीजी) और पिराना (टी) में मौजूदा बे की वर्तमान रेटिंग २००० ए है। ०४ नंबर ४०० केवी लाइन बे उन्नयन में पिराना (पीजी) में ०२ बे अपग्रेडेशन और पिराना (टी) में ०२ बे अपग्रेडेशन शामिल हैं। पिराना (टी) अपग्रेडेशन में ४०० केवी बस कपलर बे अपग्रेडेशन और ४०० केवी ट्रांसफर बस कपलर बे अपग्रेडेशन के साथ-साथ बस बार का अपग्रेडेशन भी शामिल होगा।

४. वाणिज्यिक संचालन की तिथि: २४.०२.२०२६
५. सीओडी के आधार पर पूंजीगत लागत: ५११.७६ करोड़ रुपये
६. याचिकाकर्ता बोर्ड द्वारा स्वीकृत पूंजीगत लागत: ८०० करोड़ रुपये
७. टैरिफ का विवरण:

(करोड़ रुपये में)

| ट्रांसमिशन शुल्क | वर्ष-वार टैरिफ निर्धारित करने की मांग की गई है | | | |
|---|---|---|---|---|
| | वित्तीय वर्ष २०२५-२६ (सीओडी से) | वित्तीय वर्ष २०२६-२७ | वित्तीय वर्ष २०२७-२८ | वित्तीय वर्ष २०२८-२९ |
| | ८.१९ | ९०.३५ | ९४.५७ | ९२.४९ |

८. टैरिफ के निर्धारण के लिए किए गए आवेदन की एक प्रति (www.torrentpower.com)वेबसाइट पर पोस्ट की है
९. आवेदन में निहित टैरिफ निर्धारण संबंधी प्रस्तावों पर यदि कोई सुझाव और आपत्तियां हों, वह व्यक्ति सचिव, केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग, ६ वीं, ७ वीं और ८ वीं मंजिल, टॉवर बी, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली - ११००२९ के समक्ष इस नोटिस के प्रकाशन के ३० दिनों के भीतर आवेदक को एक प्रति के साथ दायर की जानी चाहिए।

टोरेंट पावर ग्रिड लिमिटेड
स्थान: अहमदाबाद एसडी/-
दिनांक: १६-०७-२०२६ अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता





# हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

## बेटा खो चुके माता-पिता उम्र की बंदिश से परे आईवीएफ से फिर ले सकेंगे संतान सुख

**जबलपुर।** यदि डॉक्टर महिला को चिकित्सकीय रूप से फिट मानते हैं, तो केवल कानून में दर्ज उम्र की सीमा किसी मां को दोबारा मातृत्व का सुख पाने से नहीं रोक सकती। मप्र हाईकोर्ट ने एक बेहद संवेदनशील मामले में कानून की तकनीकी बंदिशों से ऊपर मानवीय संवेदनाओं को तरजीह देते हुए यह ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने एक 52 वर्षीय याचिकाकर्ता महिला को इन विट्रो फर्टिलाइजेशन तकनीक के जरिए संतान प्राप्ति की अनुमति दे दी है।

**इकलौते जवान बेटे की मौत के बाद सूना हो गया था संसार –**

यह भावुक कर देने वाला मामला एक ऐसे दंपती का है, जिनका इकलौता 21 वर्षीय बेटा पीलिया की बीमारी के कारण असमय काल के गाल में समा गया। इस वज्रपात के बाद दंपती बिल्कुल अकेले रह गए थे। उम्र के इस पड़ाव पर प्राकृतिक रूप से माता-पिता बनना संभव नहीं था, इसलिए उन्होंने विज्ञान की शरण ली।

अस्पताल ने महिला की तमाम मेडिकल जांचें कीं और उन्हें गर्भधारण के लिए शारीरिक रूप से पूरी तरह फिट पाया। लेकिन कानूनी अड़चन तब सामने आई, जब अस्पताल ने केवल इसलिए हाथ खड़े कर दिए क्योंकि सहायक प्रजनन तकनीक (विनियमन) अधिनियम, 2021 के तहत आईवीएफ के लिए महिला की अधिकतम आयु सीमा 50 वर्ष तय है।



**उम्र नहीं बन सकती मां के रास्ते की बाधा –**

इस तकनीकी पेंच के खिलाफ दंपती ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं ने केरल और कलकत्ता हाईकोर्ट के उन फैसलों की मिसाल दी, जहां असाधारण परिस्थितियों में उम्र सीमा में ढील दी गई थी। साथ ही दंपती ने कोर्ट को यह लिखित सहमति भी दी कि वे इस प्रक्रिया के सभी संभावित परिणामों की जिम्मेदारी खुद उठाएंगे और डॉक्टरों को कानूनी दायित्वों से मुक्त रखेंगे।सभी पक्षों और परिस्थितियों को देखने के बाद हाईकोर्ट ने याचिका स्वीकार करते हुए आदेश दिया कि दंपती अपनी पसंद के किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान में आइवीएफ की प्रक्रिया करा सकते हैं। संबंधित संस्थान मेडिकल जांच के आधार पर अंतिम निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र होगा, लेकिन सिर्फ 52 वर्ष की उम्र होने के आधार पर आवेदन को खारिज नहीं किया जा सकता।

# शासन का आश्वासन, डीईओ से शपथपत्र तलब फिर भी दो दिन बाद तक नहीं खुला स्कूल

### हाईकोर्ट की सख्ती के बाद सिंगोद स्कूल खोलने का आदेश जारी

**जबलपुर।** पनागर के सिंगोद शासकीय स्कूल में ताला लगाए जाने के मामले में मप्र हाईकोर्ट की सख्ती के बाद स्कूल खोलने के आदेश जारी किए गए। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने 14 जुलाई को सुनवाई के दौरान पूछा था कि आखिर किसके निर्देश पर स्कूल में ताला लगाया गया। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता अंशुमान सिंह ने पक्ष रखा, जबकि शासन की ओर से शासकीय अधिवक्ता ए.एस. बघेल उपस्थित हुए। शासन ने कोर्ट को बताया कि स्कूल का संचालन जारी रहेगा और 15 जुलाई को ताला खोल दिया जाएगा। साथ ही स्पष्ट किया गया कि विद्यार्थियों को सीएम राइज स्कूल में जबरन स्थानांतरित नहीं किया जाएगा। इच्छुक विद्यार्थी ही वहां प्रवेश ले सकेंगे। कोर्ट ने शासन के इस बयान को रिकॉर्ड पर लेते हुए जिला शिक्षा अधिकारी, जबलपुर को शपथपत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसी दिन कलेक्टर, जबलपुर ने पनागर के बुनियादी स्कूल को सिंगोद स्थानांतरित करने का आदेश भी जारी कर दिया। हालांकि, हाईकोर्ट में शपथपत्र प्रस्तुत किए जाने और स्कूल खोलने के आदेश जारी होने के बावजूद दो दिन बाद तक स्कूल का संचालन शुरू नहीं हो सका। अब मामले की अगली सुनवाई अगले सप्ताह होगी, जिसमें शासन को न्यायालय के समक्ष पूरी स्थिति स्पष्ट करनी होगी।

## 20 फीट गहरे नाले में गिरी कार, 2 युवक घायल

**जबलपुर।** कटंगी रोड पर देर रात एक बड़ा हादसा उस समय टल गया, जब दमोह से जबलपुर लौट रही कार सड़क पर आए एक जानवर को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर करीब 20 फीट गहरे नाले में जा गिरी। दुर्घटना में कार सवार दो युवक घायल हो गए। दोनों ने किसी तरह कार का कांच तोड़कर बाहर निकल अपनी जान बचाई। परिजनों ने उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। गुरुवार सुबह पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त कार को नाले से बाहर निकलवाया।

# रिश्वत में पकड़े गए इंजीनियर ने नहीं छोड़ा दफ्तर!

**जबलपुर।** पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी में प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े करने वाला मामला सामने आया है। रिश्वत प्रकरण में ईओडब्ल्यू की कार्रवाई के बाद पद से हटाए गए अतिरिक्त मुख्य अभियंता प्रहलाद मर्सकोले के तबादले के बावजूद उनके जबलपुर स्थित कार्यालय में बने रहने की चर्चा तेज है। इससे कंपनी प्रबंधन की कार्यप्रणाली और आदेशों के पालन पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। जानकारी के अनुसार, 29 जून को ईओडब्ल्यू ने प्रहलाद मर्सकोले को कथित रूप से 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा था। इसके बाद कंपनी प्रबंधन ने 7 जुलाई को आदेश जारी कर उन्हें अतिरिक्त मुख्य अभियंता पद से हटाते हुए रीवा में कार्यपालन अभियंता के पद पर पदस्थ कर दिया। लेकिन आरोप है कि तबादला आदेश के बाद भी उन्होंने जबलपुर स्थित सिविल कार्यालय का प्रभार पूरी तरह नहीं छोड़ा।

### फाइलों की सुरक्षा संदेह के घेरे में

सूत्रों का दावा है कि तबादले के बावजूद मर्सकोले नियमित रूप से कार्यालय पहुंच रहे हैं। इसे लेकर आशंका जताई जा रही है कि निर्माण कार्यों से जुड़ी महत्वपूर्ण फाइलों और दस्तावेजों की सुरक्षा प्रभावित हो सकती है। विभागीय हलकों में चर्चा है कि उनके कार्यकाल में हुए कई कार्यों की जांच की संभावना है, ऐसे में रिकॉर्ड की पारदर्शिता बनाए रखना बेहद जरूरी है।

### रिश्वत प्रकरण से शुरू हुआ विवाद

बताया जाता है कि एक ठेकेदार के बिल भुगतान के एवज में कथित रूप से रिश्वत मांगने की शिकायत के बाद ईओडब्ल्यू ने कार्रवाई की थी। इसी मामले में मर्सकोले को गिरफ्तार किया गया था। अब सवाल यह उठ रहा है कि तबादला आदेश लागू होने के बाद भी यदि अधिकारी पुराने कार्यालय में सक्रिय हैं, तो इसकी प्रशासनिक अनुमति किस स्तर से मिली है।

### प्रबंधन की चुप्पी पर सवाल

कंपनी प्रबंधन की ओर से अब तक इस स्थिति पर कोई स्पष्ट आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। विभागीय कर्मचारियों के बीच भी यह चर्चा है कि स्थानांतरित अधिकारी के कार्यालय में बने रहने से प्रशासनिक अनुशासन प्रभावित हो सकता है। जानकारों का मानना है कि मामले में शीघ्र स्पष्टता लाना और आवश्यक प्रशासनिक कदम उठाना कंपनी की साख तथा अभिलेखों की सुरक्षा, दोनों के लिए आवश्यक है।

# पीने के पानी की 80% पाइप लाइनें नालियों से गुजर रहीं

## प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की शिकायत पर एनजीटी के सख्त आदेश

**जबलपुर।** जबलपुर में पीने के पानी की 80 प्रतिशत पाइप लाइनें नाला-नालियों से होकर गुजर रही हैं, जिससे सप्लाई हो रहा 47 प्रतिशत पानी पीने योग्य नहीं है। डॉ. पीजी नाजपांडे तथा रजत भार्गव द्वारा नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में दायर इस याचिका पर पूर्व की सुनवाई पश्चात एनजीटी ने समिति गठित कर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को नोडल एजेंसी बनाकर आदेश दिए थे कि स्थल पर निरीक्षण कर विस्तृत रिपोर्ट एक माह के भीतर प्रस्तुत करे, लेकिन एक माह के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की गई। अब 10 जुलाई को एनजीटी में हुई सुनवाई में नोडल एजेंसी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने शिकायत की कि नगर निगम तथा जिला प्रशासन जबलपुर के असहयोग के कारण स्थल निरीक्षण नहीं हो सका। विभिन्न विभागों में आपसी तालमेल भी नहीं है।

**दो सप्ताह में जांच करें, यह अंतिम अवसर**


### भारी आपत्तिजनक

एनजीटी के जस्टिस दिनेश कुमार सिंग तथा एक्सपर्ट मेम्बर सुधीर कुमार ने इस असहयोग को भारी आपत्तिजनक बताया। उन्होंने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को सख्त निर्देश दिए कि दो सप्ताह के भीतर निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें, यह अंतिम अवसर होगा। जस्टिस दिनेश कुमार सिंग तथा एक्सपर्ट मेम्बर ने एनजीटी के रजिस्ट्री को निर्देश दिए कि वह तत्काल कलेक्टर जबलपुर तथा नगर निगम जबलपुर को पत्र लिखकर बताएं कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के साथ स्थल पर जाकर निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु सहयोग करें।सुनवाई में याचिकाकर्ता की ओर से एड. प्रभात यादव ने बताया कि पाइप लाइन 40-50 वर्ष पुरानी हैं, क्षतिग्रस्त तथा क्षीण हो गई हैं, लेकिन उन्हें हटाने या बदलने का कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। डीपीआर भी नहीं बनी है।

# सेनेट्री नेपकिन पैड मशीन हाई कोर्ट महिला कक्ष में प्रदान किए गए

**जबलपुर।** जबलपुर हेल्पिंग एसोसिएशन द्वारा गुरुवार 16/07/2026 को ग्रुप, राजेश गुप्ता एवं राकेश महाजन के सौजन्य से महिला अधिवक्ताओं एवं न्यायालय में आने वाली महिला क्लाइंट्स की सुविधा हेतु सेनेटरी नेपकिन पैड मशीन उच्च न्यायालय महिला कक्ष में प्रदान की गई।कार्यक्रम में वक्ताओं ने अपने विचार रखे एवं कहा कि महिलाओं के स्वास्थ्य, सम्मान और स्वच्छता का ध्यान रखना हम सभी का सामाजिक दायित्व है, यह मशीन आकस्मिक आवश्यकता की स्थिति में महिलाओं को सहज एवं सम्मानजनक सुविधा उपलब्ध कराएगी, ग्रुप का उद्देश्य केवल सेवा करना ही नहीं, बल्कि महिलाओं के प्रति संवेदनशील वातावरण का निर्माण करना भी है, न्यायालय परिसर में यह सुविधा अनेक महिलाओं के लिए उपयोगी सिद्ध होगी। जबलपुर हेल्पिंग एसोसिएशन सदैव समाजहित, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं मानव सेवा के कार्यों में अग्रणी रहा है एवं भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी एवं महिला सशक्तिकरण से जुड़े कार्य करता रहेगा।इस पुनीत कार्य में राजेश गुप्ता, सुधांशु, अरविंद पटेल, पूजा कोष्ठा, चरनजीत सिंघ अरोरा अध्यक्ष, राजेंद्र वर्मा सचिव, गरिमा विश्कर्मा, सरोज दुआ, मध्य प्रदेश हाई कोर्ट एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में महिला अधिवक्ताओं की उपस्थित रही।



# मशीन वाले बाबा का 30वां उर्स शरीफ 19 को

**जबलपुर।** खादिम हाजी मोहम्मद शफी नक्शबंदी खादिम दरगाह शरीफ घंटाघर ने बताया कि हज़रत किब्ला अल्हाज़ बाबा सआदत हुसैन रियाजी, हनफी, नक्शबंदी मुजद्ददी अलनज़मी बाबा मिस्त्री साहेब बाबा मशीन वाले रहमतुल्लाह अलैहे का 30वां उर्स मुबारक घण्टाघर, जबलपुर में माह सफर दिन की 03 तारीख, अंग्रेजी तारीख 19 जुलाई 2026 इतवार को होने जा रहा है। उर्स शरीफ प्रोग्राम के मुताबिक असर और मग़रिब के दर्मियान मज़ारे अक़दस पर चादर शरीफ नज्र की जायेगी। तबररुक तकसीम किया जाएगा। रात 10 बजे महफिले मीलाद पाक होगी। बाद नमाज़ फज कुल शरीफ की फातिहा होगी और तबररुक तकसीम किया जाएगा।

## नोटों की हथकड़ी लेकर प्रदर्शन करेगा मध्य भारत मोर्चा

# लोकायुक्त कार्यालय का होगा घेराव

### भ्रष्टाचार के मामलों में कार्रवाई में देरी के विरोध में डीजीपी (लोकायुक्त) के नाम सौंपा जाएगा

**हरिभूमि, जबलपुर।** भ्रष्टाचार के मामलों में कार्रवाई में कथित देरी और लंबित अभियोजन स्वीकृतियों के विरोध में मध्य भारत मोर्चा शुक्रवार को सिविक सेंटर स्थित लोकायुक्त कार्यालय का घेराव करेगा। संगठन के कार्यकर्ता नोटों से बनी प्रतीकात्मक हथकड़ी लेकर प्रदर्शन करेंगे और इसे भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई में देरी का प्रतीक बताते हुए महानिदेशक पुलिस (लोकायुक्त), भोपाल के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। मोर्चा अध्यक्ष सौरभ यादव के नेतृत्व में दोपहर 4 बजे होने वाले इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के शामिल होने की संभावना है। संगठन का कहना है कि जिन मामलों में लोकायुक्त द्वारा ट्रैप कार्रवाई कर एफआईआर दर्ज की जाती है, उनमें समयबद्ध अभियोजन और विभागीय कार्रवाई भी उतनी ही जरूरी है।

### कटनी रिश्वत प्रकरण को बनाया मुद्दा

मध्य भारत मोर्चा का कहना है कि वर्ष 2022 के कटनी रिश्वत प्रकरण में लोकायुक्त कार्रवाई के बाद भी अभियोजन स्वीकृति और विभागीय कार्रवाई में हुई देरी ने कई सवाल खड़े किए हैं।




संगठन का आरोप है कि यदि रंगे हाथों पकड़े गए मामलों में भी वर्षों तक कार्रवाई पूरी नहीं होती, तो भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान की प्रभावशीलता पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

### प्रतीकात्मक हथकड़ी से देंगे संदेश


मोर्चा के अनुसार, प्रदर्शन में लाई जा रही नोटों की प्रतीकात्मक हथकड़ी यह संदेश देने के लिए है कि भ्रष्टाचार के मामलों में केवल ट्रैप कार्रवाई ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि समयबद्ध कानूनी और विभागीय कार्रवाई भी सुनिश्चित होनी चाहिए।

**ज्ञापन में प्रमुख मांगें**

- लंबित भ्रष्टाचार प्रकरणों की समयबद्ध समीक्षा।
- अभियोजन स्वीकृति में देरी के कारणों की जांच।
- डेरी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय करना।
- भ्रष्टाचार के मामलों के त्वरित निराकरण के लिए स्पष्ट समय-सीमा लागू करना।
- .लंबित मामलों की राज्यस्तरीय निगरानी

### निगाहें लोकायुक्त पर

प्रदर्शन के बाद ज्ञापन लोकायुक्त संगठन के माध्यम से भोपाल भेजा जाएगा। अब यह देखना होगा कि संगठन द्वारा उठाए गए मुद्दों पर लोकायुक्त और राज्य शासन की ओर से क्या प्रतिक्रिया सामने आती है।



हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240

# भव्य और दिव्य रथ में सवार होकर भक्तों को दर्शन देने निकले भगवान जगन्नाथ

## साहू समाज द्वारा वर्ष 1890 से अनवरत निकाली जा रही भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा

**जबलपुर। जगन्नाथ पुरी की तरह ही जबलपुर में रथयात्रा का इतिहास वर्षों पुराना है, यहाँ भी भगवान जगदीश के मंदिरों से आषाढ़ शुक्ल द्वितीया को भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली जाती है। वात्री साहू समाज द्वारा संचालित श्री जगदीश स्वामी कर्मा माई शंकर भगवान मंदिर ट्रस्ट द्वारा भी विगत 136 वर्षों से अनवरत भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली जा रही है, यह यात्रा का 137 वां वर्ष है।**



साहू समाज द्वारा निकाली गई भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा साहू धर्मशाला गढ़ाफाटक से प्रारम्भ हुई जो चरहाई, बड़े महावीर मंदिर, बड़ा फुहारा, कमानिया गेट, सराफा चौक, कोतवाली, मिलोनीगंज, घोड़ा नक्कास, हनुमानताल होते हुए बड़ी खेरमाई मंदिर पहुंची, जहाँ सिंह वाहनी मंदिर में भगवान को विराजित कर आरती पूजन किया गया। साहू समाज के कोठिया श्रीकान्त साहू ने बताया हमारे पूर्वज जब जगन्नाथ पुरी तीर्थ दर्शन को गए तब उन्हें भी लगा कि जबलपुर में भी भगवान का मंदिर होना चाहिए और यहाँ भी रथयात्रा का आयोजन होना चाहिए, और उन्होंने 137 वर्ष पूर्व छोटे रूप में रथयात्रा की शुरुआत की जो आज वृहत रूप ले चुकी है। भगवान की काष्ठ प्रतिमा जगन्नाथ पुरी में स्थापित प्रतिमा की लकड़ी से बनी - श्री साहू ने बताया हमारे मंदिर में स्थापित भगवान जगन्नाथ स्वामी, भाई बलभद्र एवं बहिन देवी सुभद्रा की काष्ठ प्रतिमायें उसी लकड़ी से निर्मित हुई है जिनसे जगन्नाथ पुरी में स्थापित प्रतिमा का निर्माण हुआ था।इन्हीं की शुरुआत - साहू समाज द्वारा जगन्नाथ रथयात्रा की शुरुआत स्व. वीरनलाल चौधरी, स्व नारायण प्रसाद मेहते, स्व बाबूलाल साहू, स्व खिस्तेलाल मेट, स्व भगोले लाल साहू, ने की जिसे उनकी अगली पीढ़ी के स्वर्गीय लल्लूलाल मेहते, स्व चौधरी वीरन साहू, स्व चौधरी दुलीचंद साहू, स्व कोठिया लल्लूलाल साहू, स्व सरतारे लाल साहू ने आगे बढ़ाया।

अब चौधरी मुकेश कुमार साहू, मुखिया मेहते राजेंद्र साहू, रविशंकर साहू, उमाशंकर साहू, निशांत साहू, विशाल साहू, आकाश साहू, चेतन साहू, आदित्य साहू इस परंपरा को आगे ले जा रहे है। साहू धर्मशाला गढ़ा फाटक स्थित अस्थाई मंदिर में प्रातः 6 बजे भगवान के श्रृंगार के पश्चात पूजन अर्चन किया गया इसके बाद लगातार श्रद्धालुओं न मंदिर पहुंचकर भगवान के दर्शन किये. रथयात्रा महोत्सव के मुख्य अतिथि जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन के साथ सभी सामाजिक जनों एवं भक्तो ने महाआरती की।

**12 दिनों तक भाई बहिन के साथ मौसी के घर में मेहमानी करेंगे भगवान** - रथयात्रा में भक्तो को दर्शन देते हुए भगवान जगन्नाथ स्वामी अपने भाई बलभद्र, बहिन सुभद्रा के साथ अपनी मौसी के घर में 12 दिनों तक मेहमानी करेंगे.श्रीकांत साहू ने बताया जिस तरह जगन्नाथ पुरी में भगवान गुंडीचा मंदिर स्थित अपनी मौसी के घर में मेहमान बनते है उसी परम्परा को आगे बढ़ाते हुए साहू समाज ने भी रथयात्रा के बाद भगवान को बड़ी खेरमाई स्थित सिंहवाहनी मंदिर को भगवान की मौसी के घर के रूप माना है और 12 दिनों तक भगवान वहां विराजित रहेंगे इसके बाद गुरु पूर्णिमा के अवसर पर 29 जुलाई को वापसी रथयात्रा निकाली जाएगी। रथयात्रा में सांसद श्री आशीष दुबे, विधायक लखन घनघोरिया, जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन, भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, पूर्व महापौर प्रभात साहू, तेलघानी बोर्ड पूर्व अध्यक्ष रविकिरण साहू, पूर्व विधायक शरद जैन, विनय सक्सेना, धीरज पटेरिया, एमआईसी सदस्य रजनी कैलाश साहू, पंकज दुबे, सोनू बचवानी, रंजीत पटेल, मुकेश चौधरी, राधेश्याम साहू, रविशंकर साहू, हरीश साहू, नरेन्द्र साहू, राजेश साहू, मनीष साहू, आभा दीपक साहू, वीरेंद्र साहू, उमेश साहू, डॉ पुरुषोत्तम साहू, देशराज सिंह के साथ गणमान्य जन शामिल हुए।



# जबलपुर संस्कारधानी के कोने-कोने में विठ्ठल भक्ति में लीन वारकरी भक्त

**श्री गजानन महाराज मंदिर यादव कालोनी में विठ्ठल वारी यात्रा की चक्रीय आरती संपन्न**

**जबलपुर।** विठ्ठल उभे राहा घरी, विठ्ठल विठ्ठल विठ्ठला पांडुरंग विठ्ठला, सुंदर पैठाना उभे रहा विटेवरी, श्रीहरि विठ्ठल रखुमाई की भक्ति में लीन वारकरी भक्त हरिनाम संकीर्तन करते हुए, जबलपुर के मार्गों में महाराष्ट्र पंढरपुर जैसी छटा बिखेरते हुए श्रद्धालु भक्तों की आस्था दिखाई दी। आषाढ़ी कार्तिकी वारी महामंडल द्वारा प्रतिवर्ष देवशयनी एकादशी पर पंढरपुर महाराष्ट्र की तर्ज पर विठ्ठल वारी, सामाजिक समरसता यात्रा 25 जुलाई को सायं 4 बजे दत्त मंदिर गोलबाजार से प्रारंभ होकर विठ्ठल रखुमाई मंदिर राजा रसगुल्ला गली तक जायेगी। इस अवसर पर जबलपुर में 18 दिवसीय चक्रीय आरती का आयोजन किया जा रहा है। आज हरिनाम संकीर्तन यात्रा, प्रभात कालोनी, राज किराना स्टोर, यादव कालोनी, जय नगर से गजानन महाराज मंदिर में हरिनाम संकीर्तन, विठ्ठल रखुमाई नाम स्मरण कर पंच आरती कर सामूहिक नर्मदा अष्टक का पाठ किया गया।विठ्ठल चक्रीय आरती में स्वाति सदानंद गोडबोले, संतोष गोड़बोले, पार्षद अंशुल राघवेन्द्र यादव, पार्षद सोनिया रंजीत सिंह, भालचंद्र टांगसाळे, राकेश ताम्हणकर, प्रशांत कुलकर्णी, हेमंत पोहरकर, शैलेन्द्र सिंह, राकेश पटेल, प्रवीण मजूमदार, अभय सवडकर, सीमा तो प खा ने वा ले, दत्तात्रेय कुलकर्णी, चित्रा दुगवेकर, विनोद दीवे, माधुरी दिगवेकर, सदानंद गोडबोले, प्रवीण विप्रदास, संजय आप्टे, श्रीकांत बापट, सचिन नाजवाले, भास्कर वर्तक, राजेश तोपखाने वाले, हेमंत पोहरकर, विध्येश भापकर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित रहे। इसी क्रम में 15 जुलाई शाम 6 बजे विवेकानंद वार्ड के एचबी कॉलेज से प्रारंभ होकर रामेश्वरम कालोनी भ्रमण कर श्री सतगुरु दरबार में चक्रीय आरती संपन्न हुई।

## बारादरी दरगाह में सालाना उर्स अकीदत व कौमी एकता के साथ सम्पन्न

**जबलपुर।** रानीताल चौक स्थित हज़रत सैयद शाह मीर सलामत अली रहमतुल्लाह अलैह एवं हज़रत सैयद हुज्जवर अली रहमतुल्लाह अलैह (बाबा बारादरी) दरगाह का सालाना दो दिवसीय उर्स अकीदत, शानो-शौकत और कौमी एकता के माहौल में सम्पन्न हुआ। उर्स के दोनों दिनों में दरगाह के ख़ादिम सैयद आशिक अली एवं सैयद जाहिद अली के निवास, उपरैनगंज (कोतवाली) से चादर एवं संदल का जुलूस निकाला गया। दरगाह पहुंचकर कुरआनख़्वानी, फ़ातेहा, सलातो-सलाम के बाद चादर और संदल पेश किया गया। उर्स में शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत की तथा लंगर में शामिल होकर फ़ैज़ हासिल किया।

# 350 करोड़ के स्कूल यूनिफॉर्म टेंडर पर हाई कोर्ट की अंतरिम रोक

## एमएसएमई व बुनकरों को जगी उम्मीद

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ताओं के पक्ष में अंतरिम राहत प्रदान की है। एसीजे विवेक रूसिया व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने कहा कि अगली सुनवाई तक 350 करोड़ के यूनिफॉर्म के टेंडर की प्रक्रिया को अंतिम रूप नहीं दिया जाएगा। राज्य सरकार व अन्य प्रतिवादियों को अपना जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।



यह याचिका जबलपुर अपैरल इनोवेशन एंड मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन (जाइमा) द्वारा स्थानीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) और वस्त्र उद्योगों के हितों की रक्षा के लिए दायर की गई है। याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता विमल कांत जैन ने प्रभावी पक्ष रखा। जाइमा के सह-सचिव अजित मोदी के अनुसार, पाठ्यपुस्तक निगम द्वारा जारी लगभग 350 करोड़ रुपये के यूनिफॉर्म टेंडर की पात्रता शर्तें अत्यधिक प्रतिबंधात्मक हैं, जिससे स्थानीय लघु उद्योग व बुनकर निविदा प्रक्रिया से बाहर हो जा ते हैं। स्पिनिंग मिल के लिए 700 करोड़ रुपये व गारमेंट निर्माता के लिए 233 करोड़ रुपये का वार्षिक टर्नओवर अनिवार्य कर दिया गया।350 करोड़ रुपये की नेटवर्थ और करीब 1.95 करोड़ रुपये की ईएमडी की बाध्यता व प्रतिवर्ष 50 लाख यूनिफॉर्म बनाने की क्षमता तथा तीन वर्षों में 105 करोड़ रुपये के समान कार्य का अनुभव अनिवार्य कर दिया गया। याचिका में कहा गया कि ये शर्तें मध्य प्रदेश स्टोर परचेज नियम, 2023 की मूल भावना के खिलाफ हैं और कुछ चुनिंदा बड़ी कंपनियों को लाभ पहुंचाने के लिए बनाई गई हैं। यह एमएसएमई मंत्री चैतन्य कश्यप के उस सार्वजनिक बयान के भी विपरीत है जिसमें उन्होंने मेक इन मध्य प्रदेश और स्थानीय उद्योगों को प्राथमिकता देने की बात कही थी। मध्य प्रदेश पावरलूम बुनकर समिति ने भी इस न्यायिक पहल का स्वागत करते हुए कहा कि इससे स्थानीय रोजगार और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा का संरक्षण होगा।

## राकेश भदौरिया, विवेक सिंह व आरके सिंह सैनी आगे

**जबलपुर** । एमपी स्टेट बार काउंसिल निर्वाचन-2026 की प्रथम वरीयता के मतों की गिनती अंतिम चरण में पहुंच गई है। गुरुवार को रीवा जिले की मतपेटियों की मतगणना पूरी हुई।वर्तमान चरण में राकेश सिंह भदौरिया, विवेक सिंह, आरके सिंह सैनी, हितोषी जय हार्डिया और अखिलेश कुमार सक्सेना बढ़त पर हैं। महिला प्रत्याशियों में प्रतीका पाठक, प्रवीण तिवारी, अन्नू पटेल, प्रतिभा वालिया और रश्मि ऋतु जैन को बढ़त मिली है। अब तक 62 हजार में से 45,294 मतों की गणना हो चुकी है, जिनमें 43,727 मत वैध और 1,567 मत निरस्त पाए गए हैं। मतगणना तेज गति से जारी है। मतगणना स्थल पर सुरक्षा और व्यवस्थाओं के बीच प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संचालित की जा रही है। परिषद ने बताया कि मतगणना का प्रतिदिन सीधा प्रसारण उसके यूट्यूब चैनल पर किया जा रहा है तथा प्रत्येक चरण की जानकारी आधिकारिक वेबसाइट पर भी उपलब्ध कराई जा रही है।

## मेट्रो प्राइम हॉस्पिटल के स्थापना दिवस पर लगा रक्तदान शिविर

**जबलपुर।** दमोहनाका स्थित बड़ेरिया मेट्रो प्राइम हॉस्पिटल ने अपनी स्थापना के 19 वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण कर 20वें वर्ष में प्रवेश के उपलक्ष्य में गुरुवार को एक विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। रक्तदाताओं में मानव सेवा के प्रति विशेष उत्साह देखने को मिला। अस्पताल प्रबंधन द्वारा रक्तदाताओं का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया तथा उन्हें प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति-चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।अस्पताल के डायरेक्टर राजीव बड़ेरिया ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी रक्तदाताओं, अतिथियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बड़ेरिया मेट्रो प्राइम हॉस्पिटल अपनी स्थापना के समय से ही उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाओं के साथ-साथ सामाजिक दायित्वों का भी पूरी निष्ठा से निर्वहन करता आ रहा है। इस अवसर पर अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. शैलेंद्र सिंह राजपूत, डॉ. राजेश पटेल, डॉ. अजय सेठ, डॉ. केके वर्मा, डॉ. जीतेन्द्र परियानी, डॉ. महेश शर्मा, डॉ. प्राची शर्मा, डॉ. श्रद्धा, राजीव सावंत, डॉ. राहुल चतुर्वेदी, डॉ. अरविन्द जैन, डॉ. प्रियंक दुबे, डॉ. शरद जैन उपस्थित रहे।



# नवमीं की पूरक परीक्षा देने गई नाबालिग 41 दिन बाद भी घर नहीं लौटी

## हैबियस कार्पस याचिका पर सुनवाई, एसपी व थाना प्रभारी से स्टेटस रिपोर्ट तलब, बरामद होने पर कोर्ट में पेश करने के निर्देश

**जबलपुर । मप्र हाईकोर्ट ने छतरपुर जिले के बड़ामलहरा से 41 दिन से लापता नाबालिग छात्रा के मामले में पुलिस की कार्रवाई पर जवाब तलब किया है।**

एसीजे विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने पुलिस अधीक्षक, छतरपुर और थाना प्रभारी, बड़ामलहरा को प्रकरण की स्टेटस रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही स्पष्ट किया है कि बालिका के बरामद होते ही उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया जाए। छतरपुर जिले के बड़ामलहरा निवासी महिला की ओर से दलील दी गई कि नाबालिग पुत्री निकिता साहू पांच जून, 2026 को सीएम राइज स्कूल में कक्षा नौ की पूरक परीक्षा देने गई थी, लेकिन घर नहीं लौटी। आरोप है कि प्रतिवादी युवक उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गए। अन्य अनावेदकों ने उसका साथ दिया है। उसी दिन गुमशुदगी और एफआइआर दर्ज होने के बाद भी अब तक बालिका का पता नहीं चल सका। पुलिस अधीक्षक को कई आवेदन देने के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं होने पर हाई कोर्ट की शरण ली गई। राज्य शासन की ओर से शासकीय अधिवक्ता राजवर्धन दत्त पधरिया उपस्थित हुए। खंडपीठ ने निजी प्रतिवादियों को नोटिस जारी करने की प्रक्रिया भी प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

# कंट्रोल रूम प्रभारी सतीश झारिया बने टीआई



## सनसनीखेज हत्याकांडों की गुत्थियां सुलझाने वाले अधिकारी के कंधों पर पुलिस कप्तान ने लगाए तीन सितारे

**हरिभूमि, जबलपुर।** जिले में अपनी सटीक विवेचना और अपराधों के वैज्ञानिक अन्वेषण के लिए अलग पहचान बना चुके कंट्रोल रूम प्रभारी सतीश झारिया को निरीक्षक (टीआई) पद पर पदोन्नत किया गया है। पुलिस मुख्यालय के आदेश के बाद वरिष्ठ पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय एवं एएसपी (क्राइम) जितेंद्र सिंह ने उनके कंधों पर निरीक्षक के तीन सितारे सजाकर नई जिम्मेदारी सौंपी। इसी क्रम में उपनिरीक्षक राहुल बघेल और चंद्रकांत झा भी निरीक्षक पद पर पदोन्नत हुए।

**दक्ष विवेचक के रूप में बनाई अलग पहचान**-वर्तमान में कंट्रोल रूम प्रभारी के रूप में पदस्थ सतीश झारिया को जबलपुर पुलिस के चुनिंदा दक्ष विवेचकों में माना जाता है। ओमती, धनवंतरी नगर और रांझी सहित विभिन्न थानों में सेवाकाल के दौरान उन्होंने कई अंधी और जघन्य हत्याओं की गुत्थियां सुलझाकर न केवल अपराधियों को सलाखों तक पहुंचाया, बल्कि मजबूत साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय से उन्हें कठोर सजा भी दिलवाई।**धनवंतरी नगर और रांझी के हत्याकांड बने मिसाल**-झारिया के करियर का सबसे चर्चित मामला धनवंतरी नगर का रहा, जहां गोटेगांव के एक युवक की हत्या कर शव के टुकड़े कर अलग-अलग पॉलीथिन में भरकर नाले में फेंक दिए गए थे। सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्य और सूक्ष्म विवेचना के आधार पर पुलिस हत्यारों तक पहुंची। वहीं रांझी क्षेत्र में जली हुई लाश की पहचान डीएनए परीक्षण से कर हत्या का खुलासा किया गया, जिसमें तीन आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा हुई।

**हाई-प्रोफाइल मामलों में भी दर्ज कराई सफलता**-सतीश झारिया ने ओमती थाना क्षेत्र में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर स्वयं को जेडीए अध्यक्ष बताने वाले आरोपी को न्यायालय से पांच वर्ष की सजा दिलाने में अहम भूमिका निभाई। बहुचर्चित वेदिका ठाकुर हत्याकांड में साक्ष्य छिपाने के मामले में दोषी पाए गए स्वयंभू डॉक्टर अमित खरे को दो वर्ष के कारावास की सजा दिलाने वाली विवेचना भी उनके नेतृत्व में हुई। इसके अलावा पाटन के टिमरी सामूहिक हत्याकांड के फरार आरोपियों की गिरफ्तारी में भी उनकी भूमिका उल्लेखनीय रही।

## प्रतिभा सम्मान समारोह में 25 विद्यार्थी हुए सम्मानित

**जबलपुर।** आदिवासी शासकीय, अधिकारी/ कर्मचारी संघ म.प्र. के प्रान्तीय अध्यक्ष एस.पी. मरावी एवं उप प्रान्ताध्यक्ष ने बताया कि विगत वर्षानुसार इस वर्ष भी कक्षा 12वीं में 75%. या इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले समाज के विद्यार्थियों का प्रतिभा सम्मान समारोह वृन्दावन रेस्टॉरेन्ट शास्त्रीनगर जबलपुर में आयोजित किया गया। आयोजन के दौरान आदिवासी नृत्यों की प्रस्तुतियाँ दी गई, जिसमें आदिवासी संस्कृति की झलक दिखाई दी। समाज के 25 छात्र-छात्राओं को मैडल, प्रमाणपत्र एवं एक हजार एक सौ रुपये की नगद राशि से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संघ के हरी सिंह गोंड़, एच.एस. मरकाम, के.एस, मरकाम, एस.पी. मरावी, एल.एल. तेकाम, एसके प्रधान, मिलन बरकडे, महेश भलावी, राजेश कुशराम एवं सैकड़ों अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं आरती उम्र 34 वर्ष पति स्व. अखिलेश ठाकुर निवासी संजीवनी नगर, वीर सावरकर वार्ड पूरूवा गढ़ा जबलपुर म.प्र. आधार क्र. 6309 1886 9907 शपथपूर्वक निम्न कथन करता हू कि मेरे पति स्व. अखिलेश ठाकुर के नाम से बैक ऑफ बड़ोदा शाखा विजय नगर में खातां. क्र. 35388100014821 है इसमें नामिनी के रूप में मेरा नाम कल्पना राजपूत लिखा है। मेरे पति स्व. अखिलेश ठाकुर की मृत्यु दिनांक 15/05/2026 को हो चुकी है। यह कि मेरे आधार कार्ड क्र. 6309 1886 9907 मे एवं मेरे अन्य सभी दस्तावेजो मे मेरा नाम आरती लिखा है। यह कि कल्पना राजपूत एवं आरती ये दोनो ही नाम मेरे है याने एक ही महिला के नाम है जो सही व सत्य है। यह कि नाम के संबंध मे दी गई जानकारी पूर्णतः सही व सत्य है।

**CHANGE OF NAME**

I, hitherto known as Bhanumati Sahu, W/O Kedarnath, R/O-Near Jain Mandir, Sonpur, Beerner, Jabalpur, Madhya Pradesh - 482005, have changed my name and shall hereafter be known as Bhanmati Bai Sahu. It is certified that I have complied other legal requirements in this connection. That I am presenting a request letter to THE CONTROLLER OF PUBLICATION, DEPARTMENT OF PUBLICATION to publish a Gazette Notification for changing the name of my minor son. DEPONENT

**नाम सुधार**

मैं श्रीमती लीलावती तिवारी पति श्री कमलनाथ दुबे निवासी 5/290 विकास नगर कृषि उपजमंडी जबलपुर शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करती हूं कि- यह कि विवाह के पूर्व मेरा नाम लीला तिवारी पिता जागेश्वर प्रसाद तिवारी था। यह कि मेरा विवाह कमलनाथ दुबे पिता छोटेलाल दुबे, दमोह निवासी से दिनांक 17.02.1991 को संपन्न हुआ था। यह कि विवाह उपरांत मेरा नाम लीलावती दुबे पति कमलनाथ दुबे के नाम से जानी पहचानी जा रही हूं। यह कि आधारकार्ड एवं अन्य सभी शासकीय दस्तावेजों में मेरा नाम लीलावती तिवारी दर्ज है। यहकि श्रीमती लीला तिवारी,श्रीमती लीलावती दुबे एवं लीलावती तिवारी उक्त तीनों नाम एक ही महिला अर्थात् मुझ शपथकर्ता के ही नाम है और मैं उक्त तीनों नामों से जानी पहचानी जाती हूं। यह कि स्व. कमलनाथ दुबे की मृत्यु (दिनांक 20.12.2024) के उपरांत उनकी पेंशन मुझे लीलावती तिवारी के नाम से प्रदान किये जाने के आशय से शपथपत्र प्रस्तुत कर रही हूं।

लीलावती तिवारी

**नाम सुधार**

मैं सौम्या चिमनानी (Saumya Chimnani) पति श्री रोहित चिमनानी शपथपूर्वक कथन करती हूं कि -यह कि, मैं शपथकर्ती उपरोक्त पते की निवासी हूं। यह कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम सौम्या चिमनानी (Saumya Chimnani) पति श्री रोहित चिमनानी दर्ज है। यह कि शादी के पहले मुझे पूजा मनोहरलाल भटेजा(Pooja Manoharlal Batheja) के नाम से जाना व पहचाना जाता था। यह कि मेरी शादी श्री रोहित चिमनानी पिता कन्हैया लाल चिमनानी निवासी-ए-307, कटारिया थीम पार्क, तिलहरी, बिलहरी जिला जबलपुर म.प्र.- 482020 के साथ दिनांक 27/10/2015 को सिंधी रिति-रिवाज के साथ संपन्न हुई है। यह कि मैं पूर्ण रूपसे सत्यापित करती हूं कि जो शादी से पहले मेरा नाम पूजा मनोहरलाल भटेजा (Pooja Manoharlal Batheja)एवं शादी के बाद मेरा नाम सौम्या चिमनानी (Saumya Chimnani) पति श्री रोहित चिमनानी है यह दोनों नाम मेरे स्वयं के नाम है तथा एक ही महिला के नाम है एवं मुझे मेरे नये नाम सौम्या चिमनानी (Saumya Chimnani) पति श्री रोहित चिमनानी के नाम से मुझे जाना व पहचाना जावे एवं लिखा और पढ़ा जावे। अतः इस वास्ते यह शपथ पत्र आपके समक्ष प्रस्तुत है।

पुराना नाम- पूजा मनोहरलाल भटेजा (Pooja Manoharlal Batheja)
नया नाम-सौम्या चिमनानी (Saumya Chimnani)

**नाम एंव जन्मतिथि परिवर्तन सूचना**

I, BALI DEVI ACHARYA is legally MOTHER of ARMY NO-17022676F, Rank- CFN, Name-RATNESH ACHARYA presently residing at Vill-KADISHANA, POST- KADISHANA, Teh -SHAHPURA, Distt-BHILWARA,State-RAJASTHAN, PIN- 311404 शपथपूर्वक नि. लि. कथन करती हूँ कि मेरे बेटे के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम एंव जन्मतिथि BALI DEVI & 06/09/1967 दर्ज है। जो कि गलत है। यह कि मेरे आधार कार्ड एंव अन्य दस्तावेजो में मेरा नाम एंव जन्मतिथि BALI DEVI ACHARYA & 01/01/1971 दर्ज हैं। जो कि सही है मेरे नाम को पढा व सुना एंव मेरे बेटे के सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जाए । द्वारा शपथ पत्र नं. 38AA617946 दिनांक 16-07-26 नोटरी जबलपुर मप्र।

गलत नाम एंव जन्मतिथि
BALI DEVI / 06-09-1967
सही नाम एंव जन्मतिथि
BALI DEVI ACHARYA / 01-01-1971

**जन्मतिथि परिवर्तन सूचना**

I, SANKAR CHANDRA KOLEY & JAYANTI KOLEY is legally FATHER & MOTHER of ARMY NO- 15189023P, Rank - HAV, Name- KUSHADHWAJ KOLEY of 1 MP Arty Regiment NCC Jabalpur, presently residing at Vill RAMBAGRA POST - LEGO Teh - BISHNUPUR, Distt BANKURA, State- WEST BENGAL PIN- 722141 शपथपूर्वक नि. लि. कथन करता हूँ करती हू कि हमारे बेटे के सर्विस रिकार्ड में हमारी जन्मतिथि 01-01-1963 (father) & 01-01-1967 (Mother) दर्ज है। जो कि गलत है। यह कि हमारे आधार कार्ड एंव अन्य दस्तावेजो में हमारी जन्मतिथि 08-01-1962 (father) & 15-05-1968 (Mother) दर्ज हैं। जो कि सही है हमारी जन्मतिथि को पढा व सुना एंव हमारे बेटे के सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जाए। द्वारा शपथ पत्र नं. B382136 दिनांक 23/06/26 नोटरी जबलपुर म. प्र.।

| | |
|---|---|
| गलत नाम एंव जन्मतिथि | FATHER- 01-01-1963<br>MOTHER- 01-01-1967. |
| सही नाम एंव जन्मतिथि | FATHER - 08-01-1962<br>MOTHER - 15-05-1968 |

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं बिरेन्द्र सिंह पटेल उम्र 51 वर्ष पिता श्री बैजनाथ पटेल निवासी ग्राम व पोस्ट मोहनियां थाना व तहसील चुरहट जिला सीधी म.प्र. ने शासकीय एवं अन्य सभी कार्यों के लिये अपना नाम परिवर्तित कर बीरेन्द्र कुमार पटेल (BIRENDRA KUMAR PATEL) पिता श्री बैद्यनाथ पटेल (BAIDYANATH PATEL) कर लिया है भविष्य में मुझे बीरेन्द्र कुमार पटेल (BIRENDRA KUMAR PATEL) पिता श्री बैद्यनाथ पटेल (BAIDYANATH PATEL) के नाम से ही जाना एवं पहचाना जावे।

पुराना नाम- बिरेन्द्र सिंह पटेल
नया नाम- बीरेन्द्र कुमार पटेल (BIRENDRA KUMAR PATEL)
पिता का पुराना नाम- श्री बैजनाथ पटेल
पिता का नया नाम- श्री बैद्यनाथ पटेल (BAIDYANATH PATEL)

**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**
रा.प्र.क्रं/600/अ-6/2026-27
**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक हेमलता चौधरी पति स्व. गोरेलाल चौधरी नि.-न्यू द्वारका नगर मेन रोड चुंगी चौकी ने नजूल ब्लाक नं.-149 प्लाट नं.-44/6 रकवा-450 व.फु./हे. ग्राम घमापुर प.ह.नं.- खसरा नं.- रकवा-450 व.फु./हे. पर विक्रय पत्र/ हक त्याग/ वसीयतनामा/ दानपत्र/ वारसान हक/ दिनांक-12/12/2022 मृत्यु दिनांक-16/12/2025, 11/02/2023 को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र- खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।

प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/पटवारी/ डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल- ब्लाक नं.-149 प्लाट नं.-44/6 रकवा-450 व.फु.हे. / ग्राम-घमापुर प.ह.नं.- खसरा नं.- रकवा-450 व.फु./ हे. पर के नाम दर्ज है।

अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 31/07/2026 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

इश्तहार आज दिनांक 15/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक-15/07/2026
पेशी दिनांक-31/07/2026
मुद्रा
तहसीलदार
रांझी, जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक 02 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**
/सं.अ./02/कछपुरा /2026/M/Q-204
जबलपुर, दिनांक 09.07.2026
1000605990
**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री आशीष कुमार जैन पिता स्व. अजित कुमार जैन ने मकान 1092/अ1 वार्ड स्वामी विवेकानंद - 21 कुल क्षेत्रफल 1000 भूतल 471 प्रथम 432 द्वितीय तल... तृतीय तल...चतुर्थतल...दानपत्र / शपथपत्र / चुकतानामा/ मृत्युप्रमाण-विक्रय पत्र / बेनामा / वसीयतनामा त्यागपत्र / रिलीज डीड न्यायालय आदेश / बटवारानामा / खसरा पी-1, पी-2 के आधार पर नगर निगम प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण आवेदन दिया।है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकरण की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रं. 02 कछपुरा में प्रमाण- पत्र सहित आवेदन प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
सं.क्र. 02 कछपुरा
नगर निगम जबलपुर

मुख्यमंत्री ने सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र का अवलोकन कर हितलाभ किए वितरित

# मुख्यमंत्री ने आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को झुलाया झूला छोटे-छोटे बच्चों को दुलार कर बांटे लड्डू और चने के पैकेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के सर्वांगीण विकास की प्रथम पाठशाला है। सरकार की ओर से छोटे बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को उज्जैन के स्वेज फार्म सक्षम आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र के अवलोकन एवं हितलाभ वितरण कार्यक्रम में उक्त बातें कही। मुख्यमंत्री ने महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से पोषण आहार सप्ताह के अंतर्गत लगाई गई पोषण प्रदर्शनी का अवलोकन कर सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि आंगनवाड़ी के बच्चों के लिए सर्व सुविधा युक्त पक्के भवन, फर्नीचर, खिलौने, पोषण आहार, टीकाकरण, प्रारंभिक शिक्षा सब कुछ एक ही छत के नीचे एक ही जगह उपलब्ध करवाया जा रहा है।


बच्चों को पैकेट वितरित करते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव।

### बच्चों ने सीएम को भेंट किया गुलाब

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र में लगे झूलों पर बच्चों को झुलाया। आंगनवाड़ी केंद्र पर बच्चों ने नमस्ते सर कहकर मुख्यमंत्री का अभिवादन कर गुलाब का फूल भेंट कर उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने छोटे-छोटे बच्चों को दुलार करते हुए सभी को लड्डू के पैकेट, पोषण आहार के रूप में चना और मूंगफली के पैकेट वितरित किए। डॉ. यादव ने मंच से लाडली लक्ष्मी योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को आश्वासन प्रमाण-पत्र एवं मातृ-वंदना योजना की पात्र महिलाओं को हितलाभ वितरित किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र का अवलोकन करने के बाद आंगनबाड़ी केंद्र परिसर में पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

मेधावी विद्यार्थियों की मेडिकल शिक्षा का खर्च उठाएगी सरकार: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 52 तक पहुंचाने का लक्ष्य

# इंदौर को मिला जिला अस्पताल का 300 बिस्तरीय भवन, मिलेंगी बेहतर सेवाएं

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि इंदौर जिला अस्पताल के जिस नवनिर्मित भवन का आज लोकार्पण हुआ है, विश्वास है कि यह अस्पताल नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करेगा।

उन्होंने इंदौरवासियों को मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल द्वारा लगभग 83.13 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित 300 बिस्तरीय अत्याधुनिक जिला अस्पताल भवन सौंप दिया। आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से सुसज्जित यह अस्पताल इंदौर ही नहीं, बल्कि आसपास के जिलों के मरीजों को भी बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएगा। डॉ. यादव ने कहा कि सरकार ने निर्णय लिया है कि प्रदेश के मेधावी विद्यार्थियों की मेडिकल शिक्षा का खर्च राज्य सरकार उठाएगी। डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में 2003 तक सिर्फ 5 मेडिकल कॉलेज थे, इसके पूर्व के 55 वर्ष में इतनी ही प्रगति हो पाई थी। सीटों की संख्या भी 500 थी। वर्तमान में प्रदेश में साढ़े पांच हजार सीट्स और 33 मेडिकल कॉलेज हो गए हैं। प्रदेश में शीघ्र ही मेडिकल कॉलेज की संख्या 52 हो जाएगी।


नए अस्पताल भवन का निरीक्षण करते सीएम।

### चंदन नगर से एयरपोर्ट रोड के निर्माण को मिली मंजूरी

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि इंदौर का जिला अस्पताल आम जनता के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। नगर के वर्तमान स्वास्थ्य क्षेत्र की आवश्यकताओं की पूर्ति में यह अस्पताल महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने चन्दन नगर से एयरपोर्ट रोड के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की। कार्यक्रम को मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, तुलसीराम सिलावट, महापौर इंदौर पुष्यमित्र भार्गव ने भी संबोधित किया।

## खबर संक्षेप

### सहकारिता विभाग में 613 पदोन्नति हुईं

**भोपाल।** सहकारिता विभाग में पदोन्नति नियम 2025 के तहत 15 संवर्ग में कुल 613 पदोन्नति आदेश जारी किए गए हैं। इसमें प्रथम श्रेणी के पदों पर 41, द्वितीय श्रेणी के पदों पर 84, तृतीय श्रेणी के पदों पर 486 और चतुर्थ श्रेणी के 2 पदों पर अधिकारियों, कर्मचारियों को पदोन्नत किया गया है।
15 संवर्ग में संयुक्त सहकारिता एवं संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्थाएं के 22, उप आयुक्त सहकारिता एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं के 19, सहायक आयुक्त एवं सहायक पंजीयक सहकारी संस्थाएं के 13, अंकेक्षण अधिकारी के 71, वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक के 196, सहकारी निरीक्षक के 106, सहायक ग्रेड-2 के 111, शीघ्र लेखक ग्रेड-2 के 6, अधीक्षक के 2, शीघ्र लेखक ग्रेड-3 के 2, संभागीय अधीक्षक के 8, सुपरवाइजर के 1, सहायक ग्रेड-1 के 29, जमादार का 1 और सहायक ग्रेड-3 के 26 पदोन्नति आदेश जारी किए गए हैं।

### मप्र पुलिस में 1029 उपनिरीक्षक पदोन्नत

**भोपाल।** मध्यप्रदेश पुलिस के इतिहास में पहली बार इतनी बड़ी संख्या में एक साथ उपनिरीक्षकों को पदोन्नति दी गई है। पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) ने 1029 उपनिरीक्षकों को निरीक्षक और कार्यवाहक निरीक्षक के पद पर पदोन्नत करने के आदेश जारी किए हैं। भोपाल जोन के 31, भोपाल ग्रामीण के 5, इंदौर जोन के 34, इंदौर ग्रामीण के 7, जबलपुर के 28 और ग्वालियर के 26 उपनिरीक्षकों को कार्यवाहक निरीक्षक बनाया गया है। अन्य जिलों और इकाइयों के अधिकारियों को भी सूची में शामिल किया गया है।

### 19 वर्षों में जब्त 628 अवैध हथियार किए नष्ट

**भोपाल।** दतिया पुलिस ने न्यायालय के आदेशों के पालन में वर्ष 2007 से 2026 तक विभिन्न प्रकरणों में जब्त किए गए 628 अवैध हथियारों का बुधवार को विधिवत विनष्टीकरण किया। यह कार्रवाई जिला दंडाधिकारी स्वप्निल वानखेड़े और पुलिस अधीक्षक मयूर खंडेलवाल के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष माल निस्तारण अभियान के तहत पुलिस कंट्रोल रूम परिसर में की गई।

### ई-हॉस्पिटल: पेपरलेस होंगे सरकारी अस्पताल

**भोपाल।** मध्यप्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को पूरी तरह डिजिटल बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाने जा रही है। स्वास्थ्य विभाग अक्टूबर-नवंबर 2026 तक पूरे प्रदेश में ई-हॉस्पिटल योजना लागू करने की तैयारी कर रहा है। इसके बाद सरकारी अस्पतालों में रजिस्टर, फाइलों और कागजी रिकॉर्ड पर निर्भरता काफी कम हो जाएगी तथा मरीजों का पूरा स्वास्थ्य रिकॉर्ड ऑनलाइन उपलब्ध रहेगा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अधिकारियों के अनुसार, सेडेक के सहयोग से ई-हॉस्पिटल सिस्टम पर काम चल रहा है। वर्तमान में अधिकांश जिला और सिविल अस्पतालों में केवल ओपीडी पंजीयन ऑनलाइन है, जबकि भर्ती, बिलिंग, ऑपरेशन थियेटर समेत अन्य कई कार्य अब भी कागजी प्रक्रिया से संचालित होते हैं।

अभियान में 16 विभागों के समन्वय से किसानों की आय बढ़ाने का रोडमैप तैयार

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर से किया राज्य स्तरीय बलराम कृषि महोत्सव का शुभारंभ

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

▶ 13 नवंबर तक होंगे अनेक आयोजन, होंगी खेती-किसानी पर आधारित गतिविधियां

▶ डॉ. यादव ने खेती के हित और किसानों के कल्याण के लिए की अनेक महत्वपूर्ण घोषणाएं

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को इंदौर में राज्य स्तरीय बलराम कृषि महोत्सव का शुभारंभ करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश सरकार ने वर्ष 2026 को 'किसान कल्याण वर्ष' के रूप में समर्पित किया



है। इस उद्देश्य से कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य, सहकारिता, एमएसएमई, राजस्व, ऊर्जा सहित 16 विभागों को एक साथ लाकर किसानों के समग्र विकास का अभियान प्रारंभ किया गया है और किसानों की आय बढ़ाने के लि, रोडमैप तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि किसानों की आय बढ़ाने, आधुनिक तकनीक उपलब्ध कराने, प्रसंस्करण, विपणन और रोजगार से जोड़ने का व्यापक अभियान है।

अभियान के तहत प्रदेश के सभी 55 जिलों में आगामी 13 नवम्बर तक अनेक आयोजन होंगे और खेती-किसानी पर आधारित गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसानों, महिलाओं, युवाओं और गरीबों के सर्वांगीण विकास का संकल्प लेकर सरकार आगे बढ़ रही है। यदि देश के इन चार वर्गों का विकास सुनिश्चित हो जाता है तो भारत की उन्नति स्वतः सुनिश्चित हो जाएगी। किसान इन चारों वर्गों के केंद्र में है, इसलिए सरकार ने किसान कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है।


कार्यक्रम में पूजा-अर्चना करते सीएम डॉ. मोहन यादव।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव की प्रमुख घोषणाएं

- इंदौर की वर्तमान कृषि उपज मंडी को स्थानांतरित कर आधुनिक एवं विशाल कृषि उपज मंडी विकसित की जाएगी।
- संबंधित क्षेत्र में देवी अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा स्थापित की जाएगी।
- मंडी क्षेत्र के प्रभावित परिवारों को वैकल्पिक आवास उपलब्ध कराए जाएंगे।
- किसानों को दिन में कृषि बिजली उपलब्ध कराने की व्यवस्था लागू की जाएगी।
- 40 लाख रुपए तक की डेयरी स्थापना पर 10 लाख रुपए का अनुदान दिया जाएगा।
- गोशाला संचालन के लिए प्रति गोवंश 40 रुपए प्रतिदिन अनुदान जारी रहेगा।
- किसानों की आय बढ़ाने के लिए फूड प्रोसेसिंग, डेयरी, मत्स्य पालन और कृषि आधारित उद्योगों का व्यापक विस्तार किया जाएगा।
- फसलों को नुकसान पहुंचाने वाली नीलगाय एवं अन्य वन्य पशुओं के प्रबंधन के लिए विशेष योजना लागू होगी। हेलिकॉप्टर से नीलगाय एवं अन्य वन्य पशुओं के नियंत्रण की योजना बनेगी।

### नदी जोड़ों परियोजनाओं से 13 जिलों को लाभ

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के समय परिकल्पित केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रारंभ पार्वती-कालीसिंध-चंबल (पीकेसी) परियोजना मध्यप्रदेश के जल इतिहास को बदल देंगी। लगभग एक लाख करोड़ रुपए की लागत वाली इन परियोजनाओं से श्योपुर, मुरैना, भिंड, ग्वालियर, राजगढ़, शाजापुर, देवास, उज्जैन, नीमच, मंदसौर सहित 13 जिलों को सिंचाई एवं पेयजल का लाभ मिलेगा। इससे पश्चिमी मध्यप्रदेश और मालवा क्षेत्र को भी बड़ी राहत मिलेगी। डॉ. यादव ने कहा कि सरकार खेती को केवल उत्पादन तक सीमित नहीं रखना चाहती, बल्कि 'खेत से कारखाने और कारखाने से बाजार' तक संपूर्ण कृषि अर्थव्यवस्था विकसित की जा रही है। प्रदेश में तेजी से फूड प्रोसेसिंग इकाइयां स्थापित हो रही हैं। उज्जैन, इंदौर, आगर, उज्जैन सहित अनेक जिलों में कृषि आधारित उद्योग स्थापित किए जा रहे हैं।

राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने लिया कार्यक्रम में हिस्सा

# भगवान जगन्नाथ मंदिर में भव्य रथयात्रा महोत्सव का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा के अवसर पर गुरुवार को राजधानी रायपुर के गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर में भव्य रथयात्रा महोत्सव आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हुए और भगवान जगन्नाथ की पूजा-अर्चना कर पारंपरिक 'छेरा-पहरा' की रस्म निभाई। इस अवसर पर प्रथम महिला रानी डेका काकोटी ने भी विधि-विधान से भगवान जगन्नाथ की पूजा की और प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। रथयात्रा महोत्सव में सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक पुरंदर मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने महोत्सव में शामिल होकर भगवान जगन्नाथ के दर्शन किए और धार्मिक आयोजन में सहभागिता निभाई।

पुलिस ने पीछा कर आरोपी को पकड़ा

# तेज रफ्तार कार चालक ने कई लोगों को मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

जिले के सिंगरभाटा के पास बीती रात एक तेज रफ्तार ब्रेजा कार चालक ने सड़क पर चल रहे कई लोगों को टक्कर मार दी। घटना को अंजाम देने के बाद चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पीछा कर कार चालक को हिरासत में ले लिया है। आमजनों ने बताया कि चारामा की ओर से जगदलपुर जा रही एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित हो गई।

चालक ने कार, बाइक और अन्य लोगों को टक्कर मारते हुए तेजी से निकल गया। इस अचानक हुई घटना से शहर के बीचों-बीच हड़कंप मच गया। लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। कुछ लोगों ने कार का पीछा किया और कोतवाली थाना प्रभारी को सूचना दी। पुलिस ने भी तत्काल कार चालक का पीछा करना शुरू कर दिया। डर के कारण चालक ने कार की रफ्तार और बढ़ा दी। इस दौरान उसने अपना नियंत्रण खो दिया। कार सिंगरभाटा के पास एक गड्ढे में जा फंसी।



### गड्ढे में फंसने के कारण पकड़ाया कार चालक

घायलों के अनुसार, एक बेकाबू ब्रेजा कार चालक ने कई लोगों को टक्कर मारकर फरार होने का प्रयास किया था। पुलिस ने सूचना मिलते ही तुरंत पीछा शुरू किया। भागते समय कार सिंगरभाटा के पास एक गड्ढे में उतर गई। इससे वाहन रुक गया और पुलिस ने चालक को पकड़ लिया। थाना प्रभारी जितेंद्र ने बताया कि कार चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस घटना के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

चंदेरी गांव में लगाई एडीएम ने शाम की चौपाल

# पैसों के लिए पानी से भरे तालाब को पंचायत ने किया नीलाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के बैरसिया रोड से लगे चंदेरी गांव में पंचायत गांव के पांच एकड़ में बने सार्वजनिक तालाब को नीलाम कर रही है, जिसकी वजह से गांव का वाटर लेबल गिर जाता है। इस तालाब के पानी को किसान अपने खेत में सिंचाई के लिए उपयोग करता है।

पिछली बार तालाब को एक लाख 40 हजार रुपए में नीलाम किया गया था, जिससे गांव के लोगों को तालाब से कोई फायदा नहीं मिला। यह शिकायत सुनकर शाम की चौपाल में बैठे एडीएम सुमित पांडे उठे और तालाब पर पहुंच गए। उन्होंने तालाब को देखकर गांव की सरपंच ममता अहिरवार से कहा कि तालाब के पानी को आइंदा से नहीं बेचा जाए। इधर शाम पांच से सात बजे तक लगाई गई चौपाल में जमीन विवाद, बंटवारा, पट्टे की जमीन और मकान पर कब्जे, कुटीर की राशि मिलने के बाद भी मकान नहीं बनाने से जुड़ी बीस से अधिक शिकायतें मिलीं, हालांकि अफसर मौके पर किसी भी शिकायत का निराकरण नहीं कर पाए। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने गांव के लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए पहली बार चंदेरी गांव में शाम की चौपाल लगाने की हिदायत दी थी।



मामा के घर पूजा में शामिल होने जा रहे थे परिवार के सदस्य

# खड़े ट्रैक्टर में घुसी तेज रफ्तार स्कूटी चार की मौत और एक मासूम गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

दुर्ग-रायपुर नेशनल हाईवे पर गुरुवार की सुबह एक भीषण सड़क हादसा हुआ। कुम्हारी में तेज रफ्तार स्कूटी सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर से टकरा गई। इस दुर्घटना में स्कूटी सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया।

स्कूटी में बच्चों सहित कुल पांच लोग सवार थे। स्कूटी चालक अमृत निर्मलकर (28 वर्ष) और लक्ष्मी निर्मलकर (26 वर्ष) की मौत हुई। बच्चों में यासना निर्मलकर (7 वर्ष) और डॉली निर्मलकर (4 वर्ष) भी मृतकों में शामिल हैं। घायल बच्चे भावेश निर्मलकर (8 वर्ष) को रायपुर एम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, सभी मृतक रायपुर बसंत विहार में अपने मामा के घर पूजा में शामिल होने जा रहे थे। उनकी स्कूटी हाईवे पर खड़े ट्रैक्टर से पीछे से जा टकराई। ट्रैक्टर में ऑक्सीजन सिलिंडर लदे हुए थे। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल बच्चे को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।





### दुर्घटना में शामिल ट्रैक्टर पुलिस ने किया जब्त

पुलिस ने अमृत निर्मलकर, लक्ष्मी निर्मलकर, यासना और डॉली के शवों को पोस्टमार्टम हेतु सुपेला स्थित मर्चुरी में रखा है। मृतकों के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है। ट्रैक्टर चालक भोला यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार को हादसे का मुख्य कारण बताया जा रहा है। स्कूटी सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर से जोरदार तरीके से टकराई थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तुरंत बचाव कार्य शुरू किया। घायल भावेश को तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई गई। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि ट्रैक्टर सड़क किनारे क्यों खड़ा था।

अजगर को सुरक्षित रूप से पकड़कर जंगल में छोड़ा

# वन विभाग और सीआरपीएफ के जवानों ने पकड़ा लंबा अजगर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

छत्तीसगढ़ मानसूनी गतिविधियों में गिरावट हुई है, लेकिन सांपों का आतंक बढ़ता जा रहा है। छत्तीसगढ़ के जगदलपुर जिले में एक विशालकाय सांप अजगर निकला है। सांप को जिस तरह से रेस्क्यू किया गया है वह रोंगटे खड़ा कर देने वाला है।

सांप की लंबाई करीब 7 फीट बताई जा रहा है। रेस्क्यू टीम करीब 1 घंटे की मशक्कत के बाद अजगर को काबू कर पाई। मामला जगदलपुर में सीआरपीएफ कैंप के 227 बटालियन का है। यह बटालियन झीरम घाटी के पास है। यहां लगभग 7 फीट लंबा भारी-भरकम अजगर निलने से हड़कंप मच गया था। इसके बाद वन विभाग की टीम और सीआरपीएफ जवानों ने करीब एक घंटे की मेहनत के बाद इसे सुरक्षित बाहर निकाला।



### घटना में किसी को भी नहीं पहुंचा कोई नुकसान

वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अजगर को सुरक्षित रूप से पकड़ कर उसे जंगल में छोड़ दिया गया है। रेस्क्यू टीम के सदस्यों ने बताया कि अजगर को इसके प्राकृतिक आवास कांगेर घाटी नेशनल पार्क में सुरक्षित छोड़ दिया गया है। इस घटना में किसी भी इंसान या जानवर को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। अगजर के रेस्क्यू करते का वीडियो भी सामने आया है। इस वीडियो में दिखाई दे रहा है कि सांप कैसे मिट्टी के अंदर घुसा हुआ था। जिसके बाद रेस्क्यू टीम ने सांप का रेस्क्यू किया।

निर्वाचन के लिए जिला प्रशासन ने सुरक्षा और निगरानी के व्यापक इंतजाम किए

# दतिया विधानसभा उप चुनाव: रैली, सभा, लाउडस्पीकर सहित चुनावी गतिविधियों के लिए पूर्व अनुमति अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दतिया विधानसभा उप चुनाव में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन ने सुरक्षा और निगरानी के व्यापक इंतजाम किए हैं।

किसी भी राजनीतिक दल, प्रत्याशी या व्यक्ति को रैली, सभा, जुलूस, वाहन रैली, नुक्कड़ सभा अथवा अन्य चुनावी कार्यक्रम आयोजित करने के लिए रिटर्निंग अधिकारी से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होगा। निर्वाचन आयोग की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार 16 जुलाई तक नाम वापसी की जा सकेगी। मतदान 30 जुलाई को होगा, जबकि मतगणना 3 अगस्त को कराई जाएगी।


वीसी के माध्यम से निर्देश देते झा।

### उपचुनाव निगरानी के लिए एसएसटी, वीएसटी और फ्लाइंग स्क्वॉड तैनात

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनावी गतिविधियों की निगरानी के लिए फ्लाइंग स्क्वॉड, स्टेटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी), वीडियो सर्विलांस टीम (वीएसटी) तथा मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) का गठन किया गया है।

### 17 जुलाई को ईवीएम-वीवीपैट का द्वितीय रैंडमाइजेशन

उप निर्वाचन की तैयारियों के तहत 17 जुलाई को ईवीएम एवं वीवीपैट का द्वितीय रैंडमाइजेशन किया जाएगा। चुनाव के लिए सामान्य प्रेक्षक विजय भारती (आईएएस), पुलिस प्रेक्षक के. थियागराजन (आईपीएस) तथा व्यय प्रेक्षक विशाल मलानी की नियुक्ति की है। प्रेक्षकगण निर्वाचन प्रक्रिया की निगरानी करेंगे। पुलिस प्रेक्षक थियागराजन आईपीएस का मोबाइल नम्बर 7701045647, व्यय प्रेक्षक विशाल मलानी का 9098157098 है।

### झा ने उप निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा कर दिए जरूरी निर्देश

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र संजीव कुमार झा ने बुधवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी और पुलिस अधीक्षक दतिया के साथ वीडियो कॉन्फ्रेसिंग से बैठक की। दतिया विधानसभा में होने वाले उप निर्वाचन के संबंध में की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि उप निर्वाचन कार्य से जुड़े सभी अधिकारी-कर्मचारी निष्पक्षता और गंभीरता के साथ निर्देशों के अनुरूप कार्य करें।

**खबर संक्षेप**

## एक्जिम बैंक ने वित्त मंत्री को सौंपा लाभांश चेक



**नई दिल्ली।** भारतीय निर्यात-आयात बैंक (एक्जिम बैंक) ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 428 करोड़ रुपये के लाभांश का चेक वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को सौंपा। एक्जिम बैंक ने बयान में कहा कि बैंक ने 2025-26 में 4,273 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया, जिसमें से शुद्ध लाभ का 10 प्रतिशत यानी 428 करोड़ रुपये भारत सरकार को लाभांश के रूप में हस्तांतरित किया गया।

## साउथ इंडियन बैंक का लाभ 17 प्रतिशत बढ़ा




**नई दिल्ली।** साउथ इंडियन बैंक का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में शुद्ध लाभ 17 प्रतिशत बढ़कर 378 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में उसे 322 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। निजी क्षेत्र के बैंक ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि जून, 2026 तिमाही के दौरान उसकी कुल आय बढ़कर 3,007 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 2,984 करोड़ रुपये थी। समीक्षाधीन तिमाही में बैंक की ब्याज आय भी बढ़कर 2,628 करोड़ रुपये हो गई।

## आईटीसी होटल्स के लाभ में 36 फीसदी का इजाफा



**नई दिल्ली।** आईटीसी होटल्स लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में 36 प्रतिशत बढ़कर 181.91 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण भारतीय आतिथ्य उद्योग की मांग पर शुरुआती दौर में असर पड़ा। आईटीसी होटल्स को वित्त वर्ष 2025-26 की की समान तिमाही 133.71 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ हुआ था।

## विप्रो का शुद्ध लाभ 3,352 करोड़ पर स्थिर

**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी विप्रो का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 3,352 करोड़ रुपये पर लगभग स्थिर रहा। कंपनी का शुद्ध लाभ 2025-26 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में 3,330.4 करोड़ रुपये था। विप्रो ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि कंपनी की परिचालन आय पहली तिमाही में 10.6 प्रतिशत बढ़कर 24,478.6 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 22,134.6 करोड़ रुपये थी। कंपनी का शुद्ध लाभ तिमाही आधार पर 4.2 प्रतिशत घटा, जबकि परिचालन आय में एक प्रतिशत की मामूली वृद्धि हुई।

# विश्व के टॉप 10 में से 7 बैंक चीन के, अमेरिका और यूरोप से निकला आगे

- ग्लोबल बैंकिंग की मशहूर मैगजीन द बैंकर ने जारी की सूची
- सूची की शीर्ष 100 में एक भी भारतीय बैंक शामिल नहीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ग्लोबल बैंकिंग से जुड़ी मशहूर मैगजीन 'द बैंकर' दुनिया के 100 सबसे बड़े बैंकों की एक लिस्ट बनाई है, इनमें टॉप-10 बैंकों में से 7 बैंक अकेले चीन के हैं। इंडस्ट्रियल एंड कमर्शियल बैंक ऑफ चाइना (आईसीबीसी), चाइना कंस्ट्रक्शन बैंक, एग्रीकल्चरल बैंक ऑफ चाइना और बैंक ऑफ चाइना टॉप चार पोजीशन पर हैं। ये इस पोजीशन पर साल 2019 से कायम रहे हैं।

पोस्टल सेविंग्स बैंक ऑफ़ चाइना-जो 2007 में पोस्ट ऑफिस के सेविंग्स काउंटर से बनाया गया था- पहली बार टॉप दस में शामिल हुआ है। टॉप 100 में 22 चीनी बैंक है। लिस्ट में जेपी मॉर्गन चेस, बैंक ऑफ अमेरिका और सिटीग्रुप भी हैं, जो चीन के नहीं है। टॉप 100 की लिस्ट में भारतीय बैंकों का कोई अता-पता नहीं है।

### चीन के सबसे बड़े बैंक के पास 7.6 ट्रिलियन डॉलर की संपति

*चीन का सबसे बड़ा बैंक आईसीबीसी है, जो 7.6 ट्रिलियन डॉलर की संपति को संभालता है। भारत की पूरी जीडीपी इसकी आधी है। चीन के टॉप बैंकों के मुकाबले भारत का सबसे बड़ा बैंक- स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) काफी छोटा है। चीन इन बैंकों के जरिए अमेरिकी डॉलर का रूतबा खत्म करा चाहता है। चीन चाहता है कि डॉलर की जगह दुनियाभर में कारोबार के लिए युआन का इस्तेमाल हो।*



### बैंक कर्ज न पटाने पर बंदरगाह कब्जे में लेते हैं

जब कोई देश कर्ज नहीं चुका पाते हैं, तो चीन इनके बंदरगाहों या जमीन को कब्जे में ले लेता है। इसे 'स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स' या भारत को घेरने की रणनीति कहते हैं। 'स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स' को आप एक जियोपॉलिटिकल थ्योरी के तौर पर समझ सकते हैं, जो यह बताती है कि चीन, भारत को किस तरह से जमीन और समुद्र के रास्ते घेरने की तैयारी कर रहा है।

### सभी बड़े बैंक सरकारी

*चीन के सभी बड़े बैंक सरकारी हैं, जो पैसों का इस्तेमाल कारोबार से ज्यादा अपनी विदेश नीति के लिए करते हैं। इन बैंकों के पास इतना पैसा होता है, तो कि यह श्रीलंका, पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे अपने पड़ोस में स्थित देशों को भारी-भरकम कर्ज देने का दम रखते हैं।*

### चीनी बैंकों के पास पैसों की कमी नहीं

*चूंकि इन बैंकों के पास पैसों की कोई कमी नहीं है इसलिए ये आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और ब्लॉकचेन जैसी नई तकनीकों पर भर-भरकर निवेश कर रहे हैं ताकि भविष्य की टेक्नोलॉजी पर इनका कब्जा हो। ऐसे में अगर आने वाले समय में डिजिटल बैंकिंग, इंटरनेशनल पेमेंट गेटवे पर चीनी बैंकों का दबदबा रहेगा, तो ऑनलाइन सुरक्षा के नियम, तकनीक वगैरह ये ही तय करेंगे, जो भारत के लिए किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं होगी।*

## नए मानदंड 1 अप्रैल 2027 से पांच साल के लिए प्रस्तावित

# सरकार ने नए सीएएफई मानदंडों का मसौदा किया जारी, हितधारकों से सुझाव मांगे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


सरकार ने कॉरपोरेट औसत ईंधन दक्षता (सीएएफई) विनियमों के तीसरे चरण के तहत यात्री वाहनों के लिए अधिक कड़े ईंधन दक्षता मानदंड प्रस्तावित किए हैं। इनमें कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन के अधिक सख्त लक्ष्य, स्वच्छ प्रौद्योगिकियों के लिए प्रोत्साहन और बाजार-आधारित अनुपालन व्यवस्था शामिल है।

केंद्रीय बिजली मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को नए सीएएफई मानदंड का मसौदा हितधारकों के परामर्श के लिए जारी किया। नए मानदंडों को एक अप्रैल, 2027 से पांच साल के लिए लागू करने का प्रस्ताव है। वाहनों से होने वाले उत्सर्जन में चरणबद्ध तरीके से कमी लाने के उद्देश्य से तैयार किए गए ये नए मानदंड मौजूदा सीएएफई (द्वितीय) मानदंड का स्थान लेंगे।

### आकलन दो चरणों में किया जाएगा

*मौजूदा सीएएफई मानदंड की अवधि 31 मार्च, 2027 तक है। मानदंड के अनुपालन का आकलन दो चरणों में किया जाएगा। पहला चरण तीन वर्ष का होगा जिसके बाद दो साल का दूसरा चरण होगा। प्रस्तावित नियम 2027-28 से 2031-32 की अवधि के दौरान भारत में बिक्री के लिए विनिर्मित या आयातित एम-1 श्रेणी के उन यात्री वाहनों पर लागू होंगे, जिनमें चालक के अतिरिक्त आठ से अधिक सीट नहीं होंगी।*

### यात्री वाहनों के लिए अधिक कड़े ईंधन दक्षता मानदंड प्रस्तावित




### ईंधन खपत के लक्ष्य कड़े किए जाएंगे

- *कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन के अधिक सख्त लक्ष्य*
- *स्वच्छ प्रौद्योगिकी के लिए प्रोत्साहन व्यवस्था शामिल*

*प्रस्तावित मसौदे में ईंधन खपत के लक्ष्य चरणबद्ध तरीके से और कड़े किए जाएंगे। इन्हें वर्ष 2027-28 में 3.99 लीटर प्रति 100 किलोमीटर (94.76 ग्राम कार्बन डाइऑक्साइड प्रति किलोमीटर) से घटाकर वर्ष 2031-32 तक 3.32 लीटर प्रति 100 किलोमीटर (78.90 ग्राम कार्बन डाइऑक्साइड प्रति किलोमीटर) करने का प्रस्ताव है।*

### लाभ 1 ग्राम प्रति किमी तक सीमित

*मसौदे में स्वीकृत ईंधन-बचत प्रौद्योगिकियों के लिए प्रति किलोमीटर कार्बन डाइऑक्साइड (सीओ2) उत्सर्जन में अधिकतम नौ ग्राम तक अनुपालन प्रोत्साहन देने का भी प्रस्ताव है। हालांकि, प्रत्येक प्रौद्योगिकी के लिए यह लाभ अधिकतम एक ग्राम प्रति किलोमीटर तक सीमित रहेगा।*

### क्रेडिट-डेबिट व्यवस्था का भी प्रस्ताव

*बेड़े की औसत ईंधन खपत की गणना के दौरान बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन, रेंज-एक्सटेंडेड इलेक्ट्रिक वाहन, प्लग-इन हाइब्रिड, स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड और फ्लेक्स-फ्यूल वाहन के लिए मात्रा-आधारित 'सुपर क्रेडिट' की मौजूदा व्यवस्था बरकरार रखने का प्रस्ताव है। मसौदे में क्रेडिट-डेबिट व्यवस्था का भी प्रस्ताव है।*

### वाहन विनिर्माताओं को अनुपालन क्रेडिट मिलेगा

इसके तहत निर्धारित लक्ष्य से बेहतर प्रदर्शन करने वाले वाहन विनिर्माताओं को अनुपालन क्रेडिट मिलेगा, जिसे वे उसी अनुपालन अवधि के भीतर आगे के लिए ले जा सकेंगे। इसके तहत जो वाहन विनिर्माता अपने निर्धारित लक्ष्य पूरे नहीं कर पाएंगे, वे आगे ले जाए गए क्रेडिट, अन्य वाहन विनिर्माताओं के साथ स्वैच्छिक 'पूलिंग' व्यवस्था या भारतीय ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) से अनुपालन क्रेडिट खरीदकर अपनी बाध्यता पूरी कर सकेंगे।

### उपयोग न करने पर क्रेडिट स्वतः समाप्त होगा

*प्रस्ताव में प्रत्येक अनुपालन क्रेडिट के लिए शुरुआती 'बायआउट' (किसी के एवज में कुछ खरीदना) मूल्य 2,500 रुपये निर्धारित किया गया है, जिसे हर वर्ष 500 रुपये बढ़ाया जाएगा। अनुपालन अवधि समाप्त होने तक उपयोग नहीं किए गए क्रेडिट स्वतः समाप्त हो जाएंगे। मानदंड का पालन नहीं करने वाले वाहन विनिर्माताओं पर ऊर्जा संरक्षण अधिनियम के तहत जुर्माना लगाया जाएगा।*

### जनता से छह अगस्त तक सुझाव मांगे गए

*हालांकि, सालाना 1,000 से कम यात्री वाहन बेचने वाले वाहन विनिर्माताओं को इससे छूट मिलेगी। बिजली मंत्रालय ने मसौदा मानदंडों पर हितधारकों और आम जनता से छह अगस्त तक सुझाव मांगे हैं। मंत्रालय ने कहा कि प्रस्तावित मानदंड 2027-28 से 2031-32 के दौरान भारत में बिक्री के लिए विनिर्मित या आयातित एम-1 श्रेणी के यात्री वाहनों पर लागू होंगे।*

## हीरो मोटोकॉर्प जर्मनी के बाजार में उतरी

**कंपनी ने केएसआर ग्रुप से मिलाया हाथ**



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दोपहिया वाहन विनिर्माता कंपनी हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड ने केएसआर ग्रुप के साथ वितरण साझेदारी के जरिये जर्मनी के बाजार में प्रवेश करने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि इस पहल के तहत वह यूरो-5 प्लस मानकों के अनुरूप अपने उत्पादों की श्रृंखला पेश करेगी, जिसकी शुरुआत 'एक्सपल्स 200 4वी' सीरीज से होगी।

हीरो मोटोकॉर्प के कार्यकारी उपाध्यक्ष (वैश्विक कारोबार, वैश्विक उत्पाद योजना और वैश्विक बाजार अंतर्दृष्टि) संजय भान ने कहा, /"जर्मनी हीरो मोटोकॉर्प की वैश्विक वृद्धि यात्रा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। इटली, स्पेन, फ्रांस और ब्रिटेन में अपनी मौजूदगी के बाद यूरोप की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में प्रवेश कंपनी के वैश्विक कारोबार की बढ़ती ताकत और इस क्षेत्र के प्रति दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कंपनी ने कहा कि जर्मनी उसका यूरोप में पांचवां और वैश्विक स्तर पर 53वां बाजार बन गया है।

**30 बिक्री केंद्रों का नेटवर्क स्थापित करने का लक्ष्य**

*सीईओ ने कहा कि जर्मनी में 30 बिक्री केंद्रों का नेटवर्क स्थापित करने के लक्ष्य के साथ कंपनी को भरोसा है कि हीरो मोटोकॉर्प इस बाजार में सफल शुरुआत करने की स्थिति में है। कंपनी ने बताया कि केएसआर ग्रुप शुरुआत में जर्मनी के प्रमुख शहरों में 28 से अधिक आधिकारिक बिक्री और सेवा केंद्रों के नेटवर्क के माध्यम से हीरो मोटोकॉर्प के उत्पादों को पेश करेगा। इसके बाद पूरे देश में नेटवर्क का तेजी से विस्तार किया जाएगा।*

# शेयर बाजार स्थिर रुख के साथ बंद

**एचडीएफसी व रिलायंस के शेयरों में रही मुनाफा वसूली**

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भू-राजनीतिक तनाव के बीच बृहस्पतिवार को एचडीएफसी बैंक एवं रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसे प्रमुख शेयरों में मुनाफावसूली का जोर रहने से स्थानीय शेयर बाजार अपनी तेजी को बरकरार नहीं रख पाया और स्थिर स्तर पर बंद हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और एशियाई बाजारों में कमजोरी का भी घरेलू शेयर बाजार पर असर पड़ा। आईटी शेयरों में खरीदारी ने बाजार को एक हद तक समर्थन दिया। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 1.44 अंक की मामूली बढ़त के साथ 77,186.87 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 394.26 अंक चढ़कर 77,579.69 अंक तक चला गया था, लेकिन सत्र के अंत में इसने अपनी पूरी बढ़त गंवा दी। वहीं निफ्टी 5.75 अंक की गिरावट के साथ 24,072.75 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में इंटरग्लोब एविएशन, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, बजाज फाइनेंस, मारुति, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टेक महिंद्रा प्रमुख रूप से लाभ में रहीं।



### कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव कायम

*जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, /"भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और एशियाई बाजारों में कमजोरी के कारण निवेशक सतर्क रहे, जिससे बाजार सीमित दायरे में रहा।"*


### एशियाई बाजार में मिला-जुला रुख

*एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी 6.37 प्रतिशत तक लुढ़क गया। जापान का निक्की और चीन का शंघाई कंपोजिट भी गिरावट के साथ बंद हुए, जबकि हांगकांग का हैंगसेंग सूचकांक बढ़त में रहा।*

# वित्तीय समावेशन सूचकांक में आया सुधार : आरबीआई

एजेंसी ▶▶| मुंबई

देश में वित्तीय समावेशन की स्थिति दर्शाने वाला सूचकांक (एफआई-इंडेक्स) वित्त वर्ष 2025-26 में 4.48 प्रतिशत बढ़कर 70 पर पहुंच गया, जो उसके एक साल पहले 67 के स्तर पर था। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बृहस्पतिवार को कहा कि मार्च, 2026 में समाप्त होने वाले वर्ष के लिए सूचकांक का संकलन किया जा चुका है और इसमें सभी उप-सूचकांकों में वृद्धि दर्ज की गई है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि इस वर्ष वित्तीय समावेशन सूचकांक में सुधार मुख्य रूप से उपयोग में बढ़ोतरी के कारण हुआ है,



### सूचकांक के तीन प्रमुख घटक

इस सूचकांक के तीन प्रमुख घटकों में पहुंच (35 प्रतिशत), उपयोग (45 प्रतिशत) और गुणवत्ता (20 प्रतिशत) शामिल हैं। प्रत्येक घटक कई संकेतकों के आधार पर निर्धारित किया जाता है।

जो वित्तीय समावेशन की गहराई को दर्शाता है। आरबीआई ने सरकार एवं संबंधित पक्षों के साथ परामर्श के बाद इस समग्र वित्तीय समावेशन सूचकांक का निर्माण किया है। इसे पहली बार अगस्त, 2021 में मार्च, 2021 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए जारी किया गया था।

यह सूचकांक बैंकिंग, निवेश, बीमा, डाक तथा पेंशन क्षेत्र से संबंधित पहलुओं को शामिल करता है और वित्तीय समावेशन के विभिन्न आयामों को एक ही मान में प्रस्तुत करता है। इस सूचकांक का मान शून्य से 100 के बीच होता है, जिसमें 'शून्य' मान पूर्ण वित्तीय बहिष्करण जबकि '100' मान पूर्ण वित्तीय समावेशन को दर्शाता है।

# सोने का भाव लगातार दूसरे दिन स्थिर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमतें लगातार दूसरे दिन 1,46,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर स्थिर रहीं, जबकि वैश्विक बाजार में सुस्ती के कारण चांदी में 1,500 रुपये की गिरावट आई। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,46,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर स्थिर रहा। हालांकि, चांदी लगातार चौथे दिन दबाव में रही और 1,500 रुपये टूटकर 2,24,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स सहित) के स्तर पर आ गई, जो दो सप्ताह से ज़्यादा का निचला स्तर है। बुधवार को यह 2,26,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। चांदी का भाव आखिरी बार 29 जून को इस स्तर के आसपास था, जब यह 2,24,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर कारोबार कर रही थी।

पिछले चार दिन में इसमें 12,500 रुपये या 5.3 प्रतिशत की गिरावट आई है। 10 जुलाई को इसका भाव 2,37,000 रुपये प्रति किलोग्राम था। कारोबारियों ने कहा कि स्थानीय मांग संतुलित होने के कारण सोने की कीमत एक सीमित दायरे में रही, जबकि लगातार मुनाफावसूली और उद्योग की तरफ से कम लिवाली के कारण चांदी दबाव में रही। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन सोने की कीमत एक सीमित दायरे में रही, क्योंकि निवेशकों ने उम्मीद से कम अमेरिकी महंगाई के आंकड़ों और पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच संतुलन बनाने की कोशिश की।''

# ई20 ईंधन मामला: मारुति उपभोक्ता आयोग के आदेश को देगी चुनौती

**कंपनी ने इसके लिए ईंधन में मिलावट का हवाला दिया**




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश की प्रमुख कार विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (रायपुर) के उस आदेश को अदालत में चुनौती देगी, जिसमें कंपनी को एक ग्राहक के वाहन को 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रित पेट्रोल ( ई20) अनुकूल वाहन से बदलने का निर्देश दिया गया है।

कंपनी ने इसके लिए ईंधन में मिलावट का हवाला दिया है। मारुति सुजुकी इंडिया ने बयान में कहा कि इस मामले में शामिल कार पूरी तरह से ई20 अनुकूल (एथनॉल-मिश्रित पेट्रोल के लिए उपयुक्त) थी और ग्राहक के वाहन से निकाले गए ईंधन में मिलावट के सबूत मिले हैं।

### अदालत ने नई कार देने का दिया था निर्देश

*अदालत ने मारुति सुजुकी को शिकायतकर्ता की 'ग्रैंड विटारा' कार को एक नए ई20 अनुकूल मॉडल से बदलने या खरीद की पूरी रकम वापस करने का निर्देश दिया था।*

### उपभोक्ता ने इंजन में खराबी आने की शिकायत की थी

*कंपनी ने कहा कि वह मजबूत इंजीनियरिंग, प्रक्रियाओं और प्रणालियों के माध्यम से गुणवत्ता, सुरक्षा तथा ग्राहक संतुष्टि के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।*


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग क्र. 2, जबलपुर**

AN ISO 9001: 2015 CERTIFIED OFFICE
इंदिरा गांधी मार्ग, साऊथ सिविल लाईन, जबलपुर, (म.प्र.) पिन-482001
Phone No. 0761-2622333 E-mail:- cepwd2jbp@nic.in
निविदा सूचना क्रमांक 19/व.ले.लि./2026-27 // निविदा आमंत्रण सूचना // जबलपुर, दिनांक 08.07.2026

निम्नलिखित कार्यो हेतु ई-टेण्डरिंग के द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है। यह निविदा वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

| सं क्रं | टेन्डर आई.डी. | कार्य का नाम | आमंत्रण | ठेके की अनुमानित राशि रू. (लाख में) | अमानत राशि रू. | निविदा प्रपत्र राशि | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_PWDRB _520292_Pack1 | त्रिपुरीवार्ड जबलपुर के अंतर्गत रमनगरा, सोनी कालोनी, सीताराम परिसर, विनायक परिसर, राधेश्याम परिसर, श्रीप्रस्थ एवं रीवा कालोनी में सी. सी. मार्ग का निर्माण कार्य । (छठवां आमंत्रण) | षष्ठम | 310.86 | 310860/- | 15000/- | 06 माह वर्षाऋतु सहित |
| 2 | 2026_PWDRB _520294_Pack1 | पाटन उपसंभाग के अंतर्गत रेस्ट हाऊस शहपुरा में मरम्मत कार्य । | प्रथम | 10.00 | 20000/- | 2000/- | 02 माह वर्षाऋतु सहित |
| 3 | 2026_PWDRB _520295_Pack1 | पाटन उपसंभाग के अंतर्गत मार्गो में मरम्मत कार्य । | प्रथम | 19.90 | 40000/- | 2000/- | 02 माह वर्षाऋतु सहित |
| 4 | 2026_PWDRB _520296_Pack1 | पाटन उपसंभाग के अंतर्गत आवासीय भवनों में मरम्मत कार्य । | प्रथम | 19.50 | 40000/- | 2000/- | 02 माह वर्षाऋतु सहित |
| 5 | 2026_PWDRB _520297_Pack1 | शंकर शाह नगर स्थित आवासीय भवन एच 207, एच-363, एच-293, एच-149 एवं जी-251, जी-345, जी-320 में विशेष मरम्मत कार्य । | प्रथम | 2.88 | 6000/- | 2000/- | 02 माह वर्षाऋतु सहित |

टीपः- निविदा का विस्तृत विवरण म.प्र. शासन की निविदा पोर्टल http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान करने पर प्राप्त हो सकेंगे। निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने की अंतिम तिथि 24.07.2026 समय 5:30 PM तक है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त बेवसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री,
लोक निर्माण विभाग (भ/स)
संभाग क्र. 2, जबलपुर

G-15721/26 " स्वच्छता ही सेवा "



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ/स), शहडोल संभाग, शहडोल (म. प्र.)**
Web site : www.mppwd.gov.in Email :- eepwd1shahdol@nic.in Phone No. 07652-240308 Fax No. 07652-245511
निविदा सूचना क्र. 05/2026-27 **निविदा आमंत्रण सूचना** दिनांक 16.07.2026

निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है । उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर आई.डी. क्रमांक | संभाग का नाम | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | कार्य की अनुमानित राशि ( लाख में) | अमानत राशि (रुपए में) | निविदा फार्म (रुपए में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2026_PWDRB_ 521844_1 | शहडोल | उपसंभाग ब्यौहारी के अन्तर्गत जयसिंहनगर के गैर आवासीय भवनों में साधारण मरम्मत का कार्य । | प्रथम | 31.03.2027 तक | 10.00 | 20000/- | 2000/- |
| 2 | 2026_PWDRB_ 521868_1 | शहडोल | उपसंभाग ब्यौहारी के अन्तर्गत गैर आवासीय भवनों में साधारण मरम्मत का कार्य । | प्रथम | 31.03.2027 तक | 10.00 | 20000/- | 2000/- |
| 3 | 2026_PWDRB_ 521898_1 | शहडोल | उपसंभाग शहडोल के अन्तर्गत कार्टिंग मटेरियल सप्लाई मैक्स फाल्ट मुरूम एवं अन्य मटेरियल सप्लाई कार्य । | प्रथम | 31.03.2027 तक | 10.99 | 21980/- | 2000/- |
| 4 | 2026_PWDRB_ 521926_1 | शहडोल | कमिश्नर कार्यालय शहडोल में अधोसंरचना विकास अन्तर्गत शेड, हेल्पडेस्क एवं कांक्रीट कार्य । (डीएमएफ) | प्रथम | 31.03.2027 वर्षाऋतु सहित | 16.91 | 33820/- | 2000/- |
| 5 | 2026_PWDRB_ 521949_1 | शहडोल | उपसंभाग शहडोल अन्तर्गत विभिन्न मार्गो में रिपेयर एवं मरम्मत कार्य । | प्रथम | 31.03.2027 तक | 17.77 | 35540/- | 2000/- |
| 6 | 2026_PWDRB_ 521956_1 | शहडोल | उपसंभाग शहडोल के अन्तर्गत कोर्ट बिल्डिंग शहडोल में साधारण मरम्मत का कार्य । | प्रथम | 31.03.2027 तक | 18.69 | 37380/- | 2000/- |
| 7 | 2026_PWDRB_ 521964_1 | शहडोल | उपसंभाग शहडोल अन्तर्गत आवासीय भवनों में साधारण मरम्मत का कार्य | प्रथम | 31.03.2027 तक | 18.69 | 37380/- | 2000/- |
| | | | | | TOTAL | 103.05 | | |

उपरोक्त बेवसाईट आनलाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्यूमेन्ट) बेवसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा । निविदा प्रपत्र क्रय करने तथा आनलाईन बिड सबमिशन की प्रारंभिक तिथि दिनांक 16.07.2026 से अंतिम तिथि 27.07.2026 सायं 17 :30 बजे तक निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त बेवसाईट में देखा जा सकता है । निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त बेवसाइट में किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा ।

कार्यपालन यंत्री,
लोक निर्माण विभाग (भ / स )
शहडोल संभाग शहडोल ( म.प्र.)

G-15762/26

## चिंतन

# रथयात्रा में कुशल प्रबंधन के साथ सतर्कता जरूरी

ओडिशा के पुरी में जगन्नाथ रथयात्रा के दौरान भगदड़ में एक महिला की मौत और 100 से अधिक लोगों का घायल होना एक ताजा खबर है, लेकिन हम लोग ऐसी खबरें लगातार सुनते रहते हैं। इन बड़े आयोजनों में अक्सर ऐसी दुर्घटनाएं होती रहती हैं। लोगों की श्रद्धा को देखते हुए यह तो नहीं कहा जा सकता कि ऐसे आयोजनों में नहीं जाएं, लेकिन ऐसे कार्यक्रमों में जाते समय सावधानी और सतर्कता जरूरी है। धार्मिक आस्था भारत की सबसे बड़ी सामाजिक शक्ति है। हर वर्ष करोड़ों श्रद्धालु विभिन्न तीर्थस्थलों, मेलों और धार्मिक जुलूसों में भाग लेते हैं। जब श्रद्धा के साथ सुव्यवस्थित प्रबंधन नहीं जुड़ता, तब यही आयोजन बड़े हादसों का कारण बन जाते हैं। पुरी की ताजा घटना एक बार फिर यही संदेश देती है कि भीड़ प्रबंधन केवल प्रशासनिक औपचारिकता नहीं, बल्कि जीवन बचाने की पहली शर्त है। पुरी में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा के दौरान पहाड़ी रस्म के समय अचानक बड़ी संख्या में श्रद्धालु रथों के करीब पहुंचने लगे। वॉलेंटियर भीड़ को नियंत्रित करने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन धक्का-मुक्की के कारण भगदड़ जैसे हालात बन गए। इस हादसे में एक श्रद्धालु की मौत हो गई, जबकि 100 से अधिक लोग घायल या बेहोश हो गए। तेज बारिश के बावजूद लगभग 10 लाख श्रद्धालु यात्रा मार्ग पर मौजूद थे। यह घटना बताती है कि केवल सुरक्षा बलों की तैनाती पर्याप्त नहीं होती, बल्कि भीड़ के प्रवाह को वैज्ञानिक तरीके से नियंत्रित करना भी उतना ही आवश्यक है। दुर्भाग्य से यह कोई पहली घटना नहीं है। मार्च 2026 में बिहार शरीफ के माता शीतला मंदिर में अष्टमी मेले के दौरान भगदड़ में आठ महिलाओं की जान चली गई थी। फरवरी 2025 में नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर महाकुंभ के लिए प्रयागराज जाने वाली ट्रेनों का इंतजार कर रही भीड़ अनियंत्रित हो गई, जिसमें 18 लोगों की मौत हो गई। जुलाई 2024 में उत्तर प्रदेश के हाथरस में आयोजित एक सत्संग में मची भीषण भगदड़ ने 100 से अधिक लोगों की जान ले ली। ये घटनाएं अलग-अलग स्थानों की जरूर हैं, लेकिन इनकी वजह लगभग एक जैसी रही अनियंत्रित भीड़, अपर्याप्त प्रबंधन और समय रहते प्रभावी हस्तक्षेप का अभाव। हर बड़े धार्मिक आयोजन से पहले प्रशासन को केवल सुरक्षा व्यवस्था तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि व्यापक आपदा प्रबंधन योजना भी तैयार करनी चाहिए। श्रद्धालुओं की संख्या का वास्तविक आकलन, प्रवेश और निकास के अलग-अलग मार्ग, बैरिकेडिंग, सीसीटीवी निगरानी, सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली और प्रशिक्षित स्वयंसेवकों की पर्याप्त तैनाती जैसे कदम अनिवार्य होने चाहिए। भीड़ को चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाना और एक स्थान पर अत्यधिक लोगों के एकत्र होने से रोकना सबसे प्रभावी उपायों में शामिल है। हालांकि केवल प्रशासन पर जिम्मेदारी डालकर समस्या का समाधान नहीं होगा। श्रद्धालुओं की भी समान जिम्मेदारी है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें, धक्का-मुक्की से बचें, प्रशासन और स्वयंसेवकों के निर्देशों का पालन करें। थोड़ी-सी असावधानी सैकड़ों परिवारों की खुशियां छीन सकती है। हर हादसे के बाद जांच समितियां बनती हैं, मुआवजे की घोषणाएं होती हैं और भविष्य में सुधार के वादे किए जाते हैं, लेकिन यदि इन सिफारिशों को धरातल पर लागू नहीं किया गया तो ऐसी घटनाएं दोहराई जाती रहेंगी। सरकारों की संवेदनशीलता पर सवाल नहीं उठाया जा सकता, लेकिन सुरक्षा प्रबंधन की निरंतर समीक्षा और जवाबदेही तय करना भी उतना ही जरूरी है।



अर्थव्यवस्था

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# ईरान युद्ध से बढ़ी आर्थिक चुनौतियां

अमेरिका-ईरान सैन्य टकराव और होर्मुज स्ट्रेट के बंद होने से कच्चे तेल के दाम तेजी से बढ़ने लगे हैं। महंगाई और बाजार जोखिमें बढ़ गई हैं। बढ़ते आयातों के कारण भारत का व्यापार घाटा चिंता का विषय बन गया है। हाल ही में जारी आंकड़ों के अनुसार देश का व्यापार घाटा जून में पिछले 5 महीनों के उच्चतम स्तर 30.43 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। इस समय एक और बड़ी चिंता अमेरिका की ओर से आते हुए दिखाई दे रही है। अमेरिका में दोनों दलों के सीनेटरों के एक समूह ने रूस पर प्रतिबंध विधेयक का संशोधित मसौदा पेश किया है, जिसमें रूस के कच्चे तेल एवं गैस के पांच सबसे बड़े खरीदारों पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाने का प्रस्ताव है। इन पांच खरीदारों में भारत भी शामिल है।

इन दिनों अमेरिका- ईरान सैन्य टकराव और होर्मुज स्ट्रेट के बंद होने से कच्चे तेल के दाम तेजी से बढ़ने लगे हैं। महंगाई और बाजार जोखिमें बढ़ गई हैं। बढ़ते आयातों के कारण भारत का व्यापार घाटा चिंता का विषय बन गया है। हाल ही में जारी आंकड़ों के अनुसार देश का व्यापार घाटा जून में पिछले 5 महीनों के उच्चतम स्तर 30.43 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। इस समय एक और बड़ी चिंता अमेरिका की ओर से आते हुए दिखाई दे रही है। 15 जुलाई को अमेरिका में दोनों दलों के सीनेटरों के एक समूह ने रूस पर प्रतिबंध विधेयक का संशोधित मसौदा पेश किया है, जिसमें रूस के कच्चे तेल एवं गैस के पांच सबसे बड़े खरीदारों पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाने का प्रस्ताव है। इन पांच खरीदारों में भारत भी शामिल है। ऐसे में एक बार फिर वैश्विक अर्थव्यवस्था के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था पर भी प्रतिकूल असर की चुनौती है।

एशियाई विकास बैंक ( एडीबी) के द्वारा जारी हालिया रिपोर्ट में कहा गया है कि पश्चिम एशियाई संकट और लॉजिस्टिक कीमतों में बढ़ोतरी का भारत की विकास दर पर प्रतिकूल असर होगा। ऐसे में एडीबी ने भारत के लिए इस वित्त वर्ष 2026-27 के लिए पूर्व में निर्धारित की गई 6.9 प्रतिशत विकास दर को घटाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया है। इसी तरह अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने अपनी रिपोर्ट में वर्ष 2026-27 के लिए भारत की विकास दर का अनुमान घटाकर 6.4 प्रतिशत कर दिया है। आईएमएफ का मानना है कि ऊर्जा की ऊंची कीमतें भारत में आर्थिक चुनौतियां बढ़ा सकती हैं। हालांकि इस समय भारत आपूर्ति चुनौतियों से निपटने के लिए पहले से बेहतर स्थिति में है, फिर भी चालू वित्त वर्ष में देश की आर्थिक विकास दर को 7 प्रतिशत तक ले जाने के लिए रणनीतिपूर्वक नए आर्थिक उपायों के साथ आगे बढ़ना होगा। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में भारत ने 7.7 प्रतिशत की शानदार दर से वृद्धि दर्ज की थी, जो कि 2024-25 की 7.1 प्रतिशत की दर से काफी बेहतर थी। निसंदेह इस समय वैश्विक आर्थिक चुनौतियों और घरेलू आर्थिक मुश्किलों के बीच-बीच अर्थव्यवस्था को गतिशील रखना और विकास दर बढ़ाना चुनौती है। उल्लेखनीय है कि सरकार इन आर्थिक चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ते हुए दिखाई भी दे रही है। हाल ही में 15 जुलाई को केंद्रीय कैबिनेट ने आयात घटाने और आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देने के लिए 2.19 लाख करोड़ रुपये से अधिक के फैसलों को मंजूरी दी है। देश की उर्वरक आयात पर निर्भरता कम करने के लिए फैसले को मंजूरी मिली है। इसके तहत नए गैस-आधारित यूरिया संयंत्रों के लिए घरेलू निवेश को आकर्षित किया जाएगा। चिप और इलेक्ट्रॉनिक्स मिशन के तहत इलेक्ट्रॉनिक्स और चिप के भारी आयात को कम करने के लिए 1.27 लाख करोड़ रुपये के बजट के साथ इस मिशन के दूसरे चरण को मंजूरी दी गई है, ताकि देश को वैश्विक केंद्र बनाया जा सके। मोबाइल फोन निर्माण अभियान के तहत विदेशी फोन पर निर्भरता खत्म करने के लिए 62,500 करोड़ रुपये की योजना स्वीकृत की गई है।

अभी आर्थिक चुनौतियों के चक्रव्यूह से निकलने के लिए सरकार को 'सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन' के मंत्र को और अधिक रणनीतिक ढंग से उपयोग में लाना



होगा। वैश्विक झटके और तेल की बढ़ती कीमतों के बीच भारत को अपनी समष्टि-आर्थिक स्थिरता बनाए रखने के लिए अपनी रणनीतियों में बदलाव करना होगा। तेल की वैश्विक कीमतों में फिर से आए उछाल के कारण भारतीय रिजर्व बैंक के सामने असमंजस की स्थिति पैदा हो गई है। केंद्रीय बैंक को अब महंगाई को नियंत्रण में रखने के साथ-साथ विकास की गति को थमने से बचाना होगा। वैश्विक संकट के समय निजी निवेश में सुस्ती आना स्वाभाविक है। ऐसे में आर्थिक गतिविधियों को सहारा देने के लिए सरकार को अपने पूंजीगत व्यय को लक्ष्य के अनुरूप तेजी से कारगर बनाना होगा।

बुनियादी ढांचा परियोजनाओं-जैसे रेलवे, राष्ट्रीय राजमार्ग, नए बंदरगाहों और लॉजिस्टिक्स नेटवर्क में निवेश को प्राथमिकता देनी होगी। बुनियादी ढांचे में सरकारी निवेश बढ़ने से इस्पात, सीमेंट और निर्माण जैसे मुख्य क्षेत्रों में मांग बनी रहती है, जिससे ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर नए रोजगार पैदा होते हैं और अर्थव्यवस्था का चक्र घूमता रहता है। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में नए सिरे से व्यवधान आने की आशंका को देखते हुए भारत को घरेलू विनिर्माण पर अपनी निर्भरता बढ़ानी होगी। उत्पादन-आधारित प्रोत्साहन योजनाओं का दायरा बढ़ाकर उन क्षेत्रों को शामिल करना चाहिए जो आयात पर अत्यधिक निर्भर हैं। भारत को अपनी निवेश नीतियों को और अधिक सरल बनाकर वैश्विक कंपनियों को आकर्षित करना होगा। अब बढ़ती आर्थिक चुनौतियों के बीच मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) को भी ढाल बनाना होगा। अप्रैल-मई 2026 में भारत का निर्यात पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले लगभग 15 प्रतिशत बढ़ा है। वैश्विक अनिश्चितता के इस दौर में भारत द्वारा तेजी से बढ़ाए जा रहे 'मुक्त व्यापार समझौते' नए बाजार खोलने में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाले साबित हो रहे हैं। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अनुसार, भारत आगामी 10 महीनों में 9 नए व्यापार समझौतों को धरातल पर उतारने की तैयारी में है। उल्लेखनीय है कि 15 जुलाई का दिन भारत और ब्रिटेन के आर्थिक एवं व्यापारिक इतिहास में एक स्वर्णिम दिन के रूप में दर्ज हो गया है। इस दिन दोनों देशों के बीच लंबे समय से प्रतीक्षित और कई दौर की बेहद जटिल वार्ताओं के बाद तैयार किया गया ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौता ( एफटीए) लागू हुआ है, जिसे व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता ( सीटा) कहा गया है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि जिस ब्रिटेन ने कभी भारत पर लंबे समय तक शासन किया था, उसी ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था का आज भारत एक बड़ा रणनीतिक साझेदार बन गया है।

यह मुक्त व्यापार समझौता ऐसे समय में लागू हुआ है, जब वैश्विक अर्थव्यवस्था पश्चिम एशिया संघर्ष और भू-राजनीतिक तनावों के दौर से गुजर रही है। ऐसे में भारत और ब्रिटेन का एक साथ आना दोनों देशों के आर्थिक परिदृश्य को बदलने की क्षमता रखता है। वर्तमान में भारत और ब्रिटेन के बीच वस्तुओं तथा सेवाओं का कुल सालाना व्यापार 55 से 60 अरब डॉलर मूल्य का है, जिसे वर्ष 2030 तक 100 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। उम्मीद करें कि अब न्यूजीलैंड और यूरोपीय संघ के साथ एफटीए शीघ्र कार्यान्वित होगा। सरकार महंगाई नियंत्रण और सात प्रतिशत विकास दर के लक्ष्य को पाने के मद्देनजर नए सरल श्रम कानूनों के परिपालन, मुक्त व्यापार समझौतों के प्रभावी क्रियान्वयन, विशाल घरेलू बाजार की ताकत, नीतिगत सुधारों, बुनियादी ढांचे पर अधिक सरकारी खर्च, खेती- किसानी को प्रभावी सहारा देने के साथ-साथ पेट्रोलियम पदार्थों व जरूरी वस्तुओं की उपयुक्त आपूर्ति की राह पर रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ेगी।

( लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## मानसून

योगेश कुमार सोनी




# महानगरों में जल-भराव के लिए बने रणनीति

हाल ही के दिनों में देशभर में वर्षा आ रही है। कई जगह बेहद प्रभावित हुई हैं। महानगरों के संदर्भ में बात करें तो हालात बेहद खराब हैं और इस बार राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की स्थिति सबसे ज्यादा बेकार है। दिल्ली यमुना नदी खतरे से प्रभावित हो रही है। दिल्ली व मुंबई के कई इलाके इतने जलमग्न हैं कि लोगों के घरों में पानी घुस चुका है और वे बहुत कठिनाइयों के साथ समय निकाल रहे हैं। कोई रिश्तेदार के जा रहा है तो कोई होटल में रुका है और जिसकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है, वह सड़कों पर डेरा डाले हुए है। दिल्ली को कनेक्ट करने वाले मुख्य मार्ग आईटीओ, लाल किला और रिंग रोड पर भी पानी भरने से दिल्ली पूरी तरह ठप हो गई । राजधानी होने की वजह से एक दिन में ही बहुत बड़ा आर्थिक नुकसान होता है। बहरहाल, यमुना में बाढ़ का विशेष कारण हथिनी कुंड बैराज से छोड़ा गया पानी बताया जाता है। हालांकि इस मामले में सभी राजनीतिक दल एक-दूसरे पर आरोप मढ़ते दिख रहे हैं। इस मामले पर राजनीतिक बयानबाज़ी जारी है। इस तरह के बयान जनता को बेवकूफ बनाने या पल्ला झाड़ने तक को सही है लेकिन यदि इसकी सच्चाई को देखें तो इन दोनों पार्टियों में से किसी एक ने भी इस ओर जरा सा भी काम नहीं किया। चूंकि स्पष्ट है कि हथिनी कुंड बैराज को अपग्रेड करने की बात हो रही है, लेकिन इस ओर एक कदम भी नही बढ़ा। वहीं दूसरी ओर दिल्ली से यूपी व हरियाणा जाने का सारा रास्ता अवैध प्रॉपर्टियों से बाधित है जिस पर कोई न कुछ कहता है और न ही कुछ करता है। कुल मिलाकर हालात यह हैं कि दिल्ली वालों को अपनी जान व माल की रक्षा व सुरक्षा स्वयं करनी पड़ रही है। इस बार भी देख लिया कि बाढ़ से निपटने की हमारे पास कोई व्यवस्था नही है। कोई भी ऐसा तंत्र या सिस्टम नहीं है जो आकस्मिक स्थिति में लोगों को बचा सके। दिल्ली के सबसे बड़े श्मशान घाट निगमबोध में लोग अपनों की चिता भी नहीं जला पा रहे हैं। चूंकि बाढ़ के पानी से पूरा घाट डूब चुका है, वहीं अस्पतालों में पानी भरने के कारण मरीजों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। दिल्ली की स्थिति को तकनीकी से समझा जाए तो विशेषज्ञों के अनुसार लगभग 20 किलोमीटर की नदी पर पुल के निर्माण के कारण पानी का प्रवाह रुकता है।

यमुना में वजीराबाद से ओखला तक बीस से अधिक पुल 20 किलोमीटर के दायरे में आए पानी के बहाव को बाधित करते हैं। इससे नदी के तल में गाद जमा हो जाती है और रेतीले चट्टानों का निर्माण हो जाता है। यमुना के जलस्तर में बड़े स्तर पर बढ़ने का एक प्रमुख कारण गाद जमना है जिसके कारण पानी में ठहरावट कम हो जाती है और गति बढ़ जाती है। इस वजह से पानी एकदम प्रवाह में आकर अपना रौद्र रूप धारण कर लेता है। इसके अलावा दिल्ली में अपनी क्षमता से अधिक प्रॉपर्टी बन गई रही है जिसकी वजह से पानी की के ठहरने व बहने की जगह खत्म होती जा रही है। हालात यह है कि लोगों ने दिल्ली नगर निगम व सभी संबंधित विभागों से मिलकर तालाब, जोहड़ व अन्य सभी सरकारी खाली जगहों पर बिल्डिंग बना लीं जिससे स्थिति यह है कि दिल्ली में एक इंच जगह भी नहीं बची। नोएडा से दिल्ली जाने वाले डीएनडी एक्सप्रेस-वे पर खादर पर लोगों ने चार मंजिला इमारतें बना ली। सबको यह भलि-भांति पता है कि यह खादर की जगह है और यहां बाढ़ या थोड़ा सा भी पानी का स्तर बढ़ जाने पर जान-माल का खतरा हो सकता है। फिर भी विभागों की मिलीभगत से खुलेआम हर रोज कई प्रॉपर्टी बन जाती हैं। इसके अलावा महानगरों में जंगल के नाम पर कुछ नहीं बचा और जनसंख्या वृद्धि की वजह से जंगलों का विनाश लगातार जारी है। हम इस बात से जानकर भी अंजान बने हुए हैं कि पेड़ हमारी जिंदगी के पर्यायवाची है। जैसा कि हम यह बात बचपन से पढ़ते व समझते आ रहे हैं कि पेड़ों से हमें ऑक्सीजन मिलती है, जो इंसान की जिंदगी के लिए बेहद जरूरी है, लेकिन हम इस बात को शायद विनाश के बाद ही समझ पाएंगे। दुष्परिणाम अब लगातार देखने को मिल रहे हैं। जंगल, तालाब, झील व अन्य सभी प्राकृतिक स्त्रोत प्रकृति की सबसे बड़ी देन मानी जाती है। एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया में हर साल एक करोड़ हेक्टेयर इलाके के वन काटे जा रहे हैं। अकेले भारत में 10 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में फैले जंगल कट रहे हैं। इस वजह से हर देश के हर राज्य का मौसम प्रभावित होने लगा है। शहरीकरण के लालच व विकास की भूख ने हमारे जीवन से हरियाली को खत्म कर दिया। यदि इस मामले को लेकर शासन-प्रशासन समय से नहीं जागा तो आने वाला समय बेहद खतरनाक व चिंताजनक हो जाएगा, चूंकि प्राकृतिक आपदा संभलने का मौका बार-बार नहीं देती है।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आवश्यक है समर्पण



संकलित

दर्शन

समर्पण प्रत्येक प्राणी के लिए अत्यंत आवश्यक भाव है। यही वह भाव है जिसके माध्यम से हम अपने आत्मीय जनों के प्रिय बन सकते हैं। यह स्मरण रहे कि राग, द्वेष, घृणा तथा स्वार्थ का त्याग किए बिना समर्पण की कल्पना व्यर्थ है। हमारे जीवन के प्रत्येक पहलू में समर्पण का भाव आवश्यक है। समर्पण हमारे लौकिक एवं पारलौकिक दोनों जीवन की उन्नति के लिए आवश्यक है। संबंधों में मधुरता के लिए हमें परस्पर समर्पण भाव रखते हुए रिश्तों का निर्वहन करना होता है। स्वार्थ की दृष्टि से बनाए गए रिश्ते अल्पावधि के उपरांत समाप्त हो जाते हैं। इसी प्रकार लक्ष्य की प्राप्ति के लिए भी समर्पण भाव का होना अत्यंत आवश्यक है। जब हम अपने संपूर्ण समर्पण के साथ लक्ष्य प्राप्ति के लिए समर्पित हो जाते हैं, तब कोई भी लक्ष्य हमसे दूर नहीं रहता। समर्पण के साथ-साथ विश्वास का होना भी आवश्यक है। जिस प्रकार एक बीज धरती में रोपित किया जाता है, तो वह संपूर्ण रूप से खुद को धरती मां की गोद में समर्पित कर देता है। तभी उसमें विकास के नए अंकुर फूट पड़ते हैं। भास्कर की किरणों उसे शक्ति प्रदान करती हैं। पवन की शीतलता उसे दुलारती है। मेघ उसका अभिसिंचन करते हैं। इस प्रकार उसे संपूर्ण प्रकृति का सहयोग एवं साहचर्य मिलने लगता है। उसके बाद वह धीरे-धीरे एक संपूर्ण वृक्ष का आकार ले लेता है। एक ऐसे वृक्ष का, जिसके आश्रय में तमाम प्राणी शीतलता प्राप्त करते हैं। यही नहीं, वह वृक्ष सैकड़ों बीजों के जनक होने का गौरव भी प्राप्त करता है।

## हमारी लालसाएं और वृत्तियां नहीं बदलती



संकलित

प्रेरणा

एक पेड़ पर दो बाज रहते थे। दोनों अक्सर एक साथ शिकार की तलाश में निकलते और जो भी पाते, उसे शाम को मिल-बांट कर खाते। एक दिन दोनों शिकार के लिए निकले, तो एक को एक सांप मिला और दूसरे को एक चूहा। अपना-अपना शिकार चोंच में दबाए दोनों पेड़ पर वापस लौटे। दोनों ने अपना शिकार पकड़ा था और उन्हें बस चोंच में दबा रखा था, इसलिए साँप और चूहा- दोनों ही शिकार तब तक जीवित थे। सांप, चूहे का स्वादिष्ट भोजन पाने के लिए जीभ लपलपाने लगा और चूहा सांप के प्रयत्नों को देखकर अपने ही शिकारी बाज के डैनों में छिपने का उपक्रम करने लगा। दूसरे ने उससे पूछा, दोस्त! यह दार्शनिकों की तरह किस चिंतन में डूब गए? पहले बाज ने अपने पकड़े हुए सांप की ओर संकेत करते हुए कहा, देखते नहीं यह कैसा मूर्ख प्राणी है। जीभ की लिप्सा के आगे इसे अपनी मौत का विस्मरण हो रहा है। तब दूसरे बाज ने अपने चूहे की ओर देखते हुए कहा, यह भी तो उतना ही नासमझ है। भय इसे प्रत्यक्ष मौत से भी अधिक डरावना लगता है। पता है कि अगले ही पल मेरा निवाला बनने वाला है, तब भी साँप को देख कर मेरे डैनों में छुपने की कोशिश कर रहा है। वहीं पेड़ के नीचे एक मुसाफिर बैठा सुस्ता रहा था। उसने दोनों बाजों की बात सुनी और सोचने लगा, हम मनुष्यों की दशा भी इसी सांप और चूहे की तरह है। अंतिम क्षणों तक जीवन की आशा नहीं छूटती और न हमारी लालसाएं और वृत्तियां ही बदलती हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### एथेनॉल का प्रयोग कितना जरूरी?

देश को ईंधन के मामले में आत्मनिर्भर बनाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए वाहनों के लिए एथेनॉल का प्रयोग करना जरूरी है, लेकिन विपक्ष, कुछ राजनीतिक दल और अन्य लोग इस ईंधन का विरोध भी कर रहे हैं। ऐसे विरोधियों को इन बातों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए, जैसे कि अमरीका और ईरान के बीच फिर से युद्ध छिड़ गया है, इसलिए हो सकता है कि देश में पेट्रोल और डीजल के लिए सरकार कुछ और नियम तय कर दे या फिर से यह चीजें महंगी हो जाएं। कुछ समय पहले कनाडा यूनिवर्सिटी ऑफ क्यूबेक के जैव रसायन प्रोफेसर एवं वैज्ञानिक मार्क ब्यूरेगार्ड ने बताया था कि धरती पर वर्ष 2070 तक पेट्रोल–डीजल खत्म हो जाएगा। इसलिए पेट्रोल और डीजल का संरक्षण जरूरी है।

*- मांगेराम, रोहतक*

## ट्रेंड

### भगवान जगन्नाथ यात्रा



भगवान जगन्नाथ की पवित्र रथ यात्रा के अवसर पर, मेरी कामना है कि उनका आशीर्वाद हम सभी पर सदैव बना रहे। उनकी दिव्य कृपा हमारे सभी देशवासियों के जीवन में नई ऊर्जा का संचार करे।

**- नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री


### आईसीएआर



आईसीएआर ने अपने 98 वर्षों के सफर में चमत्कार कर दिखाए हैं। इसलिए, मैं उस तपस्या को नमन करता हूं जिसने भूख को परास्त किया। उस तपस्या को नमन जिसने अभाव को आत्मनिर्भरता में बदल दिया। उस तपस्या को नमन जिसने संकट को समाधान में बदल दिया।

**-शिवराज सिंह चौहान,** केंद्रीय कृषि मंत्री

### आधुनिक बस टर्मिनल



हमारी सरकार लगभग 130 करोड़ की लागत से हमीरपुर में राज्य का सबसे बड़ा और आधुनिक बस टर्मिनल बना रही है। मौजूदा बस टर्मिनल की जगह पर लगभग 200 करोड़ की लागत से एक आधुनिक सिटी सेंटर भी विकसित किया जाएगा।

**-सुखविंदर सिंह सुखु,** सीएम, हिमाचल प्रदेश

### 3 खदानों की नीलामी




झारखंड देश की लगभग 40% खनिज संपदा वाला राज्य है, लेकिन विडंबना यह है कि पिछले साढ़े छह वर्षों में हेमंत सरकार केवल 3 खदानों की ही नीलामी कर पाई है। इसके विपरीत, इसी दौरान पूरे देश में 434 खनिज ब्लॉकों की नीलामी हुई है।

**-बाबूलाल मरांडी,** पूर्व सीएम, झारखंड

## करंट अफेयर

# ट्रंप की तस्वीर वाले स्मारक सिक्के का उत्पादन शुरू

अमेरिकी टकसाल ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तस्वीर वाले एक डॉलर के नए स्मारक सिक्के का उत्पादन शुरू कर दिया है। अमेरिका की स्वतंत्रता की 250वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में जारी किए जा रहे इस स्मारक सिक्के के अंतिम डिजाइन को इस वर्ष की शुरुआत में अमेरिकी आयोग (यूएस कमीशन ऑफ फाइन आर्ट्स) ने मंजूरी दी थी। अमेरिकी वित्त विभाग ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि आयोग के सदस्यों की नियुक्ति राष्ट्रपति ट्रंप ने की थी। हालांकि, बुधवार को जारी अंतिम सिक्का पहले स्वीकृत डिजाइन से कुछ मामलों में अलग है। सबसे प्रमुख अंतर यह है कि यह शुद्ध सोने का नहीं है, बल्कि इसे सुनहरी परत (गोल्ड फिनिश) दी गई है। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि यह सिक्का ''स्वतंत्रता की स्थायी विरासत और देशभक्ति के स्थायी प्रतीक'' के सम्मान में जारी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप की तस्वीर वाला यह सिक्का अमेरिकी मूल्यों की मजबूती और सभी के लिए स्वतंत्रता बनाए रखने के राष्ट्र के संकल्प का प्रतीक है। रिपब्लिकन नेता ट्रंप अपने नाम और छवि को ऐतिहासिक रिकॉर्ड का हिस्सा बनाने के लिए जाने जाते हैं।




## ऑफ बीट

# कार्डियो वजन उठाने से पहले करना चाहिए या बाद में

फिटनेस के प्रति जुनूनी लोग दशकों से इस प्रश्न पर बहस करते रहे हैं कि 'कार्डियो' करना वजन उठाने से पहले बेहतर होता है या बाद में? हाल तक, इसका उत्तर काफी हद तक पसंद पर निर्भर करता था – कुछ लोग वजन उठाने से पहले जॉगिंग करते थे, जबकि अन्य लोगों का मानना था कि पहले वजन उठाना वसा को खत्म करने के लिए बेहतर है। लेकिन एक नए शोध ने अंततः इस लंबे समय से विवादित प्रश्न का उत्तर दे दिया है। शोध के अनुसार, आपके व्यायाम का क्रम इस बात को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करता है कि आप कितनी चर्बी कम करते हैं। जिन प्रतिभागियों ने वजन उठाने के बाद कार्डियो किया, उनमें कार्डियो करने के बाद वजन उठाने वालों की तुलना में काफी अधिक चर्बी कम हुई और वे पूरे दिन शारीरिक रूप से अधिक सक्रिय रहे। शोधकर्ताओं ने प्रतिभागियों को 12 सप्ताह के लिए तीन समूहों में विभाजित किया। दोनों व्यायाम समूहों ने एक जैसे प्रशिक्षण कार्यक्रम अपनाए, केवल व्यायाम क्रम में अंतर था। प्रतिभागियों ने बेंच प्रेस, डेडलिफ्ट, बाइसेप कर्ल और स्क्वाट जैसे व्यायाम किए। कार्डियो सत्र में 30 मिनट तक 'साइकिलिंग' शामिल थी। दोनों समूहों के प्रतिभागियों ने अपनी हृदय संबंधी फिटनेस, मांसपेशियों की ताकत और शारीरिक बनावट में सुधार का अनुभव किया।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



# हैवान में साथ नजर आएंगे अक्षय और सैफ

**मुंबई।** लगभग 17 साल बाद सैफ अली खान और अक्षय कुमार फिल्म 'हैवान' में साथ नजर आएंगे। इस फिल्म से उनके लुक भी सामने आ चुके हैं। एक्टर्स के लुक के साथ फिल्म की रिलीज डेट भी साझा की गई है। फिल्म 'हैवान' का पोस्टर अक्षय कुमार ने इंस्टाग्राम पर साझा किया है। इस पोस्टर में उनका लुक काफी खूंखार दिख रहा है। वहीं, सैफ अली खान भी काफी अलग नजर आ रहे हैं। पोस्टर के साथ लिखा है, 'एक को सबकुछ दिखता है, एक से कुछ मिस नहीं होता है। हैवानियत अब नहीं रुकेगी।' फिल्म के पोस्टर को देखकर ही लग रहा है कि इसमें दोनों एक्टर्स के किरदार दर्शकों को हैरान करेंगे।



लाइफ Style

# तमन्ना
## रागिनी 3 की शूटिंग हुई शुरू

एजेंसी ▶▶ मुंबई

प्रसिद्ध भारतीय फिल्म निर्देशक, लेखक और निर्माता शशांक घोष 'रागिनी 3' का निर्देशन कर रहे हैं। इस फिल्म में तमन्ना भाटिया मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। हाल ही में तमन्ना ने इस फिल्म की शूटिंग के पहले दिन की एक खास तस्वीर साझा कर फिल्म को लेकर फैंस की उत्सुकता को और अधिक बढ़ा दिया है।


तमन्ना भाटिया ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर 'रागिनी 3' के सेट से एक खास तस्वीर साझा कर फैंस का दिल जीत लिया है। तमन्ना ने 'रागिनी 3' के क्लैप बोर्ड के साथ एक खास तस्वीर इंस्टाग्राम स्टोरी पर साझा की है। इस तस्वीर में क्लैप बोर्ड के ऊपर लिखा है- '15.07.26 दिन पहला' यानी इस फिल्म की शूटिंग 15 जुलाई से शुरू हो चुकी है। 'रागिनी 3' का निर्देशन शशांक घोष करेंगे, जिन्होंने 'वीरे दी वेडिंग' और 'खूबसूरत' जैसी हिट फिल्मों के अलावा 'फ्रेडी' और 'क्विक गन मुरुगन' जैसी लीक से हटकर फिल्में बनाई हैं। इस फिल्म में तमन्ना भाटिया नजर आएंगी। बाकी स्टार कास्ट की जानकारी अभी आधिकारिक तौर पर सामने नहीं आई है। इस फिल्म की निर्माता एकता कपूर हैं, जिन्होंने इस फिल्म के पहले के दोनों भागों का भी निर्माण किया है। अभी तक एकता कपूर की फिल्म 'रागिनी' के दो भाग रिलीज हो चुके हैं। अब एकता 'रागिनी 3' लेकर आ रही हैं। 'रागिनी 3' आगामी बॉलीवुड हॉरर-थ्रिलर फिल्म है। इसे 'रागिनी एमएमएस' फ्रेंचाइजी का तीसरा भाग माना जा रहा है। तमन्ना भाटिया के अलावा इस फिल्म में जुनैद खान, नरगिस फाखरी और आयुष शर्मा मुख्य भूमिकाओं में नजर आ सकते हैं।

हॉलीवुड मसाला




# द बैटमैन... का आया फर्स्ट लुक

**लॉस एंजिल्स।** 'द बैटमैन पार्ट 2' से रॉबर्ट पैटिनसन का पहला लुक सामने आ गया है। मैट रीव्स ने सोशल मीडिया पर एक छोटा सा टीजर शेयर किया है। टीजर में रॉबर्ट पैटिनसन बैटमैन के लुक में नजर आ रहे हैं। वीडियो की शुरुआत दमदार म्यूजिक से होती है। इसमें बैटमैन की पीठ दिखाई देती है और उनके आसपास बारिश हो रही होती है। वीडियो में पीछे पुलिस की गाड़ी की फ्लैशिंग लाइट्स भी नजर आती हैं। धीरे-धीरे बैटमैन कैमरे की तरफ मुड़ते हैं।



# द ओडिसी का जबरदस्त क्रेज, फैन ने टाली दूसरे बच्चे की प्लानिंग

**लॉस एंजिल्स।** क्रिस्टोफर नोलन की मच अवेटेड फिल्म 'द ओडिसी' 18 जुलाई को दुनियाभर में रिलीज को तैयार है। बाकी फिल्मों की तरह इस फिल्म का भी दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। फैंस दिल थाम कर इस फिल्म के रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। क्रिस्टोफर नोलन की फिल्म 'द ओडिसी' सिर्फ दर्शकों में उत्साह ही नहीं जगा रही, बल्कि लोग इसके लिए अलग-अलग तरीके भी अपना रहे हैं। अमेरिका की एक फैन ने बताया कि उन्होंने अपनी दूसरे बच्चे की प्लानिंग इसलिए टाल दी, ताकि वह फिल्म के ओपनिंग डे की आईमएएक्स 70एमएम स्क्रीनिंग मिस न करें। इससे पता चलता है कि इस फिल्म के लिए फैंस कितनी हद तक जा रहे हैं। कैलिफोर्निया की 29 साल की एंबर कॉनाघन ने वैरायटी को बताया कि उन्होंने जानबूझकर अपनी फैमिली प्लानिंग कुछ समय के लिए टाल दी, ताकि वह 17 जुलाई को 'द ओडिसी' की स्क्रीनिंग देख सकें।



# फौजी की रिलीज डेट का ऐलान...

**मुंबई।** प्रभास की फिल्म 'फौजी' की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया गया है। मेकर्स ने इसी के साथ एक दिलचस्प नया पोस्टर भी शेयर किया है। एक तरफ फैंस जहां बेसब्र हो गए हैं, वहीं अब दिसंबर के पहले हफ्ते में बॉक्स ऑफिस पर 'फौजी' की टक्कर आलिया भट्ट, अजय देवगन और अक्षय कुमार की फिल्मों से भी होने वाली है। मैथ्री मूवी मेकर्स ने गुरुवार को एक नया और खतरनाक पोस्ट जारी करते हुए इसका ऐलान किया है, जिसमें प्रभास युद्ध के मैदान में बारिश में भीगते हुए दिखाई दे रहे हैं। उनके हाथों में बंदूक है और शरीर खून से सना हुआ है। पोस्टर को शेयर करते हुए लिखा है, 'अज्ञातपर्व का अंत। बगावत की शुरुआत। 'फौजी' 3 दिसंबर को दुनियाभर में बड़े पैमाने पर रिलीज होगी।' मेकर्स ने जो नया पोस्टर शेयर किया है।



# 1942 ए लव स्टोरी के 32 साल हुए पूरे

**नई दिल्ली।** अनिल कपूर और मनीषा कोइराला की ब्लॉकबस्टर फिल्म '1942 ए लव स्टोरी' को रिलीज हुए 32 साल पूरे हो गए।। 1994 में रिलीज हुई इस फिल्म के गाने और कहानी आज भी लोगों को काफी पसंद आती है। फिल्म के 32 साल पूरे होने पर अब अनिल कपूर ने एक दिल छू लेने वाले पोस्ट शेयर किया है। साथ ही फिल्म से जुड़ी कुछ तस्वीरें भी साझा की हैं। अनिल कपूर ने फिल्म के 32 साल पूरे होने पर अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म के सेट से जुड़ी कई तस्वीरें साझा की हैं। इन तस्वीरों में अनिल कपूर के साथ फिल्म के बाकी कलाकार भी नजर आ रहे हैं। इनमें मनीषा कोइराला, जैकी श्रॉफ और अनुपम खेर जैसे फिल्म का हिस्सा रहे स्टार शामिल हैं। इसके साथ ही अनिल कपूर ने एक दिल छू लेने वाला नोट भी लिखा।

टीवी मसाला

# बचपन में सोहेल को मिले थे सेक्सुअल हैरेसमेंट के जख्म


नई दिल्ली। एक्टर और फिल्ममेकर सोहेल खान पहली बार किसी रियलिटी शो में नजर आ रहे हैं। वो भी बतौर कंटेस्टेंट. ऐसे में उनके कई ऐसे किस्से भी सामने आए जिनसे फैंस आजतक अंजान थे। अब हालिया एपिसोड में सोहेल खान ने अपना सबसे दर्दनाक किस्सा शेयर किया।



उन्होंने बताया कि उन्होंने बचपन में यौन उत्पीड़न का सामना किया था। उन्होंने ये बात सालों तक सबसे छुपाकर रखी थी। सोहेल खान, अर्शलान गोनी, रूही और अली गोनी के साथ बैठे थे। तभी रैगिंग को लेकर बातचीत चली. तो एक्टर ने कहा कि अगर बच्चों के साथ कभी ऐसा होता है या फिर कोई लगातार परेशान करता है तो बच्चों को इसके बारे में खुलकर बोलना चाहिए। जब वह छोटे थे तो उन्होंने खुद सेक्सुअल हैरेसमेंट को फेस किया है। सोहेल खान ने बताया, 'एक शख्स ने मेरा सेक्शुअली हैरेस किया था। सालों तक मैं ये बात किसी कह नहीं सका था और अंदर ही दबाए बैठा था। जब मैं बड़ा हुआ और मैंने अपने पिता को ये बात बताई। तब उन्होंने समझाया कि इतने सालों तक वह क्यों चुप थे। मुझे ये बताने में बहुत शर्म आ रही थी। तब पिता ने समझाया कि इसमें मेरी कोई गलती नहीं थी। अब मैं अपने बच्चों को यही कहता हूं कि चाहे कुछ भी हो जाए सबकुछ बताओ।' अलायंस शो में बतौर कंटेस्टेंट नजर आ रहे शो में सोहेल खान इमोशनल होते भी नजर आए। शो के होस्ट कुणाल खेमू से उन्होंने कहा कि वह कई बार कई शो में जज और होस्ट के रूप में काम कर चुके हैं।

## दिशा-राहुल ने मनाई शादी की पांचवीं सालगिरह

**नई दिल्ली।** टीवी अभिनेत्री दिशा परमार और मशहूर सिंगर राहुल वैद्य की शादी को 16 जुलाई को 5 साल हुए। इस खास मौके पर दोनों ने सोशल मीडिया पर बेहद प्यारी तस्वीरें शेयर करके एक-दूसरे को बधाई दी। दिशा



परमार ने इंस्टाग्राम पर राहुल के साथ अपनी कुछ खूबसूरत तस्वीरें पोस्ट कीं। इसके साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'तुम्हारे साथ मैं अपने सपनों की जिंदगी जी रही हूं।' दिशा ने आगे लिखा, 'मेरा पति सबसे बेस्ट है।' दिशा और राहुल ने इंस्टाग्राम पर अपनी कई पुरानी और नई यादों की तस्वीरें साझा की हैं। इन तस्वीरों में दोनों के मुस्कुराते हुए चेहरे, दिशा के प्रेग्नेंट होने के दिनों की यादें और उनकी नन्ही बेटी नव्या की प्यारी झलकियां भी शामिल हैं। सिंगर राहुल वैद्य ने भी अपनी शादी के दिन की और कुछ रोमांटिक तस्वीरें साझा की हैं। इन तस्वीरों के साथ राहुल ने कैप्शन में लिखा, 'तुम्हारे साथ शादी के 5 साल, एक बेहद खूबसूरत सफर रहा।' इसके साथ ही राहुल ने लिखा कि वह हर दिन दिशा को ही चाहेंगे। राहुल और दिशा की प्रेम कहानी तब चर्चा में आई थी, जब राहुल वैद्य ने रियलिटी शो 'बिग बॉस 14' में दिशा को शादी के लिए प्रपोज किया था। राहुल ने दिशा के 26वें जन्मदिन पर एक सफेद टी-शर्ट पहनी थी, जिस पर लाल रंग से 'मैरी मी' लिखा था। उन्होंने घुटनों के बल बैठकर दिशा के लिए अपने प्यार का इजहार किया था।

# इन चार फिल्मों में नजर आने वाले हैं कार्तिक...

**नई दिल्ली।** कार्तिक आर्यन का रूह बाबा वाला किरदार पिछले कुछ सालों में बॉलीवुड का सबसे पॉपुलर और यादगार किरदारों में शुमार हो चुका है। ऐसे में 'भूल भुलैया 4' को लेकर चल रही चर्चाओं ने फैंस की उत्सुकता को आसमान छू लिया है। हालांकि, फिल्म की आधिकारिक घोषणा अभी बाकी है, लेकिन सोशल मीडिया पर रूह बाबा की वापसी की खबरें पहले ही जोरों पर हैं। इसी बीच कार्तिक आर्यन की कई आने वाली फिल्मों को लेकर चर्चा तेज हो गई है



***अनटाइटल्ड म्यूजिकल रोमांटिक ड्रामा*** : कार्तिक पहली बार मशहूर निर्देशक अनुराग बसु के साथ एक अनटाइटल्ड म्यूजिकल लव स्टोरी में नजर आएंगे. यह फिल्म एक गहरी और भावुक प्रेम कहानी पर आधारित है, जिसमें कार्तिक का इंटेंस और नया रोमांटिक अवतार देखने को मिलेगा. फैंस इस प्रोजेक्ट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

***नागजिला*** : नागजिला एक मजेदार फैंटेसी कॉमेडी है, जिसमें कार्तिक आर्यन पूरी तरह अलग और हल्का-फुल्का अंदाज में दिखाई देंगे. फिल्म की घोषणा के बाद से ही दर्शकों में जबरदस्त क्रेज है।

***कैप्टन इंडिया*** : यह फिल्म एक सच्ची रेस्क्यू मिशन से प्रेरित देशभक्ति वाली एक्शन ड्रामा है। इसमें कार्तिक एक साहसी और प्रेरणादायक भूमिका में नजर आएंगे. यह प्रोजेक्ट बड़े पर्दे पर दमदार मनोरंजन का वादा करता है।

***अनटाइटल्ड स्पोर्ट्स ड्रामा*** : 'चंदू चैंपियन' की सफलता के बाद कार्तिक एक बार फिर कबीर खान के निर्देशन में एक नई स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म कर रहे हैं। फैंस उन्हें इस फिल्म में भी एक शानदार, परफॉर्मेंस वाली भूमिका में देखने के लिए उत्साहित हैं।

# 69 साल पुराना गाना, उम्रकैद की सजा काट रहे कैदियों के लिए लिखा...

***नई दिल्ली।*** *हिंदी सिनेमा में ऐसे कई गाने हैं, जो लोगों की जिंदगी का अहम हिस्सा बने हुए हैं। कुछ गाने सिर्फ मनोरंजन नहीं करते, बल्कि पीढ़ियों तक संस्कार, प्रेरणा और भावनाओं की पहचान बन जाते हैं। ऐसा ही एक गाना करीब सात दशक पहले एक फिल्म के लिए लिखा गया था, लेकिन वक्त के साथ उसकी पहचान पूरी तरह बदल गई. आज भी देश के हजारों स्कूलों में सुबह की शुरुआत इसी गाने से होती है। करोड़ों लोगों की यादों में बस चुका यह गीत है 'ऐ मालिक तेरे बंदे हम'।*

## राजस्थान के गीतकार की कलम से निकला ये गाना, लता ने बनाया अमर

साल 1957 में रिलीज हुई डायरेक्टर वी. शांताराम की क्लासिक फिल्म 'दो आंखें बारह हाथ' का यह गाना असल में किसी स्कूल की प्रार्थना के लिए नहीं लिखा गया था। इसे राजस्थान के बीकानेर में जन्मे मशहूर गीतकार भरत व्यास ने लिखा था। उनके शब्दों में इंसानियत, सत्य, करुणा और सही राह पर चलने का संदेश छिपा था। जब इस गीत को लता मंगेशकर और मन्ना डे की सुरीली आवाज मिली और संगीतकार वसंत देसाई ने इसे अपनी धुनों से सजाया, तो यह हमेशा के लिए अमर हो गया। धीरे-



धीरे यह गाना सिर्फ फिल्मी दुनिया तक सीमित नहीं रहा, बल्कि देशभर के स्कूलों की प्रार्थना सभा का अहम हिस्सा बन गया। आज भी हजारों स्कूलों में छात्र सुबह की शुरुआत 'ऐ मालिक तेरे बंदे हम...' गाकर करते हैं।

### कैसे बना करोड़ों भारतीयों की भावनाओं का हिस्सा

'दो आंखें बारह हाथ' हिंदी सिनेमा की सबसे यादगार फिल्मों में गिनी जाती है। फिल्म में वी. शांताराम ने मुख्य भूमिका निभाई थी, जबकि संध्या और वी. एन. व्यास जैसे कलाकार भी अहम किरदारों में नजर आए थे। फिल्म की कहानी और इसके संदेश को दर्शकों ने खूब पसंद किया, लेकिन इसकी सबसे बड़ी पहचान बना यही गीत। यह गाना लिखा तो फिल्म में दिखाए गए कैदियों को सही राह दिखाने के लिए था, लेकिन इसमें छिपे संदेश को इतना पसंद किया गया कि स्कूलों की प्रार्थना का हिस्सा बन गया। इस गाने की सादगी, गहरे अर्थ और प्रेरक संदेश ने इसे भारतीय संगीत इतिहास के सबसे यादगार गीतों में शामिल कर दिया।

## इस बार हर तरह के दर्शकों के लिए कुछ न कुछ खास मौजूद

# आज ओटीटी पर रिलीज हो रही ये नई फिल्में और वेब सीरीज

***नई दिल्ली।*** *अगर इस वीकएंड घर बैठे एंटरटेनमेंट का पूरा डोज लेने का प्लान बना रहे हैं तो 17 जुलाई आपके लिए बेहद खास होने वाली है। इस दिन नेटफ्लिक्स, जियोहॉटस्टार और जी5 जैसे ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर एक साथ कई नई फिल्में और वेब सीरीज दस्तक देने जा रही हैं। इनमें रोमांटिक कॉलेज ड्रामा, साउथ की हाई-वोल्टेज एक्शन फिल्में, दिल छू लेने वाली सच्ची कहानियां और रोंगटे खड़े कर देने वाले थ्रिलर शामिल है। यानी कि इस बार हर तरह के दर्शकों के लिए कुछ न कुछ खास मौजूद है।*



### हार्टस्टॉपर फॉरएवर

युवाओं की पसंदीदा रोमांटिक फ्रेंचाइजी का यह आखिरी चैप्टर है, जो नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। निक और चार्ली अब कॉलेज की नई जिंदगी की ओर बढ़ रहे हैं। दूरियां उनके रिश्ते की सबसे बड़ी परीक्षा बनती हैं, लेकिन प्यार और दोस्ती की खूबसूरत कहानी दर्शकों को भावुक कर देगी।

### 23,000 लाइव्स

सच्ची घटना पर आधारित यह जर्मन फिल्म उन लोगों की कहानी दिखाती है, जिन्होंने समुद्र में फंसे 23 हजार से ज्यादा शरणार्थियों की जान बचाने का साहसिक काम किया। इमोशनल और प्रेरक कहानी आपको अंत तक बांधे रखेगी. 23,000 लाइव्स भी नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

### मां इंति बंगाराम

साउथ स्टार समांथा की यह एक्शन फिल्म एक पूर्व शूटर की कहानी है, जिसे अपने परिवार की सुरक्षा के लिए फिर से हथियार उठाने पड़ते हैं। दमदार एक्शन और इमोशनल कहानी के दम पर यह फिल्म पहले ही बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई कर चुकी है और अब जियोहॉटस्टार के जरिए दोबारा अपना जलवा बिखरने की तैयारी कर रही है।

### ट्रांसफर त्रिमुर्तुलु

एक ईमानदार पुलिस कॉन्स्टेबल की जिंदगी तब बदल जाती है, जब वह एक बड़े राजनीतिक घोटाले की सच्चाई तक पहुंचने की कोशिश करता है। जी5 पर स्ट्रीम होने जा रही फिल्म में एक्शन, राजनीति और कोर्टरूम ड्रामा का जबरदस्त कॉम्बो देखने को मिलेगा।

### द मैप ऑफ लॉन्गिंग

फेमस किताब पर आधारित यह इमोशनल सीरीज ग्रेटा नाम की लड़की की कहानी है, जो अपनी बहन की मौत के बाद गहरे दुख से जूझ रही है। यह कहानी दर्द से उबरकर जिंदगी को दोबारा अपनाने की प्रेरणा देती है। इस वेब सीरीज को आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

### द डेविल

साउथ स्टार दर्शन थूगुदीपा की यह पॉलिटिकल थ्रिलर एक आम आदमी की कहानी है, जिसे एक नेता के लापता बेटे की जगह रहने के लिए मजबूर किया जाता है। इसके बाद शुरू होता है साजिशों और सत्ता के खेल का खतरनाक सफर। आप इसे जी5 पर देख सकेंगे।

### द ईस्ट पैलेस

कोरियन ड्रामा पसंद करने वालों के लिए यह सीरीज किसी ट्रीट से कम नहीं है। शाही परिवार पर मंडरा रहे रहस्यमयी श्राप को खत्म करने के लिए एक भूत शिकारी और एक ऐसी लड़की की मदद ली जाती है जो मृत लोगों की आवाज सुन सकती है। यह के-ड्रामा भी नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगा।

### डिजायर

मेक्सिकन सस्पेंस फिल्म डिजायर एक सफल महिला वकील की जिंदगी पर आधारित है, जिसकी दुनिया एक सीक्रेट अफेयर के बाद पूरी तरह बदल जाती है। धोखा, रहस्य और अचानक आने वाले ट्विस्ट से भरी यह कहानी थ्रिलर पसंद करने वालों के लिए शानदार ऑप्शन है। यह नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।



मेंढकी के बच्चे ने एक दिन आसमान में हवाई जहाज को उड़ते देखा। वह अपनी मां से हवाई जहाज में बैठने की जिद्द करने लगा। मेंढकी मां ने बहुत समझाया कि हवाई जहाज सिर्फ इंसानों के बैठने के लिए होता है, लेकिन बच्चे ने हवाई जहाज में बैठने की रट लगाए रखी। आखिर मेंढकी मां ने बच्चे की जिद्द पूरी की, बहुत ही मजेदार ढंग से।

# मेंढकी के बच्चे ने की हवाई जहाज की सैर!

गुजराती कहानी

पुष्पा अंताणी

एक मेंढकी थी। उसका एक बच्चा था। मेंढकी और उसका बच्चा एक तालाब के किनारे रहते थे। बरसात के दिन आ गए थे, इसलिए मेंढकी को बहुत काम करने पड़ते थे। बच्चा अपनी मम्मी के इर्द-गिर्द खेला करता था। बच्चा बड़ा शैतान था। सारा दिन यहां-वहां नाचता-कूदता रहता था। वह जिद्दी भी बहुत था। कोई भी बात उसके मन में बैठ जाती तो वह उस बात को मनवा कर ही छोड़ता था।

एक दिन बच्चा तालाब किनारे खेल रहा था। तभी उसने अजीब-सी आवाज सुनी। आवाज आकाश से आ रही थी। बच्चे ने ऊपर आकाश की ओर देखा, एक हवाई जहाज उड़ रहा था।

बच्चे ने अपनी मम्मी से पूछा, 'मां... मां... वह ऊपर क्या उड़ रहा है?'

मेंढकी मम्मी ने बताया, 'वह तो हवाई जहाज है।'

बच्चा बोला, 'मां, मुझे हवाई जहाज में बैठना है।'

मेंढकी मम्मी बोली, 'तुम पागल हो गए हो क्या? हवाई जहाज में तो इंसान बैठते हैं, हम नहीं बैठ सकते।'

बच्चे ने जिद्द पकड़ ली, 'हम क्यों नहीं बैठ सकते? मुझे तो हवाई जहाज में बैठना ही है।' यह कहते हुए वह जोर-जोर से रोने लगा। मां ने उसे बहुत समझाया, पर वह तो रोते ही जा रहा था। कुछ भी करो, शांत ही नहीं हो रहा था। मेंढकी सोचने लगी कि अब वह क्या करे?



तभी एक बकरी वहां से गुजरी। मेंढकी ने बकरी से कहा, 'बकरी बहन... बकरी बहन... मेरे बच्चे को हवाई जहाज में बैठना है।'

उसकी बात सुनकर बकरी जोर से हंस पड़ी, बोली, 'तुम्हारे बच्चे में अक्ल नहीं है, वह हवाई जहाज में थोड़े ही बैठ सकता है।'

इतना कहकर बकरी वहां से चली गई।



बच्चा रोते ही जा रहा था। मेंढकी ने दूर से एक गाय को आते हुए देखा। वह कूदती हुई गाय के पास गई और बोली, 'गाय मौसी... गाय मौसी... मेरे बच्चे को हवाई जहाज में बैठना है।'

गाय को पहले तो बात समझ में ही नहीं आई। बाद में जब समझ में आया कि मेंढकी क्या कह रही है, तो वह 'भां... भां...' करते हुए जोरों से हंस पड़ी।

गाय बोली, 'तू पागल, तेरा बच्चा भी पागल। तेरा बच्चा हवाई जहाज में कैसे बैठ सकता है?'

इतना कहकर गाय भी वहां से चली गई।

एक घोड़ा घास खा रहा था। मेंढकी ने घोड़े को भी यही बात बताई। यह सुनकर घोड़ा मेंढकी पर गुस्सा हो गया। वह बोला, 'दुबारा ऐसी फिजूल की बात मेरे सामने मत करना। तेरा बच्चा हवाई जहाज में नहीं बैठ सकता।'

तालाब किनारे एक पेड़ पर बंदर रहता था। मेंढकी ने बंदर से भी विनती की, 'बंदर भैया, मेरा बच्चा सुबह से रोए जा रहा है। उसे हवाई जहाज में बैठना है। आप मेरी मदद करो ना।'

मेंढकी मम्मी की बात सुनकर बंदर हंसते-हंसते पागल हो गया। वह इतना हंसा कि जवाब भी नहीं दे पाया।

मेंढकी मम्मी हताश हो गई। सोचने लगी कि अब वह क्या करे? बच्चा किसी भी तरह मान नहीं रहा था। वह अधिक जोर से रोने लगा था। मेंढकी मम्मी को चिंता हुई कि बच्चा इतना रोएगा तो कहीं कुछ बुरा न हो जाए। वह भी रोने लगी।

तभी उसे 'गूंन... गूंन... गूंन' जैसी आवाज सुनाई दी। यह आवाज सुनकर बच्चा भी शांत हो गया। मेंढकी ने देखा तो एक भंवरा उड़ता हुआ आ रहा था। मेंढकी ने उसे रोका,'भंवरा, भंवरा, मेरी बात सुन।'

भंवरा रुक गया, उसने पूछा, 'क्या बात है?'

'देख, मेरे बच्चे को हवाई जहाज में बैठना है। मैं उसे हवाई जहाज में कैसे बिठा सकती हूं? अगर तू मेरी मदद करे तो यह काम हो सकता है।' मेंढकी ने भंवरे से आग्रह किया।

भंवरा बोला, 'मैं तेरी क्या मदद कर सकता हूं?'

मेंढकी मम्मी ने कहा, 'भंवरे, तू ही उसका हवाई जहाज बन जा। अगर तू मेरे बच्चे को अपने ऊपर बिठा कर उड़ता हुआ थोड़ी दूर तक घुमा ले आएगा तो उसे लगेगा कि वह हवाई जहाज में बैठकर आया है।'

पहले तो भंवरे ने मेंढकी की बात हंसी में उड़ा दी, पर जब मेंढकी ने बहुत विनती की तब वह बोला, 'ठीक है, मैं तेरे बच्चे का हवाई जहाज बनकर घुमा लाऊंगा, पर उसके बदले में तुझे भी मेरा एक काम करना होगा।'


मेंढकी मम्मी बोली,'तू जो बोलेगा वह सब मैं करूंगी।'

भंवरे ने कहा, 'सुन, अब बारिश के दिन आ गए हैं। इस मौसम में मैं पूरा दिन 'गूंन गूंन गूंन' की आवाज करता हुआ उड़ता रहता हूं, पर जब रात होती है तो मुझे बहुत डर लगता है। चारों ओर इतना सन्नाटा होता है कि मुझे डर लगता है। इसलिए जब बारिश हो, तब तू पूरी रात जाग कर आवाज करते रहना। तेरी आवाज सुनकर मुझे डर नहीं लगेगा। बोल, अगर मेरी यह बात तुझे मंजूर है तो मैं तेरे बच्चे का हवाई जहाज बनने के लिए तैयार हूं।'

मेंढकी मम्मी हंसते हुए बोली, 'बस, इतनी सी बात! तेरी शर्त मुझे मंजूर है।'

भंवरे ने कहा, 'तब तो मैं भी तेरे बच्चे का हवाई जहाज बनने के लिए तैयार हूं।'

मेंढकी मम्मी ने अपने बच्चे को भंवरे की पीठ पर बिठा दिया और भंवरा हवाई जहाज की तरह हवा में उड़ने लगा। कभी दाएं तो कभी बाएं, कभी ऊपर तो कभी नीचे। भंवरा हवाई जहाज की तरह 'गूंन गूंन गून' आवाज भी कर रहा था। मेंढकी के बच्चे को बहुत मजा आ रहा था। भंवरे ने बहुत सारे चक्कर लगाने के बाद बच्चे को नीचे उतारा।



'मां... मां... मुझे हवाई जहाज में बहुत मजा आया।' ऐसा कहते हुए वह अपनी मां से लिपट गया।

'भंवरा अंकल, थैंक्यू!' बच्चे ने भंवरे से कहा।

भंवरे ने मेंढकी से कहा, 'हमारी बात याद है ना? अब तू भी मेरा काम करने के लिए तैयार हो जा।'

उसी दिन बहुत बारिश हुई। रात में मेंढकी बारिश में पूरी रात 'ड्रांव-ड्रांव' बोलती रही। आगे भी वह रात में बारिश होने पर 'ड्रांव-ड्रांव' करती ताकि भंवरा डरे नहीं। दोनों बहुत अच्छे दोस्त हो गए। मेंढकी का बच्चा अकसर भंवरे की पीठ पर बैठकर हवाई जहाज की सैर का मजा लेता। *

**अनुवादः सेतु अंताणी**



• सभी इमेज एआई

---

कविता / अखिलेश श्रीवास्तव चमन

## काले बादल

बन सैलानी,
ले कर पानी,
फिर आए हैं काले बादल।
रौब जमाते,
शोर मचाते
घिर आए हैं काले बादल।
हाथापाई,
चोर सिपाही
खेल कर रहे काले बादल।

हाथ मिला कर
गले लगा कर
मेल कर रहे काले बादल।
हवा ने डांटा,
मारा चांटा
लौटे रो कर काले बादल।
घर-आंगन को,
वन-उपवन को
गए भींगो कर काले बादल।



एआई इमेज

## हंसगुल्ले



**टिंकू (रिंकू से):** तुम्हारी बेतुकी बातों से मेरा दिमाग खराब हो गया है। मैं तुम्हारे घर आ रहा हूं।
**रिंकू:** अरे! तब तुम मेरे घर नहीं, मेरे मामा जी के घर जाओ।
**टिंकू:** क्यों?
**रिंकू:** क्योंकि वो दिमाग के डॉक्टर हैं।

**- संगीता, बिलासपुर**

**रोहन:** क्या जुबान के भी पैर होते हैं?
**सोहन:** नहीं।
**रोहन:** फिर मम्मी क्यों कहती हैं कि तेरी जुबान दिन भर चलती रहती है?

**- उमेश, जबलपुर**

**डॉक्टर:** मिक्की, इस दवाई को दिन में चार चम्मच लेना।
**मिक्की:** फिर तो मैं यह दवा नहीं पी पाऊंगी।
**डॉक्टर:** वो क्यों?
**मिक्की:** मेरे घर में तो सिर्फ दो चम्मच ही हैं।

**- कविता, दुर्ग**

## जीके क्विज-214

1. भारत के 98 वें शतरंज ग्रैंड मास्टर कौन बन गए हैं?
2. पृथ्वी अपने अक्ष पर कितने डिग्री झुकी हुई है?
3. किस देश की टीम ने महिला टी-20 क्रिकेट वर्ल्ड कप जीता?
4. देश के वर्तमान सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री कौन हैं?
5. जल का रासायनिक सूत्र क्या है?
6. गौतम बुद्ध का जन्म कहां हुआ था?
7. मानव शरीर की सबसे बड़ी अस्थि (बोन) का नाम क्या है?
8. भारत का राष्ट्रीय जलीय जीव क्या है?
9. हाल में ही किस युद्धपोत को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया?
10. 'सत्यमेव जयते' का आदर्श वाक्य किस उपनिषद से लिया गया है?



**बच्चो, जीके क्विज-214 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-213 का उत्तर :** 1 इंडोनेशिया, 2.आशुतोष दीक्षित, 3.हर्षवर्धन जीबी, 4.इंग्लैंड, 5.कलिंग युद्ध, 6.उपराष्ट्रपति, 7.हीमोग्लोबिन, 8.नाइट्रस ऑक्साइड, 9.करमचंद गांधी, 10.विटामिन-ए

**जीके क्विज-213 का सही उत्तर देने वाले :** दीक्षिता-बादली, सचिन-बिलासपुर, कोमल-गरियाबंद, तुषार-सारंगढ़ बिलाईगढ़, सूरज-रायगढ़, सपना-खैरागढ़, अजय-रायपुर, रोहन-बालोद, कबीर-हिसार, कुणाल-बलौदा बाजार, रिया-दुर्ग

---

एडवाइस

डॉ. मोनिका शर्मा

बच्चो, पढ़ाई में अच्छे होने के साथ तुम्हारा कम्युनिकेशन स्किल भी बेहतर होना चाहिए। सही ढंग से बोलना, किसी की बात को ध्यान से सुनना और प्रभावी हाव-भाव रखना, तुम्हें हर जगह कॉन्फिडेंस के साथ आगे बढ़ने में मदद करेगा। बच्चो, छोटी- छोटी बातें ध्यान में रखकर तुम अपना कम्युनिकेशन स्किल इंप्रेसिव बना सकते हो।

## बनो अच्छे कम्युनिकेटर जीतो सबका दिल





बच्चो, स्कूल खुल चुके हैं। नए सेशन की शुरुआत हो चुकी है। धीरे-धीरे तुम्हारी पढ़ाई भी रफ्तार पकड़ने लगेगी। अपने आपसे प्रॉमिस करो कि इस वर्ष पढ़ाई के साथ ही तुम्हें अपने कम्युनिकेशन को भी सुधारना है। क्लासरूम हो या घर, अच्छे से कम्युनिकेट करना सीखो। इसे अपनी आदत बनाओ। छोटी-छोटी बातों पर ध्यान देकर अपने कम्युनिकेशन को बेहतर बनाया जा सकता है। खुद को प्रभावी ढंग से एक्सप्रेस करने का अंदाज पढ़ाई, स्कूल के प्रोजेक्ट प्रेजेंटेशन और पर्सनल इंप्रूवमेंट तक हर क्षेत्र में काम आता है।

**समझो प्रभावी कम्युनिकेशनः** टीचर, रिलेटिव्स या तुम्हारे फ्रेंड्स के भैया-दीदी या दूसरे कुछ लोगों से बातचीत करना अच्छा लगता है ना! उनका बातचीत का अंदाज इतना इंप्रेसिव होता है कि तुम मन से उनकी बातें सुनते हो। उनकी कही बातों को अच्छे से समझ पाते हो। असल में किसी इंसान द्वारा अपने विचारों और जानकारियों को स्पष्टता और सही ढंग से समझा पाना ही प्रभावी कम्युनिकेशन का सबसे अहम पहलू है। अच्छे से कम्युनिकेट करना केवल बोलना नहीं होता। यह सही ढंग से बातचीत करने का सधा हुआ तरीका होता है।

**प्रभावी कम्युनिकेशन के फायदेः** अगर तुम अच्छे से संवाद करोगे, सही ढंग से अपनी बात रखोगे, तो यह स्कूल के कार्यक्रम में भागीदारी से लेकर सहज जीवन में भी तुम्हें काम आएगा। कम्युनिकेशन स्किल अच्छी होगी तो तुम मम्मी-पापा को अपनी उलझन, कुछ नया सीखने की योजना या अपने एक्सपेक्टेशंस भी अच्छे से बता पाओगे। ऐसे में पैरेंट्स के लिए भी तुम्हारे दिल की बात समझना आसान होगा। साथ ही तुम्हारे दिमाग की किसी उलझन को भी घर के बड़े बिना किसी गलतफहमी के सही ढंग से जान पाएंगे।

**कम्युनिकेशन में हाव-भाव की भूमिकाः** अच्छे कम्युनिकेशन के लिए जरूरी है कि अपने हाव-भाव को समझो। कई बार हमारे शब्द और बॉडी लैंग्वेज अलग-अलग होते हैं। इस स्थिति में कही गई बात सही तरीके और सही मीनिंग के साथ सामने वाले इंसान तक नहीं पहुंचती। कई बार कम्युनिकेशन की प्रक्रिया में 50 प्रतिशत से अधिक तो बॉडी लैंग्वेज की ही भूमिका होती है। बातचीत के दौरान अगर आइ-कॉन्टेक्ट, बॉडी पोश्चर और आवाज का टोन शब्दों से मेल नहीं खाता तो सुनने वाले को प्रभावित नहीं किया जा सकता। तुम्हारे ही हाव-भाव कंफ्यूजिंग होंगे तो सामने बैठे लोगों तक पहुंचते-पहुंचते शब्दों का अर्थ ही अलग हो जाएगा। सोचो, कोई व्यक्ति हैप्पी रहने की बात समझाते हुए सीरियस रहे तो कितना अजीब लगेगा ना। बच्चो, सही ढंग से और प्रभावी हाव-भाव के साथ बात करने वाले सबका दिल जीतते हैं।

**माइंडफुल लिसनिंग है जरूरीः** प्रभावी कम्युनिकेशन का मतलब अपनी बात कहना भर नहीं होता। जैसे अपने बड़ों से बात करते हुए ही नहीं, छोटे भाई-बहनों, फ्रेंड्स या क्लासमेट्स से बातचीत करते हुए भी सही रेस्पॉन्स देना जरूरी है। सामने वाले की बात को बीच में काटे बिना हाव-भाव से यह बताना आवश्यक है कि तुम उनकी बात समझ रहे हो। इसके लिए माइंडफुल लिसनिंग सबसे ज्यादा जरूरी है। साथ ही सामने वाले की बात सुनने के बाद थोड़ा सोचकर बोलने के लिए भी पहले उसे सही ढंग से सुना जाना जरूरी है। क्लास में टीचर्स के सवालों का जवाब देना हो या किसी कार्यक्रम में भागीदारी करना। हर समय पहले कही जा रही बात, प्रश्न या सलाह को ठीक से सुनने की आदत बनाओ। अच्छे से सुनना अपने कम्युनिकेशन को बेहतर बनाने का बेहद जरूरी पहलू है। इस पर हमें जरूर ध्यान देना चाहिए। *

### ऐसे सुधारो अपने हाव-भाव

**तुम खुद** को बोलते हुए मिरर में देखकर और दूसरे लोगों को बोलते हुए ध्यान से देख-सुनकर सही हाव-भाव सीखने की कोशिश कर सकते हो। इसके लिए मम्मी-पापा से अपना वीडियो बनवाकर भी प्रैक्टिस कर सकते हो। इस मामले में बड़ों का फीडबैक बहुत हेल्प करता है। उनकी सलाह लेकर तुम भी अपनी कमियां सुधार सकते हो। बच्चो, किसी खास अवसर पर ही नहीं, आम जीवन में भी सही एक्सप्रेशन के साथ किया गया संवाद बहुत प्रभावी होता है।

---

तुम्हारे लिए नई किताब / सुरेंद्र विक्रम

## जानो पिनकोड की कहानी

बच्चो, तुमने देखा होगा कि पत्र में जहां पर पता लिखा होता है, उसके अंत में छह अंकों की एक संख्या लिखी होती है, इसे पिनकोड कहते हैं- पोस्टल इंडेक्स नंबर। यह अलग-अलग छह अंकों का नंबर, डाक विभाग की पहचान से जुड़ा होता है। डॉ. विमला भंडारी लिखित किताब 'छह अंकों का जादू' (पिनकोड की कहानी) में पिन कोड के बारे में बहुत ही रोचक ढंग से एक कहानी के रूप में जानकारी दी गई है।



सुनीता के हाथ में एक कागज का टुकड़ा देखकर उसकी दोस्त वनिता पूछती है कि यह चिट्ठी बिना रास्ता पूछे घर कैसे पहुंच गई? यह जानने के लिए दोनों दोस्त डाकघर जाती हैं, जहां उन्हें पिनकोड के बारे में जानकारी मिलती है। घर पहुंचकर सुनीता अपने पिताजी से जब पिनकोड के बारे में पूछती है तो वह और विस्तार से बहुत सरल तरीके से बताते हैं कि पिनकोड का पहला, दूसरा, तीसरा और आखिरी के तीन अंकों की सहायता से कैसे अमुक व्यक्ति तक उसका पत्र पहुंच जाता है। इस तरह पत्र के पते में पिनकोड लिखा होने से चिट्ठियां गुम नहीं होतीं। अब तो ऑनलाइन ऑर्डर में भी पिनकोड लिखना जरूरी होता है। किताब में यह भी जानकारी दी गई है कि पिनकोड की खोज श्रीराम भिक्षु चक्रवर्ती ने की थी। पुस्तक में पिनकोड पर लिखी ये पंक्तियां भी मजेदार हैं- 'छह अंकों का पिन है प्यारों/रास्ता दिखलाए सही-सही।/डाक-संदेश पहुंचा दे यारों/चिट्ठी-पार्सल को गली-गली।' *

**किताब** : छह अंकों का जादू (पिनकोड की कहानी), **लेखिकाः** डॉ. विमला भंडारी, **मूल्यः** 135 रुपए, **प्रकाशकः** द बिट्स, जयपुर (राजस्थान)

---

## रंग भरो-206

**रंग भरो-206** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





**अगमजोत, कोंडागांव**



आशुतोष, उमरिया



ईशानी, बिलासपुर



दिव्या, बिलासपुर



प्रत्यूष, कोरबा



याचना, गरियाबंद

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

कृष्ण-रायपुर, आशना-जांजगीर, कविता-रायपुर, हर्ष-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, संपत-जांजगीर, सरल-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, रोहित-करनाल, विकास-बिलासपुर, रचना-कोरबा

## रंग भरो 207



बच्चो, यहां दिए गए क्यूट-से ब्लैक एंड व्हाइट चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।